भोपाल
गुरुवार, 27 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष–13
वर्ष : 11, अंक : 360
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 38
न्यून. 22

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

ईपीएफओ के सदस्यों के लिए अच्छी खबर

## यूपीआई और एटीएम से हो सकेगी पीएफ की निकासी




**मई के अंत से शुरू होगी सुविधा कर्मचारी तत्काल 1 लाख रुपए तक निकाल सकेंगे**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मई के अंत या जून 2025 की शुरुआत तक एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इस नए बदलाव के साथ ईपीएफओ के सदस्य यूपीआई और एटीएम के जरिए तत्काल अपना भविष्य निधि (पीएफ) निकाल सकेंगे। इससे कर्मचारियों को अब अपनी पीएफ बचत तक पहुंचने के लिए लंबी और समय लेने वाली प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा। इस पहल को श्रम और रोजगार मंत्रालय के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है और इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से मंजूरी मिल गई है। इस ⏩ शेष पेज 6 पर

### देशभर में यूपीआई सेवा हुई ठप

इधर, बुधवार को पूरे देश में यूपीआई सेवाएं कुछ समय के लिए बंद रहीं। इससे बहुत से यूजर्स को परेशानी हुई। डाउन डिटेक्टर के अनुसार शाम 7:50 बजे तक यूपीआई में खराबी की 2,750 शिकायतें दर्ज की गईं। गूगल पे के 296 यूजर्स ने भी शिकायत की। पेटीएम ऐप को लेकर 119 और एसबीआई ⏩ शेष पेज 6 पर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोहराया संकल्प, कहा

# सहकारिता आंदोलन को 4 वर्ष में नए मुकाम पर पहुंचाएंगे, गुजरात की तर्ज पर देंगे दूध पर बोनस



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 अंतर्गत हुआ राज्य स्तरीय सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र सहकारिता के क्षेत्र में निश्चित ही नए दौर की नई कहानी लिखेगा। गुजरात में दूध पर बोनस की जिस तरह व्यवस्था है, मप्र भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही मप्र में मत्स्य पालन के लिए काफी बड़ा क्षेत्र है। हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उद्योग क्षेत्र के साथ सहकारिता ने कार्य करने की पहल की है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को गति ⏩ शेष पेज 6 पर

◆ दूध पर बोनस देने के साथ ही अन्य क्षेत्रों की सहकारी संस्थाओं के सदस्यों को करेंगे लाभान्वित




**90 दिन में होने वाला पंजीयन अब 30 दिन में**

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सहकारिता के मूल भाव के अनुरूप सहकारी समितियों की कल्पना की। इसे साकार करने के लिए सहकारिता का दायित्व केंद्रीय मंत्री शाह को दिया गया। केंद्र सरकार ने सहकारिता में सभी के कल्याण का ध्यान रखा है। मप्र में भी इसी तर्ज पर कार्य हो रहा है। सहकारिता अधिनियम* ⏩ शेष पेज 6 पर

**भारत में प्रचलित व्यवस्थाओं से सीखते हैं अन्य देश**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में सहकारिता का इतिहास पुराना है। भारत में वर्षों पूर्व अश्वमेघ यज्ञ की परंपरा रही थी। लेकिन भारत ने किसी राष्ट्र पर कब्जा नहीं किया। छोटे-छोटे राज्यों की स्वायत्तता को खत्म नहीं होने दिया बल्कि उन्हें साथ लेकर कार्य किया और उनके स्वावलंबन को भी जीवंत रखा। सच्चे अर्थों में संयुक्त राष्ट्र संघ की भावना का पालन करने वाला कोई राष्ट्र है तो वह भारत है। जब यह कहा जाता है सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः ....तो इसका* ⏩ शेष पेज 6 पर




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
हैदराबाद लखनऊ
शाम 7.30 बजे से

राणा सांगा पर दिए गए बयान को लेकर करणी सेना का बवाल

# सपा सांसद के घर करणी सेना का हमला, जमकर तोड़फोड़, पथराव में कई पुलिसकर्मी भी घायल



*पुलिस के साथ भी झड़प के बाद अतिरिक्त पुलिसबल मौके पर पहुंची, पुलिस ने बल प्रयोग कर बवालियों को खदेड़ा। दिल्ली हाईवे पर भी करणी सेना ने जाम लगाया, पुलिस ने बमुश्किल स्थिति पर काबू पाया।*

एजेंसी ⏭ आगरा

राणा सांगा पर विवादित बयान को लेकर सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर बुधवार को करणी सेना ने बवाल मचा दिया। इस दौरान पुलिस के साथ भी झड़प हुई। लाठियां भांजी गईं, तो भगदड़ मच गई। इस दौरान पथराव हो गया। अचानक हुए पथराव से पुलिस के पसीने छूट गए। पथराव में इंस्पेक्टर के साथ कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है। सूचना मिलते ही अतरिक्त पुलिसबल मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने बल प्रयोग कर बवालियों को खदेड़ा।

राणा सांगा पर विवादित बयान देने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना घेराव करने पहुंची थी। यहां पर पहले ही पुलिस तैनात थी। करणी सेना के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए आवास के मुख्य द्वार से प्रवेश करने ⏩ शेष पेज 6 पर

सपा सांसद बोले मेरे इस वक्तव्य से कुछ लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, जबकि मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था। मुझे इसका खेद है





## दिल्ली हाईवे कर दिया जाम

राणा सांगा पर सपा के राज्यसभा सांसद द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर आगरा में हंगामा मचा रहा। एक तरफ सांसद के आवास पर हमला बोल दिया गया, तो वहीं दूसरी ओर दिल्ली हाईवे पर करणी सेना ने जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस के साथ यहां जमकर धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने बमुश्किल स्थिति पर काबू पाया।

हमले के बाद सपा सांसद की सफाई

### कहा- मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था

बवाल के बाद पूरे प्रकरण में अब सपा सांसद की ओर से पत्र जारी कर सफाई दी गई है। सपा सांसद सुमन का कहना है कि मुझे दुख है कि मेरे इस वक्तव्य से कुछ लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, जबकि मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था। मुझे इसका खेद है। मैं सभी जाति, वर्गों एवं संप्रदायों का सम्मान करता हूं। उन्होंने लिखा है कि राजपूत समाज के गौरव की अनेक गाथाएं हैं। सामाजिक संरचना में उनका योगदान उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि उनका राजनीतिक जीवन समाजवादी विचारधारा के मूल्यों के प्रति समर्पित रहा है।

**यह है पूरा मामला**

*रामजीलाल सुमन ने संसद में कहा था कि अगर मुसलमानों को बाबर का वंशज कहा जाता है, तो हिंदू गद्दार राणा सांगा के वंशज होने चाहिए। हम बाबर की आलोचना करते हैं। लेकिन, हम राणा सांगा की आलोचना क्यों नहीं करते? रामजीलाल के बयान पर जमकर हंगामा हुआ। सांसद सुमन ने कहा कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आखिर, बाबर को लाया कौन। इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। सुमन शुक्रवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा पर बोल रहे थे। हंगामे के बाद सुमन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सूर्यवंशी राजपूतों के सिसोदिया वंश के राणा सांगा 1508 से 1528 तक मेवाड़ के शासक थे। हर कोई इतिहास के पन्नों को पलट रहा है। भाजपा नेताओं से पूछिए कि वे कौन से पन्ने पलट रहे हैं। वे किस बारे में बहस कर रहे हैं? वे औरंगजेब के बारे में बात करना चाहते हैं।*

महादेव बैटिंग एप मामले में सीबीआई का बड़ा एक्शन



# दिल्ली से लेकर मप्र-छग में 60 ठिकानों पर रेड

**छग के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के यहां सुबह सुबह पहुंची सीबीआई**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को महादेव बैटिंग एप से जुड़े एक मामले में छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में 60 स्थानों पर छापेमारी की। इस मामले में जांच के दौरान महत्वपूर्ण डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य बरामद हुए हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। उन व्यक्तियों के ठिकानों पर ⏩ शेष पेज 6 पर

### भोपाल और दतिया में भी हुई छापेमारी

*महादेव एप केस में सीबीआई ने मप्र की राजधानी भोपाल और दतिया में भी अलग-अलग ठिकानों पर छापा मार कार्रवाई की है। भोपाल में बैक एंड शेक के मालिक गिरीश तलरेजा उर्फ दुबई के ठिकानों पर भी सीबीआई ने सर्चिंग की है। उनके आईएसबीटी स्थित होटल पर भी सर्च कार्रवाई की गई है। सीबीआई ने देश के कई बड़े राजनीतिज्ञों, वरिष्ठ नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों, महादेव सट्टा एप के प्रमुख कार्यकर्ताओं और मामले में शामिल होने के संदेह में अन्य निजी व्यक्तियों से संबंधित परिसर में सर्चिंग की है।*

**प्रमोटर को दुबई से किया था गिरफ्तार**

महादेव एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को नवंबर 2024 में दुबई से गिरफ्तार किया गया था, जब इंटरपोल ने उनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। यह नोटिस ईडी के अनुरोध पर जारी किया गया था। यह मामला पहले ईओडब्ल्यू रायपुर द्वारा दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में छत्तीसगढ़ सरकार ने मामले की गहन जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया।

## खबर संक्षेप

### पैसा निकालना होगा महंगा, मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** अब एटीएम से पैसे निकालना महंगा होने वाला है। 1 मई से नियमों के तहत चार्ज देना होगा। यह बढ़ोतरी भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के प्रस्ताव के आधार पर आरबीआई द्वारा अनुमोदित किया गया है। होम बैंक के एटीएम के बजाय दूसरे बैंक एटीएम से पैसे निकालने पर हर ट्रांजैक्शन पर 17 से बढ़कर 19 रुपए हो जाएगा।



### टैक्स चोरी: सैमसंग पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सैमसंग और उसके अधिकारियों पर 601 मिलियन (लगभग 5,154 करोड़) का बैक टैक्स और जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई टेलीकॉम उपकरणों के आयात पर शुल्क बचाने की कथित हेराफेरी के कारण की गई है। यह मामला हाल के वर्षों में किसी भी कंपनी पर लगाए गए सबसे बड़े कर मांगों में से एक माना जा रहा है।




एसडीएम ने जब्त किया 4 करोड़ का गेहूं, 55 ट्रक पकड़े

## कार्रवाई से भड़के व्यापारी और किसान, मंडी गेट पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर की कृषि उपज गल्ला मंडी ढोंगा पर सुबह लगभग 9 बजे एसडीएम लोकेंद्र सरल, तहसीलदार कुलदीप सिंह, खाद्य अधिकारी ललित मेहरा ने पुलिस के साथ पहुंचकर छापा मारा और मंडी में अमित ट्रेडर्स के 55 ट्रक सहित 15 हजार क्विंटल माल को जब्त कर लिया।

इस कार्रवाई से व्यापारी और किसान जमकर भड़क गए और उन्होंने मंडी गेट पर ताला जड़कर प्रदर्शन शुरु कर दिया। खाद्य विभाग व प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में मंडी व्यापारी संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा करते हुए अपना काम बंद कर दिया। इससे पहले ढोंगा कृषि उपज मंडी ⏩ शेष पेज 6 पर



देवास के टोंकखुर्द थाना क्षेत्र का मामला

## सहकारी सोसायटी कर्मचारी से दिनदहाड़े 32 लाख की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बुधवार को जिले के टोंकखुर्द थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की घटना हो गई। पीपलरावां क्षेत्र के जमोनिया की सहकारी सोसायटी से रुपए लेकर टोंकखुर्द सहकारी बैंक में रुपए जमा करवाने जा रहे कर्मचारी के साथ घटना हुई।

कर्मचारी को जमोनिया से बरदू गांव के रास्ते पर एक बाइक पर आए दो बदमाश धमकाकर रुपए से भरा बैग छीनकर भाग निकले।



जानकारी अनुसार सोसायटी का सहायक सचिव मुकेश पटेल किसानों से हो रही ऋण वसूली की करीब 32 लाख रुपए की नकदी एक बैग में लेकर मोटरसाइकिल से टोंकखुर्द जा ⏩ शेष पेज 6 पर

जस्टिस वर्मा के घर मिले अधजले नोटों का मामला

## जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंची दिल्ली पुलिस ने स्टोर रूम और आसपास की जगह को किया सील

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंचकर उनके स्टोर रूम और आसपास की जगह सील कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि डीसीपी नई दिल्ली देवेश कुमार महला अपनी टीम के साथ घटना वाली जगह पर पहुंचे। आग लगने वाली जगह को जांच कमेटी के कहने पर सील किया है। दिल्ली पुलिस ने पूरे स्टोर रूम और आसपास की जगह का दौरा किया। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी ⏩ शेष पेज 6 पर





**क्या है मामला?**

*कथित नकदी की बरामदगी 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास में आग लगने के बाद हुई। मौके पर अग्निशमन अधिकारी पहुंचे थे। विवाद के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति वर्मा को उनके पैतृक इलाहाबाद उच्च न्यायालय वापस भेजने की सिफारिश की। 22 मार्च को सीजेआई ने आरोपों की आंतरिक जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया और घटना में दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य* ⏩ शेष पेज 6 पर

ईडी की जांच में हुआ बड़ा खुलासा

## कार से मिला 52 किलो गोल्ड 10 करोड़ कैश सौरभ का ही

परिजनों की प्रॉपर्टी भी होगी सीज, 100 करोड़ 36 लाख रुपए की प्रॉपर्टी कुर्क की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दावा किया है कि विगत 19 दिसंबर को आयकर विभाग और पुलिस को संयुक्त रूप से छापेमारी के दौरान एक इनोवा कार से मिला 52 किलो गोल्ड और 10 करोड़ कैश भी परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का ही है। यह गोल्ड और कैश फिलहाल इनकम टैक्स की कस्टडी में है। फिलहाल ईडी ने ये साफ नहीं किया है कि इस कैश और नकदी को कुर्क किया गया गया है या नहीं। हालांकि लोकायुक्त, आयकर और ईडी सभी को पूछताछ के दौरान सौरभ इस सोने और कैश को अपना मानने से इंकार करता रहा है। गौरतलब है कि जिस कार से सोना मिला था वह सौरभ के पार्टनर चेतन सिंह गौर के नाम पर रजिस्टर है और इसे मेंडोरी इलाके में पकड़े जाने से पहले इसमें सौरभ के जीजा विनय हासवानी को बैठा हुआ देखा गया था।





ईडी ने बताया कि सौरभ उसके सहयोगियों के नाम पर स्थित लगभग 100 करोड़ 36 लाख रुपए की प्रॉपर्टी कुर्क की है। ईडी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सौरभ के साथ-साथ उसके पार्टनर शरद जायसवाल, ⏩ शेष पेज 6 पर

प्राइवेट अंगों को छूना रेप नहीं... इलाहाबाद हाई कोर्ट की टिप्पणी पर 'भड़का' सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने 11 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म मामले पर संज्ञान लेकर की सुनवाई

## देखकर दुख हो रहा है कि फैसला लिखने वालों में संवेदनशीलता नहीं, आदेश पर लगाई रोक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुष्कर्म मामले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की तरफ से दिए गए आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। जजों ने फैसले को असंवेदनशील और अमानवीय बताया। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इससे पहले कहा था 'नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट पकड़ना और उसके पायजामे के नाड़े को तोड़ना रेप नहीं।' अब इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई ⏩ शेष पेज 6 पर

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से प्रतिक्रिया मांगी है, कोर्ट ने उन्हें इसके लिए नोटिस जारी किया है





**क्या है सुप्रीम कोर्ट का फैसला?**

- सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कुछ फैसले ऐसे होते हैं कि उन पर रोक लगाना जरूरी हो जाता है।
- इस फैसले के पैराग्राफ 21, 24 और 26 में जिस तरह की बातें लिखी हैं, उनसे लोगों में बहुत गलत मैसेज गया है।
- हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को भी यह देखना चाहिए कि इस जज को संवेदनशील मामलों की सुनवाई करने न दिया जाए।
- जजों ने कहा कि यह फैसला तुरंत नहीं लिया गया, बल्कि सुरक्षित रखने के 4 महीने बाद सुनाया गया। यानी पूरे विचार के बाद फैसला दिया गया है।
- फैसले में कही गई कई बातें कानून की दृष्टि से गलत और अमानवीय लगती हैं। ऐसे में हम इस फैसले पर रोक लगा रहे हैं और सभी पक्षों को नोटिस जारी कर रहे हैं।

**नाबालिग बच्ची से जुड़ा है मामला**

17 मार्च को आए इस फैसले में हाई कोर्ट ने कहा था कि पीड़िता को खींच कर पुलिया के नीचे ले जाना, उसके ब्रेस्ट को पकड़ना और पायजामे के डोरी को तोड़ना रेप की कोशिश नहीं कहलाएगा। 11 साल की लड़की के साथ हुई इस घटना के बारे में हाई कोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा का निष्कर्ष था कि यह महिला की गरिमा पर आघात का मामला है। इसे रेप या रेप की कोशिश नहीं कह सकते।

## कलेक्टोरेट में आज बुलाई जिला मूल्यांकन समिति की बैठक

# राजधानी में प्रॉपर्टी के 1283 लोकेशन पर बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मिलेगी हरी झंडी, 490 रजिस्ट्री हुईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आम लोगों के विरोध के बाद भी पंजीयन विभाग शहर भर में जमीनों के रेट बढ़ाने पर अड़ा हुआ है। इसके लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 1283 लोकेशन पर पांच से तीन सौ फीसदी तक दाम बढ़ाए जा रहे हैं। जिसको लेकर क्रेडाई सहित आम लोगों ने 50 से अधिक दावे-आपत्ति पेश किए हैं। गुरुवार को पंजीयन विभाग ने एक बार फिर जिला मूल्यांकन समिति की बैठक रखी है, जिसमें दावे-आपत्तियों पर चर्चा की जाएगी। इधर, बुधवार को भी परी बाजार, आईएसबीटी और बैरसिया स्थित पंजीयन दफ्तर में देर शाम तक 490 ई-रजिस्ट्री दर्ज की गई।

### शहर सहित गांवों में भी प्लॉट, मकान और जमीन खरीदना महंगा होगा



दस साल में पहली बार पंजीयन विभाग ने शहर सहित पूरे जिले में इतनी बड़ी बढ़ोतरी की है, जिससे शहर सहित गांवों में भी प्लॉट, मकान और जमीन खरीदना महंगा हो जाएगा। इस बार सबसे ज्यादा बढ़ोतरी ग्रामीण क्षेत्र में की गई है। दरअसल वर्तमान में सबसे ज्यादा खरीद-फरोख्त ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही है, जिससे एक अप्रैल से शहर भर में रजिस्ट्री कराना महंगा हो जाएगा।

### पंजीयन दफ्तरों में लगी रही भीड़

शहर भर में एक अप्रैल से प्रॉपर्टी के दाम बढ़ने की वजह से पंजीयन दफ्तरों में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ बढ़ गई है। खरीदार वर्तमान रेट में रजिस्ट्री कराने के लिए स्लॉट बुक करा रहे हैं। जिससे रोजाना तीन सौ से चार सौ तक रजिस्ट्री दर्ज की जा रही हैं। बुधवार को जिले में 490 रजिस्ट्री दर्ज की गई।

### मुख्य सचिव से मिलेंगे क्रेडाई सदस्य

जिले में पहली बार इतनी बड़ी बढ़ोतरी के खिलाफ बिल्डर्स की संस्था क्रेडाई के सदस्य मुख्य सचिव अनुराग जैन से मिलेंगे। सदस्यों ने सीएस से मिलने का समय मांगा है। सदस्य सीएस को प्रॉपर्टी के प्रस्तावित दामों से होने वाले प्रभाव के बारे में बताएंगे। क्रेडाई अध्यक्ष मनोज मीक का कहना है कि बड़े पैमाने पर प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी से प्रॉपर्टी के बाजार में मंदी आएगी।

जीएमसी में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

## छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम मददगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी तीन वर्ष पीजी छात्र-छात्राओं के लिए लिए महत्वपूर्ण हैं और यह उनके आने वाले भविष्य को बनाने में ओरिएंटेशन प्रोग्राम मददगार साबित होंगे। यह बात गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) की डीन डॉ कविता एन सिंह ने दो दिवसीय पीजी ओरिएंटेशन प्रोग्राम के समापन अवसर पर कही। डॉ. कविता सिंह ने कहा कि इस प्रोग्राम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को संस्था की अन्य गतिविधियों, अनुशासन की महत्ता एवं इसमें उनके सक्रिय योगदान से अवगत कराना है।

■ प्रोग्राम में 250 से अधिक प्रथम वर्ष पीजी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

जीएमसी में आयोजित दो दिवसीय पीजी ओरिएंटेशन प्रोग्राम में वर्ष 2024-25 के प्रथम वर्ष पीजी छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में 250 से अधिक प्रथम वर्ष पीजी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रोग्राम के पहले दिन विभिन्न संकाय सदस्यों ने संस्थान की संरचना एवं विभागों की जानकारी, संस्था की मरीजों एवं शिक्षण की उपलब्ध सभी सुविधाएं, अस्पताल की आपातकालीन प्रबंधन व्यवस्थाएं एवं इसमें पीजी छात्र-छात्राओं की सहभागिता एवं चिकित्सा क्षेत्र में मेडिकोलीगल केसेस जैसे विभिन्न आवश्यक विषयों पर व्याख्यान दिए। प्रोग्राम में छात्र-छात्राओं को कम्युनिकेशन स्किल, प्रोफेशनल क्षेत्र और खुद को कैसे आज के टाइम में अपडेट रखते हुए आगे बढ़ने जैसे विषयों पर चर्चा एवं संबोधित करने के लिए अनेक अवॉर्ड्स से सम्मानित प्रतिभा मिस अपेक्षा डाबरल को भी आमंत्रित किया गया।

## खबर संक्षेप

### 31 को प्रारंभ होगा मीनेश जन्मोत्सव पखवाड़ा

**भोपाल।** मप्र मीना समाज सेवा संगठन के तत्वावधान में इस बार 31 मार्च को मीना समाज के आराध्य भगवान मीनेश का जन्मोत्सव पखवाड़ा प्रारंभ होगा। यह जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश संगठन महामंत्री संतोष मीना एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष लीलेंद्र सिंह मारण ने बताया कि इस अवसर पर सर्वप्रथम संगठन के हमीदिया रोड बाल विहार मीना भवन स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रातः 9.30 बजे भगवान मीनेश का अभिषेक, पूजा एवं आरती होगी। प्रसादी वितरण के उपरांत यहीं से मीनेश जन्मोत्सव पखवाड़े का शुभारंभ होगा। पखवाड़े के दौरान 15 अप्रैल तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में भगवान मीनेश जन्मोत्सव समारोह आयोजित किए जाएंगे।

### अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे बिजली बिल भुगतान केंद्र

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र में 29 मार्च शनिवार, 30 मार्च रविवार व 31 मार्च ईद-उल-फितर को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मंडीदीप में बिल भुगतान केंद्र उक्त अवकाश के दिनों में भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। उपभोक्ता राजधानी के जोनल ऑफिस में पीओएस मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं।

### 'बरोह' का विमोचन एवं परिचर्चा का आज किया जाएगा आयोजन

**भोपाल।** शिवाजी नगर स्थित विश्व संवाद केन्द्र के मामाजी माणिकचंद्र वाजपेयी सभागार में 27 मार्च की शाम 6:30 बजे पुस्तक 'बरोह' का विमोचन एवं परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। पुणे के प्रसिद्ध विचारक एवं लेखक प्रा.प्र.ग. सहस्त्रबुद्धे की बहुचर्चित मराठी पुस्तक पारंब्या का हिन्दी अनुवाद बरोह है। पुस्तक का अनुवाद भोपाल के प्रसिद्ध अनुवादक एवं लेखक गिरीश जोशी ने किया है। पुस्तक में जीवन की चुनौतियों का सहज समाधान देने के लिए सरल एवं रुचिकर प्रसंगों पर लेखन किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे।

### वरिष्ठ पत्रकार अरुण पटेल की सास का निधन

**भोपाल।** वरिष्ठ पत्रकार अरुण पटेल की सास एवं स्व. ओकार सिंह रघुवंशी की पत्नी गीता रघुवंशी का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे 93 वर्ष की थीं। रघुवंशी का अंतिम संस्कार भदभदा



विश्राम घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र अजित रघुवंशी ने दी। इस अवसर पर विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, कांग्रेस पार्षद गुड्डू चौहान, राकांपा (अजित) के राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रजमोहन श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार उमेश त्रिवेदी, विजयदत्त श्रीधर, एनके सिंह, सतीश सक्सेना, गिरीश उपाध्याय, राकेश अग्निहोत्री आदि ने श्रद्धांजलि दी।

## राजधानी में जगह-जगह बह रही भक्ति की बयार, उमड़ रहे श्रद्धालु

# भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग, सजीव झांकी ने मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के करोंद स्थित शिव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीला और महारास के वर्णन से सुमधुरित कथा श्रवण से सभी भक्त भावविभोर हो उठे।

इस अवसर पर भागवत कथा आचार्य पंडित ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि श्रीकृष्ण लीलामृत के महारास में जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। जीव और परमात्मा तत्व ब्रह्म के मिलन को ही महारास कहते है। जब जीव में अभिमान आता है तब भगवान से वह दूर हो जाता है, लेकिन जब कोई भगवान के अनुराग के विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है, उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह के प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ, लेकिन रुक्मिणी को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकतीं। इस अवसर पर श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की सजीव झांकी देख श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इससे पूर्व व्यास पीठ का पूजन कथा यजमान मनीष कुमार सोनी, राजेश कुमार सोनी आदि ने किया।

### राजधानी के करोंद स्थित शिव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा, महारास का किया वर्णन



श्रीमद्भागवत कथा का छठवां दिन

### जब महारासलीला में शामिल होने शिवजी बन गए थे सखी



*शिव मंदिर राजीव नगर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को कथा व्यास नीरज नयन महाराज ने श्रीकृष्ण और रक्मिणी विवाह की ज्ञानमयी अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया। कथा वाचक नीरज नयन महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। जब श्रीकृष्ण ने शिवजी को यह कहकर लौटा दिया कि महारास में सिर्फ गोपियां ही शामिल हो सकती हैं, तब भोलेनाथ ने सखी का रूप धारण कर महारास में शामिल हो गए। बाद में शिवजी गोपेश्वर कहलाए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे तब समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ीं हो गईं। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया? गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रक्मिणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और रक्मिणी विवाह का आंनद लिया। नीरज महाराज ने गुप्तदान, एकादशी व्रत की महत्ता भी बताई। गुरुवार को श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन पूर्ण होने पर हवन पूजन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भागवत कथा में गणेश पार्क दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील नारायणी, विकास मिश्रा, मनोहर रघुवंशी, पंडित दीक्षित, राजू कनेरे, विजय कावड़कर,आशीष रघुवंशी, आदि उपस्थित रहे।*

## मां शीतला मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा सात अप्रैल से

*मां शीतला माता मंदिर करोंद में सात अप्रैल से शुरू होने वाली संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियों को लेकर समिति के पदाधिरियों की बैठक शुक्रवार 28 मार्च को आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सदस्य मायाराम अटल और श्रीमद् भागवत के कथावाचक पंडित सुशील महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर सात अप्रैल को मां शीतला माता मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में महिलाएं पीले रंग की साड़ी पहन कर सर पर कलश लेकर चलेंगी। कलश यात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह फूलों की बरसा कर स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर कथावाचक पंडित सुशील महाराज भक्तों को निःशुल्क 'श्रीहरि रक्षाकवच' वितरित करेंगे। समिति के सदस्यों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में आने के लिए करोंद क्षेत्र के घर-घर जाकर पीले चावल देकर आमत्रंण पत्र दिया जा रहा है। कथावाचक पंडित सुशील महाराज के सानिध्य में समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री विश्वास सारंग को भी श्रीमद् भागवत कथा में आने का आमत्रंण पत्र दिया गया है। 28 मार्च को होने वाली समिति की बैठक में श्याम सुदंर शर्मा, बबलेश राजपूत, नीरज पचौरी, रविंद्र गौतम, राधा कृष्ण नायक, अशोक शर्मा समेत कॉलोनी के रहवासियों के घर-घर जाकर श्रीमद् भागवत कथा का निमंत्रण दे रहे हैं।*


**कथा की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक कल**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

## फुटपाथ पर रहने को मजबूर बुजुर्ग कलेक्टर को दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला भोपाल शहर के अशोका गार्डन क्षेत्र में एक 58 साल के व्यक्ति को फुटपाथ पर रहने के लिए मजबूर होने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि पीड़ित व्यक्ति का परिवार शहर से 113 किमी दूर गंजबासौदा में रहता है और जीवन यापन कर रहा है, लेकिन बच्चों की उदासीनता के कारण पीड़ति बुजुर्ग पिता को विगत दस सालों से राजधानी के फुटपाथ पर जीवन यापन करना पड़ रहा है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पीड़ित वृद्ध पिता की उचित देखभाल, पुनर्वास एवं भरण पोषण के संबंध में संभावित कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।




### हाईटेंशन लाइन में उलझी पतंग, डोर खींचते ही ब्लास्ट

भोपाल शहर में एक 12 साल का मासूम बालक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसने की घटना सामने आई है। आयोग के संज्ञान में आया है कि अपने घर की छत पर पतंग उड़ाने के दौरान घर के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन विद्युत लाइन में पतंग उलझ गई, और डोर खींचते समय लाइन में तेज धमाका हुआ, जिससे मासूम बालक बुरी तरह से झुलस गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए। हादसे के समय बालक के परिजन घर पर नहीं थे, इसके बाद लोगों ने घायल मासूम बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में आयोग ने महाप्रबंधक, कार्यपालन यंत्री, मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वि.क.लि.क को जांच के निर्देश दिए हैं।

## एसपीएम कॉलेज और शारदा विहार शिक्षा महाविद्यालय के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा शारदा विहार शिक्षा महाविद्यालय के साथ एमओयू किया गया। इसके तहत अकादमिक, शोध, अनुसंधान तथा स्नातकोत्तर एवं स्नातक विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट वर्क, इंटर्नशिप एवं एंटरप्रेन्योरशिप संबधित कार्य किए जाएंगे।

■ शोध, अनुसंधान, प्रोजेक्ट वर्क, इंटर्नशिप एवं एंटरप्रेन्योरशिप कार्य किए जाएंगे

श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज और शारदा विहार शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस पर हस्ताक्षर किए। एमओयू का मुख्य उदेश्य दोनों संस्थाओं के बीच होने वाले नवाचार एवं शैक्षणिक संस्थाओं के बीच होने वाले विभिन्न शोध कार्यों को प्रोत्साहन देने के साथ ही विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराना शामिल है। इससे भविष्य में विद्यार्थी स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकेंगे। एमओयू के दौरान प्राचार्य डॉ.. शालिनी सक्सेना, शारदा विहार शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश गौर के साथ ही एपीएम के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी सिंह, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ. वीपीएस गौर, डॉ. आशा वाधवानी और वनस्पतिशास्त्र विभाग के डॉ. रफत फातमा, डॉ. सरला पटेल, डॉ. देवेन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

## सृजन पोर्टल पर 19 अप्रैल तक विद्यार्थी कर सकेंगे नवाचारों के प्रोजेक्ट अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तहत संचालित कार्यक्रम सृजन पोर्टल पर शोधार्थियों के नवाचारी प्रोजेक्ट्स 25 मार्च से अपलोड किया जा सकेंगे। पोर्टल पर संबंधित संस्थाओं द्वारा अप्लाई किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तृत विवरण अपलोड करने की व्यवस्था की गई है।

संस्थान अपने विद्यार्थियों के नवाचारी प्रोजेक्ट सृजन कार्यक्रम के पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। नवाचारी प्रोजेक्ट्स विवरण 19 अप्रैल तक पोर्टल पर जमा होंगे। विवि द्वारा अपलोडेड प्रोजेक्ट्स की प्रारंभिक समीक्षा 21 अप्रैल से शुरू की जाएगी। हर प्रोजेक्ट की टीम में एक फैकल्टी मेंबर और अधिकतम 4 विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। ज्यूरी के माध्यम से हर श्रेणी में प्रथम 50 प्रोजेक्ट्स को चयनित किया जाएगा।

## बीएमएचआरसी: पैरामेडिकल स्टाफ की कार्यक्षमता बढ़ाने प्रशिक्षण शिविर आयोजित

### प्रशिक्षण शिविर में 181 कर्मचारियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी में पैरामेडिकल कर्मचारियों के लिए दो सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में 181 कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य पैरामेडिकल कर्मचारियों को उनके क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान और कौशल प्रदान करना है।

शिविर में मानसिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य संचार कौशल, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, साइबर सुरक्षा, उपकरणों की स्टरलाईजेशन प्रक्रिया, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन और बेसिक लाइफ सपोर्ट जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि सीएमएचओ डा. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस



तरह की कार्यशाला का आयोजन होते रहना चाहिए। इससे कर्मचारी न सिर्फ गहन प्रशिक्षण लेते हैं, बल्कि उनके कार्य क्षेत्र की जानकारी मिलती है। प्रभारी निदेशक डा. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि संस्थान में विभिन्न प्रकार के मरीज इलाज के लिए आते हैं। जिस प्रकार ब्लड बैंक के वर्ष 2006 से ट्रेनिंग प्रोग्राम चल रहे हैं, उसी तरह मरीजों की सुविधा की दृष्टि से कर्मचारियों को ट्रेनिंग द्वारा पारंगत करना ही इस कार्यशाला का उद्देश्य है।

### राजभवन में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि पर 28 को चिंतन करेंगे विद्वान

**भोपाल।** राजभवन में कर्मयोगी बने विषय पर 28 मार्च को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल सुबह 10.30 बजे कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यशाला में शामिल होंगे। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्राचीन ज्ञान और आधुनिक नेतृत्व-विधाओं के साथ संयोजित कर उपयोग करने का प्रशिक्षण देना है। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों में कर्मयोग के सिद्धांतों के समावेश, विकास और सेवा का वातावरण बना कर सकारात्मक बदलाव लाना है। कार्यशाला में मप्र के सभी सरकारी और निजी विवि के कुलगुरु, कुलसचिव शामिल होंगे।

## मैनिट: द्वितीय विजन जीरो शिखर सम्मेलन में शहरी अनुकूलता और सड़क सुरक्षा पर की चर्चा

### शहरी विकास के लिए सामाजिक चिंताओं के महत्व पर दिया बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैनिट में 28 मार्च तक अनुकूलनीय शहरीकरण और सुरक्षित गतिशीलता पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। द्वितीय विजन जीरो शिखर सम्मेलन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया, नई दिल्ली और शहरी विकास एवं आवास विभाग, मप्र सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

इसमें शहरी लचीलेपन और गतिशीलता सुरक्षा पर चर्चा और विचार-विमर्श करने के लिए प्रख्यात पेशेवर, नीति निर्माता और शिक्षाविद एक साथ हिस्सा ले रहे हैं। बुधवार को शुरूआत में बोलते हुए मध्य प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ला ने सतत शहरी विकास के लिए सामाजिक चिंताओं के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सतत विकास के लिए सस्ती और विश्वसनीय परिवहन प्रणाली पर जोर दिया।



### ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

प्रतिष्ठित वक्ताओं में पुर्तगाल के मिन्हो विवि के डॉ अंकित आर पटेल, कनाडा के विक्टोरिया ट्रांसपोर्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट (वीटीपीआई) के कार्यकारी निदेशक डॉ टॉड लिटमैन, आईआईटी खड़गपुर के प्रो अर्कपाल गोस्वामी और एनआईटी तिरुचिरापल्ली के प्रो सैमसन मैथ्यू शामिल रहे। वक्ताओं ने टिकाऊ शहरी नियोजन के महत्व और सुरक्षित गतिशीलता प्रथाओं को एकीकृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बाबूलाल गौर शा. महविद्यालय में संगोष्ठी

## जीआईएस-2025: पर्यटन और होटल प्रबंधन क्षेत्र में 68 हजार करोड़ रुपए निवेश के प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल में यात्रा, पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जीआईएस-2025 पर्यटन और होटल प्रबंधन में आधुनिक प्रवृतियां और रोजगार की संभावनाओं विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञ प्रो. ललित गौड़ ने बताया कि जीआईएस-2025 के तहत पर्यटन और होटल प्रबंधन क्षेत्र में 68 हजार करोड़ रुपए निवेश के प्रस्ताव आए हैं, जिससे इस क्षेत्र में 1.2 लाख रोजगार सृजित करने की योजनाएं हैं। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि आर्थिक समृद्धि के साथ लोगों में घूमने-फिरने का प्रचलन बढ़ा है।

इससे इस क्षेत्र के शिक्षित युवाओं के रोजगार अवसरों में तेजी से वृध्दि हुई है। शासकीय संस्थानों से पर्यटन एवं होटल प्रबंधन की डिग्री या डिप्लोमा संबंधी पाठ्यक्रमों से विद्यार्थियों को रोजगार मिलने की संभावनाएं और अधिक बढ़ जाती हैं।



### फिल्म, क्रूज, मेडीकल, इवेंट, रिलिजियस टूरिज्म बढ़ रहा

विषय विशेषज्ञ एवं संगोष्ठी संयोजक प्रो. अनुपमा गीते ने बताया कि इस क्षेत्र में विविधता के कारण रोजगार अवसरों में तेजी से वृद्धि हो रही है। क्योंकि फिल्म टूरिज्म, क्रूज टूरिज्म, मेडीकल टूरिज्म, इवेंट टूरिज्म, रिलिजियस टूरिज्म, हिस्टोरिकल टूरिज्म, मेडीटेशन और योगा टूरिज्म आदि की प्रवृतियां बढ़ रहीं है। पर्यटन विभाग के पूर्व डीजीएम एवं विषय विशेषज्ञ महेश दीक्षित ने कहा कि मेडीटेशन और योग क्षेत्र में भी पर्यटन को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है।







**100 से अधिक जगहों को निगम ने बनाया आकर्षक**

# खूबसूरत पेंटिंग, कुर्सियां रखकर सजाए कचरा डंपिंग स्पॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के बाद से नगर निगम ने शहर को सुंदर बनाने के लिए नए नए प्रयास किए हैं, जिसके तहत शहर के सौ से अधिक कचरा डंपिंग स्पॉट को खूबसूरत पेंटिंग और कुर्सियां लगाकर सुंदर बनाया गया है। जिससे जहां से गुजरना आम लोग पसंद नहीं करते थे, वह अब वहां आकर अपना समय गुजार रहे हैं। नगर निगम भोपाल द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत भोपाल शहर को निरंतर नवाचार कर शहर को और खूबसूरत बनाया जा रहा है। निगम ने शहर में अनेक क्षेत्रों में रहवासियों द्वारा रात और शाम के समय कचरा फेंककर ढेर लगाया जाता था।

### स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर निगम के नवाचार

इन जगहों को कचरा मुक्त करते हुए साफ सुथरा कर सुंदर बनाया गया है। खूबसूरत पेंटिंग, पेविंग ब्लॉक लगाकर कुर्सियां, बैंच रखी गई हैं, जो आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। शहर के नागरिक जहां पहले इन स्थलों पर जाने से हिचकिचाते थे, अब वहीं खेलकूद सहित विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कर रहे हैं। निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण का कहना है कि कचरा डंपिंग वाली जगहों पर स्वच्छता एंबेसडर की मदद से इन जगहों का सौंदर्यीकरण किया गया है।




### इन कचरा स्पॉट की बदली तस्वीर

शहर के 100 से अधिक जगहों पर निगम ने सौंदर्यीकरण किया है, जिसके तहत पीतल नगरी पीरगेट, एनआरआई कालोनी कोहेफिजा, सेंट जोसेफ स्कूल के पीछे ईदगाह हिल्स, पीजीबीटी पुलिया के पास, सागर ऑफिस के पास टीला जमालपुरा, विनोभा कॉलोनी शाहजहांनाबाद, बिजली घर जेपी नगर, कलारी के नीचे रेतघाट, कांग्रेस नगर काजीकैंप, प्रियदर्शिनी पठान मोहल्ला, आरआरएल तिराहा, नाग मंदिर अमराई के कचरा डंपिंग जगहों की तस्वीर बदली है।

**दो दिन में पूरा होगा सर्वे, सिर्फ पांच जोन के इलाके रहे शेष**

## सर्वे टीम ने कचरा खंती, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के दावों को खंगाला

### स्वच्छता सर्वेक्षण की दिल्ली की टीम ने कमर्शियल बाजारों में भी देखी साफ-सफाई

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की टीम बुधवार को भानपुर खंती, महोली दामखेड़ा स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और कामर्शियल मार्केट का निरीक्षण करने पहुंची। सर्वे टीम पूरे दिन जोन 14, 15, 16, 17 और 21 के इलाकों में साफ-सफाई की हकीकत जांची। अब तक निगम के 85 में से 60 से अधिक वार्डों का सर्वे पूरा कर लिया है। शेष पांच जोन के वार्डों का सर्वे भी अगले दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए दिल्ली से आई टीम का राजधानी में सर्वे का काम एक सप्ताह से जारी है, जिसमें टीम शहर के पार्क, तालाब, फुटपाथ, बाजार, रहवासी कालोनियों, फाउंटेन और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का जायजा ले रही है।

### फोटो लेकर पोर्टल पर अपलोड कर रही टीम

अब तक जोन 18, 19, 13, 7, 8, 10, 11, दो, एक, 16, 17 और 12 के सभी वार्डों का सर्वे पूरा हो चुका है। वहीं, जोन तीन, चार, पांच, छह, नौ, 14, 15, 20 और 21 के कुछ वार्डों का सर्वे अभी बाकी है। टीम निगम के दावों को जांचने के साथ सबूत के रूप में फोटो लेकर पोर्टल पर अपलोड कर रही है।

## पांच दिन बाद देना पड़ेगी प्रॉपर्टी टैक्स पर दोगुना पैनाल्टी

**भोपाल।** वित्तीय वर्ष 2024-25 का प्रॉपर्टी और अन्य टैक्स जिन लोगों ने जमा नहीं किया हैं। वह जल्द ही अपना टैक्स जमा करें, वरना पांच दिन यानी 31 मार्च के बाद करदाता को दोगुना राशि देना पड़ेगी। नगर निगम जोन और वार्ड कार्यालय रविवार समेत अन्य सभी अवकाश के दिनों में भी खोल रहा है। नगर निगम एक अप्रैल से शत प्रतिशत वार्षिक भाड़ा मूल्य के आधार पर प्रॉपर्टी टैक्स की गणना करेगा, जिससे आम लोगों को दोगुना राशि देना पड़ेगी।

**ऑनलाइन जमा करने पर छूट :** संपत्तिकर, जल प्रभार और अन्य प्रभार का 31 मार्च तक ऑनलाइन भुगतान करने पर अधिभार में मिलेगी छूट मिलेगी। ऐसे प्रकरण जिनमें कर और अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया है, उन्हें अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, जबकि 50 हजार से अधिक और एक लाख रुपए तक बकाया राशि पर केवल अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट और एक लाख रुपए से अधिक की राशि बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

### औसतन डेढ़ डिग्री तक बढ़ा दिन का तापमान, रात में अभी कुछ राहत

# सीजन में आधा दर्जन जिलों में चली लू, भोपाल में दिन-रात के पारे में 20 डिग्री का आया अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**सबसे गर्म नर्मदापुरम का पारा 40.9 डिग्री रहा**

प्रदेशभर में गर्मी का असर बुधवार से तेजी पकड़ रहा है। बुधवार को इस सीजन में पहली बार गर्मी का पारा करीब आधा दर्जन जिलों में 40 डिग्री और सामान्य से 5 डिग्री से अधिक पहुंच गया, जिससे इन शहरों में लू का असर रहा। गुरुवार से शुक्रवार के बीच कुछ और जिलों में पारा 41 से 42 डिग्री तक रहने से लू के हालात बन सकते हैं। बुधवार को राजधानी में दिन और रात के तापमान में डिग्री का अंतर रहने से दिन में तेज गर्मी और रात राहतभरी रही। यहां दिन का पारा 1.8 डिग्री बढ़कर 38.8 और रात का 1.6 डिग्री की बढ़त के साथ 18.8 डिग्री रहा। सबसे गर्म नर्मदापुरम का पारा 40.9 डिग्री रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दक्षिणी हवाओं के साथ धूप में तेजी से दिन में गर्मी बढ़ी है, जबकि शाम से हवाएं उत्तरी होने से कुछ राहत है। दो से तीन दिन में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम फिर बदलेगा।

*पश्चिमी विक्षोभ हिमालय के इर्द-गिर्द सक्रिय, आगे बढ़ने से बदलेगा प्रदेश में मौसम, दो दिन बाद गिरावट के आसार*



स्थानः ज्योति टाकीज चौराहा
समयः दोपहर 12.50 बजे

### यहां चली लू, आज और ज्यादा गर्मी

बुधवार को गुना, ग्वालियर, रतलाम, शिवपुरी, नौगांव में दिन का तापमान 40 डिग्री तक रहा। यह सामान्य से 5 डिग्री तक अधिक होने से यहां लू का असर रहा। इसके अलावा एक दर्जन जिलों में पारा 38 से 39 डिग्री तक रहने से तेज गर्मी रही। इनमें भोपाल, धार, खंडवा, खरगौन, उज्जैन, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, सागर, सतना, टीकमगढ़ और उमरिया आदि जिले शामिल हैं। गुरुवार से शुक्रवार के बीच गर्मी और तेज होगी। धार, नर्मदापुरम, गुना, दमोह, खंडवा, खरगौन, रतलाम और शिवपुरी आदि जिलों में पारा 41 डिग्री पार हो सकता है।

### तेज धूप में ज्यादा समय न रहें, पर्याप्त पानी पीएं

तापमान में बढ़ोत्तरी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने गर्मी से बचने की सलाह दी है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि बहुत अधिक समय तक धूप के सीधे संपर्क में न रहें। तेज गर्मी होने पर अधिक मात्रा में पानी पीना, सर और कानों को कपड़े से अच्छी तरह से ढकना, हल्के सूती वस्त्र पहनना तथा धूप में चश्मा छाता, टोपी एवं जूता पहनना जरूरी है। पसीना अधिक आने की स्थिति में ओआरएस घोल, लस्सी, मठ्ठा और फलों का रस पीना चाहिए। चक्कर या मितली आने पर छायादार स्थान पर रुक कर आराम करना, शीतल पानी अथवा उपलब्धता अनुसार फलों का रस लस्सी माथे आदि का सेवन किया जाना चाहिए। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का गर्मी के मौसम में विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

**आज भी नहीं आएगा जोन 16, 17 में पानी**

## पानी के लिए परेशान हुई ढाई लाख आबादी, नहीं पहुंचे निगम के टैंकर



एक तरफ शहर की जनता पानी के लिए परेशान है, वहीं मालवीय नगर में लाइन फूटने से लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह गया।

### 50 से अधिक इलाकों में नहीं हुई पानी की सप्लाई

रतन कालोनी, कृषक नगर, वकील कॉलोनी, पंचवटी फेस-2,3, राजवंश, पूजा कालोनी, राधाकृष्ण कालोनी, शिवानी होम्स, शांति नगर, शिव नगर, जनता नगर, पारस नगर, मुरली नगर, विश्वकर्मा नगर, शिव नगर फेस-1,2,3, नीलकंठ कॉलोनी, शहीद कालोनी, अन्ना नगर, एकता नगर, हाउसिंग बोर्ड, विकास कॉलोनी, एहसान नगर, संजय नगर, एमआइजी, विवेकानंद, ब्लूमून कालोनी, प्रेम नगर, देवकी नगर, सुंदर नगर, नवजीवन , छोला मंदिर, उड़िया बस्ती, भानपुर, अटल नेहरू नगर, शंकर नगर, नवाब कालोनी, समेत इलाकों में सुबह और शाम को सप्लाई नहीं हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के जोन 16 और 17 में रहने वाली करीब ढाई लाख आबादी को पानी के लिए बुधवार को परेशान होना पड़ा। दरअसल दोनों जोन में सुबह और शाम को होने वाली पानी की सप्लाई नर्मदा की 600 एमएम व्यास की फीडर लाइन के शिफ्ट करने की वजह से नहीं हुई। जिसकी वजह से प्रभावित इलाकों के लोगों को पानी के लिए जद्दोहजद करना पड़ी। इन क्षेत्रों ने निगम ने पानी के टैंकर भेजने का दावा किया था, लेकिन पानी नहीं पहुंचा। हालांकि कुछ जगहों पर एक बार टैंकर आने के बाद दोबारा नहीं आया, जिससे लोगों को पानी नहीं मिल सका। मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्य में बाधक बनी 600 एमएम व्यास की नर्मदा फीडर लाइन को शिफ्ट करने के लिए जलकार्य शाखा ने 24 घंटे का शटडाउन लिया है। लिहाजा गुरुवार को भी पानी नहीं आएगा। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि गुरुवार सुबह होने वाली सप्लाई बाधित रहेगी, लेकिन गुरुवार शाम को जिन इलाकों में पानी की सप्लाई होती है। वहां पानी सप्लाई किया जाएगा।

■ नर्मदा की फीडर लाइन शिफ्ट करने लिया है शटडाउन

**हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश**

## बिना मान्यता प्रवेश देने वाले लॉ कॉलेजों पर आपराधिक कार्रवाई करें

### आगामी सत्र से पूर्व 31 दिसंबर तक रिन्यूअल फीस जमा करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

**नए सत्र के पहले ही मान्यता की प्रक्रिया पूरी करने के भी निर्देश**

मप्र हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि भविष्य में बिना मान्यता छात्रों को प्रवेश देने पर संबंधित विधि कालेज और विवि के विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई की जाए। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि अब नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले ही मान्यता की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। शैक्षणिक संस्थान को अगामी सत्र से पूर्व 31 दिसंबर तक रिन्यूअल फीस जमा करानी होगी। इसके बाद बीसीआई फरवरी में मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी करेगा। यदि किसी संस्थान की मान्यता रिन्यू नहीं होगी तो उसे पोर्टल पर इसका उल्लेख करना होगा, ताकि छात्र असमंजस में न रहें। विगत सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने भोपाल के पुलिस कमिश्नर को जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। मामले पर मंगलवार को सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा विभाग के एडीशनल चीफ सेक्रेटरी अनुपम राजन और पुलिस कमिश्नर हरि नारायणचारी मिश्रा ने उपस्थित होकर सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश की।

### यह था मामला

*जबलपुर के विधि छात्र पंकज भट्ट, व्योम गर्ग, शिखा पटेल व अन्य की ओर से याचिका दायर कर बताया गया था कि उन्होंने सेंट्रल इंडिया लॉ इंस्टीट्यूट जबलपुर में प्रवेश लिया था। कोर्स पूरा करने के बाद उन्होंने स्टेट बार काउंसिल, मप्र में पंजीयन के लिए आवेदन दिया। बार कौंसिल ने यह कहते हुए उनका रजिस्ट्रेशन करने से मना कर दिया कि सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट की मान्यता समाप्त हो गई है।*

**बैतूल जाते वक्त ट्रक से टकरा गई थी इंजीनियर की कार**

## हादसे में मौतःपरिजनों को 1 करोड़ 62 लाख 20 हजार रु. क्षतिपूर्ति के आदेश

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

रोड एक्सीडेंट में इंजीनियर की मौत हो जाने के मामले में प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मृतक के परिजनों को 1 करोड़ 62 लाख 20 हजार क्षतिपूर्ति दिए जाने के आदेश एक्सीडेंट करने वाले ट्रक मालिक अब्दुल वहीद , ट्रक ड्राईवर संदीप ककोडिया और श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड एमपी नगर भोपाल को दिए हैं। मृतक के परिजनों की ओर से सीनियर एडवोकेट आरके हिंगोरानी और सनी हिंगोरानी द्वारा दायर की याचिका की सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किए हैं। दरअसल, करोंद निवासी संजीव कांत भगत (48) रेलवे में इंजीनियर थे। 23 दिसंबर 2022 को वे भोपाल से मुलताई जा रहे थे। खेमा ढाबा के पास ट्रक के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिए,जिससे कार पीछे से ट्रक से टकरा गई थी। इस हादसे में कार चालक संजीव की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी।

## एक साल बाद मायके से लौटी पत्नी पर पति ने किया कुल्हाड़ी से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित खेड़ली मजीदगढ़ में बुधवार सुबह दंपती में हुई कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गनीमत रही कि कुल्हाड़ी पत्नी के पैर में लगी नहीं तो उसकी जान जा सकती थी। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।



### पति पीता था शराब इसलिए होता था विवाद

थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर के अनुसार ग्राम खेड़ली मजीदगढ़ निवासी जालम सिंह अहिरवार के परिवार में पत्नी रामश्री (35) और तीन बच्चे हैं। जालम सिंह शराब पीने का आदी है। इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद होता रहता था। रामश्री एक साल पहले मायके चली गई थी। बुधवार सुबह रामश्री लौटी तो विवाद के दौरान जालम ने सुबह साढ़े 11 बजे कुल्हाड़ी से रामश्री पर हमला कर दिया।

**अभियान में मध्य प्रदेश सहित देशभर के 2400 रक्त संग्रह केंद्र शामिल होंगे**

शहीदों के 94वें शहादत दिवस पर निफा और निमा की तरफ से होगी यह सच्ची श्रद्धांजलि


## निफा और निमा भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को नमन कर डेढ़ लाख ब्लड यूनिट एकत्रित कर बनाएगा वर्ल्ड रिकॉर्ड

**आज से शुरू होकर अभियान 30 मार्च तक चलेगा**

**रोज लगने वाले शिविरों की जानकारी रेड क्रॉस को भी दी जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक नया रक्तदान रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए एक विशेष अभियान संवेदना-2 की शुरुआत की जा रही है। अभियान गुरुवार से शुरू होकर 30 मार्च तक चलेगा, जिसमें मध्य प्रदेश सहित देशभर के 2400 रक्त संग्रह केंद्र शामिल होंगे। इस अभियान का उद्देश्य शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को उनकी 94वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करना है। इस मेगा अभियान का संचालन नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स और एक्टिविस्ट्स (एनआईएफएए), नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (निमा) और भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा किया जाएगा। अगले पांच दिनों में करीब डेढ़ लाख यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है, जो कि पिछले विश्व रिकॉर्ड से अधिक होगा। यदि यह लक्ष्य पूरा होता है, तो यह एक नया विश्व रिकॉर्ड बन जाएगा।



### पांच दिन में डेढ़ लाख यूनिट ब्लड एकत्रित करने का लक्ष्य

डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया प्रदेश अध्यक्ष निमा छात्र संघ ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है, रक्तदान शिविर लगाकर बड़ी संख्या में ब्लड एकत्रित करने के लिए संवेदना-2 अभियान शुरू किया जा रहा है। पांच दिन में डेढ़ लाख यूनिट ब्लड एकत्रित करने का लक्ष्य है, जो पिछले विश्व रिकॉर्ड से अधिक है।

### शिविर लगाने के निर्देश

मध्य प्रदेश की इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के जनरल सेकेट्री रामेंद्र सिंह समस्त कलेक्टरों और रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे 26 से 30 मार्च तक शिविर लगाएं। शिविरों की जानकारी प्रतिदिन इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की राज्य शाखा को भी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### सुख-समृद्धि आनंद देने वाला है शिव महापुराण

**मडीदीप।** औद्योगिक नगर के वार्ड 1 में चल रही शिवमहापुराण के छठवें दिन कथावाचक आचार्य नरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कथा सुनाते हुए कहा कि शिव महापुराण की कथा मानव जाति को सुख-समृद्धि आनंद देनेवाली है, क्योंकि भगवान शिव कल्याण और सुख के मूल स्रोत हैं। शिव पुराण मानव प्रकृति को चेतना के चरम तक ले जाने का सर्वोच्च विज्ञान है। उन्होंने कहा कि महापुराण सुनने मात्र से ही वंश में वृद्धि होती है। महापुराण कल्प वृक्ष के समान है, जो इसे जिस कामना के साथ सुनता, वह कामना पूरी होती है। शिव जब अपने भगत पर प्रसन्न होते हैं तो वह उसे सब कुछ प्रदान कर देते हैं।

### स्कूल की बाउंड्रीवॉल का किया भूमिपूजन



**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, पार्षद सरोज रामेश्वर नागर, पार्षद सुनील सेरिया, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, पार्षद प्रतिनिधि के द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला हिरानियां वार्ड 8 के बाउंड्रीवाल का भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में मुख्य रूप से सोनू चौकसे, पूर्व मंडल अध्यक्ष हमीर सिंह मोहनिया, शिक्षक परबचंद चोरे, शिक्षक राकेश दुबे, शिक्षक राजू शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### शनि अमावस्या पर होगा महामस्तिकाभिषेक

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में शनिवार को शनि अमावस्या के अवसर पर कई आयोजन किए जाएंगे। वार्ड 1 स्थित महावीर कॉलोनी स्थित श्री नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर में 108 कलशों से श्री मुनिसुव्रत नाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं अनंतनाथ भगवान व अरहनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव मनाया जाएगा।



### अब एक ही जगह मिलेंगी खाने-पीने की दुकानें



**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद ने मुनादी कर नगर से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था। नगर में चाट,चाऊमीन, फुलकी एवं अन्य खाने-पीने के ठेले वालों को जगह-जगह ठेले न लगाने के लिए कहा था। इसके बाद बुधवार से एक ही जगह बस स्टैंड के बगल में वन मंडल के सामने वाले ग्राउंड पर ठेले लगने से लोगों ने खुशी जाहिर की है। औबेदुल्लागंज में फल और सब्जी वालों को भी एक निश्चित जगह मिलना चाहिए, जिससे नगर में जाम की स्थिति नहीं बनेगी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयार करें रूपरेखा

**भोपाल।** तीस मार्च से 30 जून तक होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों को इस अभियान के लिए गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। संभागायुक्त ने बुधवार को निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 470 | 10 | 550 |
| रात: | 450 | 98 | 378 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 134 | 89 | 450 |
| रात: | 180 | 91 | 128 |

---

राजधानी के अटल पथ पर होगा आयोजन, 30 हजार से अधिक श्रोता होंगे शामिल

# कर्मश्री का हिंदू नववर्ष उत्सव: अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि 29 मार्च को करेंगे कविता का पाठ

◆ परंपरागत आयोजन का 25वां वर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धर्म, संस्कृति, समाज, पर्यावरण जैसे विभिन्न विषयों के प्रति जनजागरण के लिए सक्रिय विधायक रामेश्वर शर्मा की संस्था 'कर्मश्री' परंपरानुसार हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में इस बार भी विराट आयोजन करने जा रही है। संस्था ने इसे 'हिंदू नववर्ष उत्सव' का नाम दिया है, जिसके तहत हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, गुड़ी पड़वा और चैटी चांद की पूर्व संध्या पर राजधानी भोपाल के 'अटल पथ' पर प्लैटिनम प्लाजा माता मंदिर टीटी नगर में 29 मार्च रात 8 बजे से 'कर्मश्री' के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होने जा रहा है।

भारतीय नववर्ष पर 'कर्मश्री' अध्यक्ष एवं हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा परंपरागत रूप से आयोजित किए जाने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का यह लगातार (कोरोनाकाल को छोड़कर) 25वां वर्ष है। इस आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए आयोजक विधायक रामेश्वर ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष गुडी पड़वा, चैत्र नवरात्रि और चैटी चांद जैसी पावन तिथियों के अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन लगातार 24 वर्षों से किया जा रहा है। इस बार आयोजन का 25 वां वर्ष है।




### ये कवि बाहर से आएंगे

विधायक शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न स्थानों से आए ख्यातनाम कवि शिरकत करेंगे, जिनमें सर्वश्री शशिकांत यादव शशि, देवास (सबरस, मंच संचालन), पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी (हास्य सम्राट) नई दिल्ली, पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे (हास्य व्यंग्य) रायपुर, कविता तिवारी (वीर रस) लखनऊ, डॉ. अनिल चौबे (हास्य व्यंग्य) वाराणसी, सुदीप भोला (पैरोडीकार) जबलपुर, गौरी मिश्रा (गीत गजल) उत्तराखंड, अमन अक्षर (फिल्मी गीतकार) इंदौर, विकास बौखल (हास्य व्यंग्य) बाराबंकी, श्वेता सिंह (गीज गजल) बड़ौदरा और मुकेश मासूम (हास्य पैराडी) खातेगांव आदि कविगण शामिल हैं। कवि सम्मेलन का मंच संचालन सर्वरस के विख्यात कवि एवं मंच संचालक शशिकांत यादव शशि देवास द्वारा किया जाएगा। कवि सम्मेलन में 30 हजार से अधिक श्रोता मौजूद रहेंगे।

### महिलाओं-बुजुर्गों के लिए विशेष बैठक व्यवस्था

कर्मश्री अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने बताया कि कवि सम्मेलन में महिलाओं और बुजुर्गों के बैठने के लिए अलग से विशेष व्यवस्था की जा रही है। वयोवृद्ध एवं निःशक्तजनों के लिए भी कुर्सियों पर बैठक व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुररुषों एवं महिलाओं के बैठने के लिए अलग-अलग बैठक की व्यवस्था की जा रही है। महिलाओं एवं बुजुर्गों की बैठक व्यवस्था को पूरी तरह से सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने के लिए योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि बैठक व्यवस्था पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर है अतः सामने स्थान ग्रहण करने के लिए समय से काफी

### हिंदू नववर्ष ही प्रमाणिक नववर्ष है : रामेश्वर

हिंदू नववर्ष उत्सव के आयोजक कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि भारतवर्ष का अतीत काफी वैभवशाली रहा है। यहां की संस्कृति और सभ्यता गौरवशाली है। इसी गौरवशाली सभ्यता और संस्कृति का पहला सबसे बड़ा उत्सव हिंदू नववर्ष है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होने वाला यह नववर्ष ही प्रमाणिक नववर्ष हैं। नव सम्वतर से वर्ष की शुरुआत होने के प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक तथ्य भी मिलते हैं। ऋतु परिवर्तन, फंसलों का पकना जैसे नववर्ष के आगमन के कई संकेत प्रकृति स्वयं देती है।

---

साइबर क्राइम ब्रांच ने उज्जैन, मंदसौर और देवास से पकड़ा

# साइबर ठगों को बैंक अकाउंट मुहैया कराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

साइबर क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह को बैंक अकाउंट मुहैया कराने वाले चार अकाउंट होल्डरों को उज्जैन, मंदसौर और देवास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा बेचे गए बैंक अकाउंट में भोपाल के युवक से हुई ठगी की 16 लाख रुपए की रकम ट्रांसफर हुई थी। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे अब तक करीब 35 से 40 बैंक अकाउंट बेच चुके हैं।

पुलिस के अनुसार नेहरू नगर निवासी अरुण प्रकाश चौधरी को ऑनलाइन टॉस्क कंपलीट कराने का झांसा उनसे 16 लाख 70 हजार रुपए की ठगी हुई थी। ठगी की शिकायत उन्होंने अक्टूबर 2024 में साइबर क्राइम ब्रांच पहुंचकर की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच की। इस दौरान पुलिस ने उन बैंक अकाउंट्स की जानकारी जुटाई, जिसमें ठगी की रकम ट्रांसफर की गई है। जांच में पता चला कि ठगी के लिए एमपी में खुले बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर की गई है। बैंक अकाउंट की जानकारी जुटाकर पुलिस ने अकाउंट होल्डर कुलदीप मेघवाल पिता शंभू लाल (20) निवासी-ग्राम चंद्रपुरा, तहसील-मल्हारगढ़, जिला-मंदसौर को गिरफ्तार किया। आरोपी महज 8वीं तक पढ़ा है और खातों को किराए पर देता और बेचता था। इसी प्रकार लाल सिंह पिता सीताराम (31) ग्राम-चिरडी, पोस्ट-रुपाखेड़ी, जिला-उज्जैन को गिरफ्तार किया। आरोपी ने बताया कि उसने अपने अकाउंट बेचे थे। नितेश चौहान पिता मणीशंकर (26) ग्राम बहादुरखेड़ा, जिला-उज्जैन को गिरफ्तार किया। उसने बताया कि वह ग्रेजुएट है और बेरोजगार है। उसने अपने आस पास के ग्रामीण लोगों के अकाउंट खुलवाने और उसे जालसाजों को बेचने की बात स्वीकारी, रोहित जायसवाल पिता सुरेश जायसवाल (22) ग्राम-साबेर, जिला-देवास ने बताया कि वह एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है। बैंक खाते बेचकर वह क्रिप्टो करंसी खरीदना चाहता था।


नितेश चौहान आरोपी


कुलदीप मेघवाल आरोपी


रोहित जायसवाल आरोपी


लाल सिंह आरोपी

### ऑनलाइन टास्क जॉब देकर करते थे ठगी

आरोपियों ने अपने और दूसरों से खुलवाए अकाउंट जिसे साइबर ठग को बेचे थे, वह ऑनलाइन टॉस्क जॉब देकर ठगी करते हैं। ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम पर वाट्सएप के माध्यम एक लिंक शेयर कर टेलीग्राम चैनल में ज्वाइन कराया जाता है। टेलीग्राम चैनल में फेक वेबसाइट की लिंक भेज कर डी-मेट खाता खुलाया जाता है। टॉस्क कम्पलीट करने पर शुरुआत में जालसाज उन्हें कमीशन देते हैं। इससे टॉस्क पूरा कर रहा व्यक्ति इनकी लालच में फंस जाता है। इसके बाद आरोपी उसे निवेश कराने के लिए बोलते हैं। एक-दो बार वह निवेश में भी बड़ा मुनाफा कराते हैं। जैसे ही व्यक्ति बड़ी राशि निवेश किया, वैसे ही आरोपी उसका डिमेट अकाउंट बंद करा देते हैं। रकम हड़पकर मोबाइल बंद कर लेते हैं। पैसा भी दूसरे के बैंक अकाउंट में जाता है। ऐसे में ठगी करने वाले नहीं पकड़े जाते। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 2 मोबाइल, 3 सिम, फर्जी खाते की 1 चैक बुक,1 एटीएम कार्ड जब्त किया है।

### तस्करों 8 किलो 350 ग्राम गांजा जब्त

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 8 किलो 350 ग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत 2 लाख रुपए बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच पुलिस की पूछताछ में आरोपियों की पहचान सचिन कुचबंदिया (20) पिता हल्कू कुचबंदिया निवासी बिजली घर के पास झुग्गी थाना सूखीसेवनिया और निखिल जयसवाल (22) पिता राम दयाल जयसवाल निवासी आंगनबाड़ी के सामने नवजीवन कालोनी छोला मंदिर के रूप में हुई।

---

मंडीदीप में सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा बाइक स्टंट का वीडियो

# बस्ती में खतरनाक करतब दिखाने वाला युवक गिरफ्तार, बाइक भी जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप



औद्योगिक नगर में बस्ती के अन्दर खतरनाक बाइक स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। वीडियो में कोई खड़ा होकर बाइक चला रहा है, तो कोई आगे का एक पहिया उठाकर दौड़ाता नजर आ रहा है। इस जानलेवा खेल के वीडियो के बैकग्राउंड में फिल्मी डायलॉग और गाने भी जोड़े गए हैं। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि स्टंटबाज सिर्फ सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटोरने के लिए जान जोखिम में डाल रहे हैं।

ऐसे ही एक युवक द्वारा इंद्रानगर श्रीजी होटल बाली गली में किए गए खतरनाक बाइक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक बाइक पर खड़े होकर और एक पहिये पर स्टंट करते हुए नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आरोपी की पहचान कर ली। थाना प्रभारी सुरेश मीना के अनुसार, इन्द्रानगर में स्टंटबाजी करने वाला युवक की शिनाख्त हो गई है। उसका नाम जुनैद है। उसको गिरफतार कर लिया है और उसकी बाइक क्र.एमपी 38 जेडसी 7839 को भी जब्त कर लिया गया है। एसडीओपी शीला सुराणा ने इस मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया पर ऐसे खतरनाक स्टंट का वीडियो डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग का अपहरण कर बेचने वाली महिला को आजीवन कारावास

**भोपाल।** 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी का अपहरण कर उसे राजस्थान में बेचने वाली आरोपी साधना बैरवा को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कुमुदिनी पटेल ने आजीवन कारावास और नाबालिग किशोरी के साथ विवाह कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी मोर सिंह बैरवा तथा भवानी शंकर को 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास साथ ही के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला ने अभियोजन की ओर से पैरवी की थी।

### आईपीएल पर जमकर लग रहा सट्टा



**औबेदुल्लागंज।** नगर में आईपीएल पर सट्टा लगाने का कारोबार जमकर चल रहा है। जब से आईपीएल मैच शुरू हुआ हैं तभी से युवा और बच्चे आईपीएल मैच में सट्टा लगा रहे हैं। इस अवैध कारोबार में कई युवा और बच्चे पैसे नहीं होने पर अपना मोबाइल बेचकर, घर के जेवरात व सामान बेचकर सट्टा लगा रहे हैं। कांग्रेस नेता हरजीत सिंह मंगू ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि नगर में सट्टे का अवैध कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा सट्टे से बच्चों का भविष्य बिगड़ता जा रहा है। नगर में आए दिन चोरी, लूट और घर परिवार में लड़ाई झगड़ा बढ़ गया है।

---



# आबकारी विभाग ने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित होटल और ढाबों पर मारा छापा

**बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त, 5 लोगों को किया गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

आबकारी वृत औबेदुल्लागंज एवं बरेली की संयुक्त टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित होटल एवं ढाबों पर अवैध शराब विक्रय करने एवं शराब पिलाने पर छापामार कार्रवाई की।

रायसेन के ग्राम सईदपुर, भीलाड़िया में कार्रवाई कर 2 प्रकरण दर्ज हुए। कुल 8 प्रकरण दर्ज किए, जिसमें 5 लोगों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में 20 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब, 42 पाव प्लेन जब्त की। साथ ही लगभग 300 किलो महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया। सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

हरिभूमि ने 22 मार्च को प्रकाशित थी पार्षदों की समस्या

# नगर परिषद ने पार्षदों को वितरित की बजट की प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद की उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, पार्षद प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक, पार्षद भारती नरेश सेठी, पार्षद प्रीति अनूप चौधरी, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, पार्षद सरोज रामेश्वर नागर आदि ने बताया कि नगर परिषद की बैठक में 2025-26 का अनुमानित 69 करोड़ का बजट ध्वनि मत से पारित हुआ है। बजट की प्रतियां सभी पार्षदों को दी गई हैं।

इससे पूर्व पार्षदों को बजट की प्रतियां नहीं दी जा रहीं थी। जब हरिभूमि ने 22 मार्च को पार्षदों की समस्याओं को खबर में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके बाद नगर परिषद ने सभी पार्षदों को बजट की प्रति वितरित की। बुधवार को नगर परिषद के जिम्मेदारों ने सभी पार्षदों को 2025-2026 के बजट की प्रतियां वितरित की। इससे नगर के सभी पार्षद खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि बजट की प्रतियां मिलने से हमें ज्ञात होगा कि किस मद में कितनी राशि मिली है।


पार्षदों को बिना बताए ही पास कर दिया जाता है बजट, नहीं देते कोई जानकारी
नौ पार्षदों ने लगाया आरोप, कलेक्टर और विधायक से करेंगे शिकायत
किसी भी पार्षद से नहीं लेते कोई सलाह

खबर का असर

---

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में हुआ आयोजन

# छात्राओं को अनिश्चित परिस्थितियों में सफलता पाने के दिए कई टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में आईआईसी और ई-सेल ने इनोवेशन फॉर बिजनेस फिट के तहत 'एआई और मार्केटिंग प्रोडक्ट अलाइनमेंट' पर एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, शहीद हेमू कालानी सोसाइटी के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज के प्राचार्य डॉ. अंकेश सिंह, संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. आशीष ठाकुर, संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ महेश दयारामानी के स्वागत उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने मुख्य वक्ता ललित दीपक रूपानी का परिचय देते हुए उनकी विशेषज्ञता पर प्रकाश डाला। ललित जो कि न्यू जर्सी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, न्यूयॉर्क सिटी में एआई प्रोडक्ट मैनेजर हैं। उन्होंने एआई और प्रोडक्ट मार्केटिंग के मूल सिद्धांतों पर चर्चा की और प्रोडक्ट-मार्केट फिट को समझाया। उन्होंने समस्याओं को हल करने की प्रमुख रणनीतियों, जैसे डबल डायमंड और डेल्टा 4 फ्रेमवर्क पर जानकारी साझा की और छात्राओं को अनिश्चित परिस्थितियों में सफलता पाने के लिए सहनशीलता और दृढ़ता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। सत्र का समापन ज्ञानवर्धक चर्चा के साथ हुआ, जिसमें छात्रों को एआई, उत्पाद विकास और विपणन रणनीतियों के क्षेत्र में नवीन दृष्टिकोण प्राप्त हुआ।

---

संकुल के जिम्मेदारों का कहना है हमारा काम पूरा है, फिर क्यों हो रही देरी

# शिक्षकों के रिटायर्ड होने के तीन महीने बाद भी नहीं मिल पा रही जीपीएफ और एरिअर्स की राशि, लगा रहे चक्कर


**शिक्षा विभाग के बाबुओं की कार्यप्रणाली के कारण बेबस नजर आ रहे अधिकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में शिक्षा विभाग के रिटायर्ड शिक्षकों को तीन माह बाद भी देय राशि का भुगतान नहीं मिल रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारी, बाबुओं की कार्यप्रणाली के कारण बेवस नजर आ रहे हैं। शिक्षकों को राशि देने में देरी करना कहीं न कहीं बाबुओं के भ्रष्टाचार में लिप्त होने का संकेत है।

नगर में रिटायर्ड शिक्षकों को देय राशि और समय पर पेंशन न देने से लोगों में आक्रोष है। खासकर रिटायर्ड शिक्षकों के तीन महीने बाद तक उनके मामले बाबुओं द्वारा लटकाकर रखा जाता है। जीपीएफ और एरिअर्स जो रिटायर्ड शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्त के तुरंत बाद मिल जाना चाहिए था, वो रिटायर्मेंट के तीन महीने बाद तक नहीं मिल पाई है। रिटायर्ड शिक्षकों की देय राशि देने में भ्रष्ट बाबुओं के कारण देरी हो रही है। इस मामले को लेकर 27 फरवरी को भी रायसेन में जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक से जब बात की तो उन्होंने कहा था कि फिलहाल तो ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन आपसे जो सूचना मिली है, उस आधार पर बात करता हूं।

### पहले भी सामने आया है मामला



यह पहली बार नहीं है जब भ्रष्टाचार के शिकार शिक्षक हुआ है। इससे पहले भी कई शिक्षकों को उनकी देय राशि देने में लेटलटीफी की जाती रही है। औबेदुल्लागंज शिक्षा ब्लॉक के बाबू हों या अधिकारी उनकी तनख्वा तो उनको समय पर मिलती है, लेकिन औबेदुल्लागंज ब्लॉक के शिक्षा अधिकारी, शिक्षकों को उनकी देय राशि दिलवाने में बेवस नजर आते हैं।

### पहले भी बाबुओं को लगाई है फटकार

मैं इस मामले को लेकर पहले ही जिम्मेदार बाबुओं को बुलाकर फटकार लगा चुका हूं। रिटायर्ड शिक्षक की देय राशि के मामले में दीवटिया संकुल का कहना है कि हमारी तरफ से काम पूरा हो चुका है, लेकिन फिर भी देरी क्यों हो रही है इसको लेकर बात करता हूं। लापरवाही न बरतने को लेकर पहले ही हिदायत दी जा चुकी है।

**डीडी रजक**
जिला शिक्षा अधिकारी, रायसेन

---

# अधिकारियों को बोरवन पार्क की समस्याओं से कराया अवगत

**क्लब के सदस्यों ने अधिकारी को दिए सुझाव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



संत नगर के बोरवन पार्क को और अधिक सुविधायुक्त बनाने के लिए बोरवन क्लब पिछले लंबे समय से प्रयासरत रहता है। इसी तारतम्य में बुधवार सुबह जब पार्क वन विभाग की ओर से श्वेत पट्ट सुझावों के लिए लगाया गया था, जिसमें क्लब आमंत्रित सभी सदस्यों ने पार्क के विकास के लिए अपने-अपने उपयोगी सुझाव दिए।

क्लब अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने बताया कि मुख्य द्वार के समीप जहां पगड़ी रस्म हाल बना है उसके आस-पास महिला व पुरुष शौचालय की आवश्यकता है। सड़क की खूबसूरती को बढ़ाने वाले कर्व स्टोन पूरे पार्क में लगाए जाए। क्लब के मीडिया प्रभारी रवि नारायण सतानी ने युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर ओपन जिम और महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग योगा शेड बने है। योग में उपयुक्त होने वाले आसान, योग मैट आदि का वहन न करना पड़े जिसके लिए एक संयुक्त स्टोर रूम का निर्माण किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना में रोटरी क्लब के राहत स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

# पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा सभी जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क

## सीएम डॉ. मोहन ने कहा, चंबल की धरती है वीरभूमि

### मुरैना में आंखों की मशीन उपलब्ध कराई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज मिल जाए तो डॉक्टर उसके लिए भगवान बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि मानव काया में कोई भी कष्ट बड़ी चुनौती होती है। आमजन की शारीरिक व्याधियों के उपचार के लिए चंबल में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन और उसमें देश के बड़े चिकित्सकों के आगमन पर प्रसन्नता के साथ ही आभार।

मुख्यमंत्री ने मुरैना के एसएएफ ग्राउंड में आयोजित रोटरी राहत वृहद स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ अवसर पर यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कठिन परिस्थितियों में भी नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की है। इसका लाभ सभी जरूरतमंदों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ के बाद ओपीडी के सभी काउंटरों का भ्रमण कर चिकित्सकों एवं रोटेरियन के सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि चंबल की धरती वीरों की भूमि है। इस वीर भूमि के जवान हमेशा देश की रक्षा में आगे बढ़कर अपने प्राणों की आहुति देने के लिए तत्पर हैं।

**खास बातें**

- सीएम ने ओपीडी के सभी काउंटरों का भ्रमण कर चिकित्सकों एवं रोटेरियन के सदस्यों से मुलाकात की
- शिविर में हुई 5 हजार से अधिक मरीजों की स्क्रीनिंग



### स्वास्थ्य शिविर में उपचार के लिए बेहतर प्रबंध किए गए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिविर में उपचार के लिए बेहतर प्रबंध किए गए हैं। चम्बल क्षेत्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 5 हजार से अधिक मरीजों की समुचित रूप से स्क्रीनिंग की गई है। स्क्रीनिंग के बाद विभिन्न वर्गों में विभाजित कर मरीजों के उपचार की व्यवस्था करना बड़ी बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अस्पताल प्रबंधन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा के रूप में दो भागों में विभाजित था। हमारी सरकार बनने के बाद हमने दोनों विभागों का एकीकरण कर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा बनाया है।



### शिविर में ख्याति प्राप्त चिकित्सक देंगे सेवाएं

शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट एवं कार्डियक सर्जन डॉ. नरेश त्रैहान मेदान्ता हॉस्पिटल से अपनी टीम से साथ एवं नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट के डॉ. ओपी यादव, डॉ. नितिश शाह ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट साइंस एवं मैक्स एवं मनीपाल हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजिस्ट अपनी सेवाएं देंगे। अन्य विशेषज्ञों में ऑक्नोलॉजिस्ट, हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. दिनेश भूरानी रहेंगे, अस्थिरोग में एम्स दिल्ली से डॉ. विवेक शंकर एवं नितिश नायक, डॉ. प्रकाश कोतवाल रहेंगे। पेन के डॉ. नीरज जैन मैक्स दिल्ली से आकर सेवाऐं देंगे। पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. मीनू वाजपेयी रेन्बो हॉस्पिटल दिल्ली से आ रही हैं। कामता शाह मुम्बई नानावटी हॉस्पिटल से, बच्चों मे हार्निया, हाइपोस्पेडियास एवं सभी बच्चों की आवश्यक सर्जरी करेंगी। चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं सर्जरी का कार्य 26 मार्च से लेकर 2 अप्रैल तक किया जाएगा।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा, पहले चंबल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं इतनी अच्छी नहीं थी

*विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि राज्य शासन, जिले के प्रशासन एवं रोटरी क्लब की मदद से इस वृहद शिविर का आयोजन किया गया है। पहले चंबल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं इतनी अच्छी नहीं थी। मुरैना, श्योपुर एवं भिण्ड जिले को मिलाकर जहां 100 बिस्तरों की उपलब्धता थी, वहां आज 600 बिस्तर का अस्पताल मौजूद है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के सदैव प्रयास किए जाते रहे हैं। गंभीर स्थिति में रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए अन्यत्र ले जाने में आमजन की असमर्थता के कारण क्षेत्र में वर्ष 2017 में भी जिला प्रशासन की मदद से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर लगाया गया था।*

### चिकित्सकों का किया सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिविर में आए चिकित्सकों का सम्मान किया। इनमें कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. युगल मिश्रा नंदियाल, सीनियर प्रोफेसर एम्स दिल्ली डॉ. मीनू बाजपेयी, पद्मश्री से सम्मानित डॉ. निशित नायर, जबलपुर के ख्याति प्राप्त डॉ. धीरावनी शामिल थे। कार्यक्रम में इस मौके पर राज्यसभा सांसद ग्वालियर अशोक यादव, सांसद मुरैना-श्योपुर शिवमंगल सिंह तोमर, रोटरी के पदाधिकारी भूपेन्द्र जैन, चंबल कमिश्नर मनोज खत्री, डीआईजी कुमार सौरभ, समाजसेवी कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, रोटरी के पदाधिकारी डॉ. संजीव बांदिल, डॉ. वीरेन्द्र गंगवाल सहित डॉक्टर्स और अधिकारी, संस्थाओं के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### वंचित 2 अप्रैल तक करा सकेंगे पंजीयन

*रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन राहत 2 वृहद स्वास्थ्य शिविर मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक लगेगा। शिविर में ओपीडी, खून की जांच, बीपी शुगर, ईसीजी, आयुष्मान का काउन्टर एवं दवा वितरण किया जाएगा। शिविर में कार्डियोलॉजी, नेत्र रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन, न्यूरोसर्जरी, फिजियोथेरेपी अन्य वरिष्ठ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। ऑनलाइन मरीजों के पंजीयन किए जा रहे हैं। जनता 26 मार्च से 2 अप्रैल तक एसएएफ परेड ग्राउड में पंजीयन कराकर डॉक्टर से परामर्श ले सकते है।*

सूचनाएं पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं पत्रकारः तोमर

## पत्रकारों की मांगों के निराकरण के लिए गठित होगी कमेटीः मुख्यमंत्री

श्रमजीवी पत्रकारों के दो दिवसीय महाधिवेशन का प्रारंभ




**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पत्रकार लोकतंत्र के सच्चे सेनानी होते हैं। सरस्वती के साधक होने के साथ ही कड़ी मेहनत से सूचनाओं को आमजनों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। डॉ. यादव बुधवार को मुरैना जिला मुख्यालय पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के त्रिवर्षीय दो दिवसीय महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा पत्रकारों के हित में जो मांगें रखी गई हैं, उसके निराकरण के लिए शासन स्तर से एक कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी में श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों के साथ ही अधिकारियों को शामिल कर पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### ज्ञापन सौंपा

*विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की सबसे जागरूक कौम है। श्रमजीवी पत्रकार संघ मध्यप्रदेश का सबसे पुराना संगठन है। प्रदेश भर में पत्रकारों के हित में यह संगठन कार्य कर रहा है। पत्रकार साथी निरंतर कार्य कर महत्वपूर्ण सूचनाओं को आम जन तक पहुंचाने के दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस मौके पर मुख्यमंत्री को पत्रकारों के हित में विभिन्न मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर विधायक दिनेश गुर्जर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, पूर्व विधायक श्री बलवीर दण्डौतिया एवं प्रदेश भर से आए पत्रकार उपस्थित थे।*

माफिया की खिलाफत करने वालों का दमन करती है सरकारः पटवारी

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले, प्रदेश में पनप रहा हर तरह का माफिया

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि प्रदेश में हर तरह का माफिया पनप रहा है। प्रदेश में रेत माफिया, भू-माफिया, शिक्षा-चिकित्सा, खनन माफिया हावी है। हर तरह का माफिया प्रदेश को छलनी कर रहा है और अब मछली माफिया भी प्रदेश में हावी हो गया है।



उन्होंने कहा कि सरकार और माफिया एक साथ है और माफिया की खिलाफत करने पर भाजपा उसका दमन करने पर आमादा हो जाती है। यहां तक कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया जगत के लोगों पर हमला, उन्हें डराया, धमकाया जा रहा है, खुलेआम लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। पटवारी सतना में कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वे पार्टी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रणविजय सिंह के साथ दौरे पर थे। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया और पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल भी मौजूद थे। नेतागणों ने सतना, चित्रकूट, रामपुर बघेलान, नागौद, रैगांव, मैहर एवं अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित करते हुऐ संगठनात्मक चर्चा की।

### संगठन को मजबूत और सुदृढ़ बनाने पर चर्चा

*नेतागणों ने कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत और सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की। नेतागणों ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार में हर वर्ग त्रस्त और परेशान है। सत्ता में बैठे लोग प्रदेश की जनता के हको पर डांका डाल रहे हैं। प्रदेश में महिलाएं-बच्चियां सुरक्षित नहीं और युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता विधायक डॉ. राजेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ कुशवाह, दिलीप मिश्रा, विनय सक्सेना, मकसूद अहमद, सुनील सर्राफ, जयभान सिंह, रमाशंकर प्यासी, धर्मेश घई सहित अन्य नेतागण एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।*

सीएम को पत्र लिखकर मप्र कर्मचारी मंच ने की मांग

## वन कर्मचारी पर हमला करने वालों पर लगाई जाएं रासुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच वन विभाग ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मुरैना में वन कर्मचारी पर हमला करने वाले रेत माफिया को तत्काल गिरफ्तार कर आरोपियों पर रासुका लगाई जाने की मांग की है।

मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि मुरैना वन मंडल के वन कर्मचारियों के ऊपर रेत माफिया माह मार्च में तीन बार प्राण घातक हमला कर चुका है, लेकिन हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस एवं राजनीतिक नेता भी रेत माफिया आरोपियों को संरक्षण दे रहे हैं जिस कारण मुरैना वन मंडल के वन कर्मचारियों का मनोबल टूट गया है। मंच ने मुख्यमंत्री को आरोपियों को तत्काल की गिरफ्तार करने की मांग की है।

## मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण स्कीम के तहत 2.16 करोड़ अंतरित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण स्कीम के तहत राज्य अधिवक्ता परिषद् जबलपुर के बैंक खाते में 2 करोड़ 16 लाख रुपए अंतरित कर दिए गए है। राशि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरित की गई है। इस स्कीम के तहत 12 हजार रुपए के मान से प्रत्येक नवीन अधिवक्ता को सहायता राशि प्रदान की जाती है।

- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए है राशि

बच्चों का कुपोषण दूर करने जनजातीय परिवारों को दी जाएगी दुधारू गाय

## पक्का आवास पाने से कोई न छूटे, पीएम आवास योजना का लाभ पहुंचाने 31 मार्च तक पूर्ण करें सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजातीय वर्ग के सभी हितग्राहियों को पक्का आवास प्रदान करें। कोई भी हितग्राही आवास पाने से वंचित न रहे। किन्हीं भी कारणों से आवास पाने से छूट गये पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना की पात्रतानुसार सबको पक्के घर की सौगात दी जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने अभियान के मैदानी क्रियान्वयन से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को अभियान तहत गांव और हितग्राही चयन का काम पूरा कर तय कार्य योजना एवं मापदंडों के अनुसार लक्षित क्षेत्रों में विकास कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान जनजातीय समुदाय के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और योजनाओं को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं।



मुख्यमंत्री ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को सफल बनाने समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

### गांवों में मिट्टी की जांच होगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय ग्रामों में टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जाएं। गांव में मिट्टी का परीक्षण कर किसानों को बताया जाए कि उन्हें कौन सी फसल लगाना ज्यादा लाभदायक होगा। साथ ही टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सेमिनार आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनजातीय परिवारों के बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए शासकीय सहयोग से दुधारू गाय उपलब्ध कराई जाए। पारम्परिक उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग के लिए शुरू करें मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय ग्रामों में रहने वाले लोगों को पूजा-पाठ और बैठक जैसे आयोजन के लिए गांव-गांव में सामुदायिक भवन उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने प्रदेश के चयनित 11 हजार 377 जनजातीय ग्रामों में रहने वाले लोगों द्वारा उगाए जाने वाले मोटे अनाज की खरीदारी शासन स्तर पर करने के निर्देश दिए।

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE
सत्यमेव जयते

जीएसटी करदाता
ध्यान दें!

जिन करदाताओं का सकल वार्षिक टर्नओवर # एक विनिर्दिष्ट सीमा * तक है वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जीएसटी कंपोजिशन योजना का विकल्प 31 मार्च, 2025 तक चुन सकते हैं।

पात्र करदाता, जो कंपोजिशन योजना का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा कंपोजिशन योजना का विकल्प चुन सकते हैं:



करदाता इंटरफेस पर लॉगिन करें
'Services > Registration > Application to Opt for Composition Levy' पर जाएं
फॉर्म GST CMP-02 भर कर जमा करें

पहले से कंपोजिशन योजना का लाभ उठा रहे पात्र करदाताओं को फॉर्म GST CMP-02 दाखिल करना आवश्यक नहीं है

आसान और सुविधाजनक अनुपालन
आकर्षक कर दरें
न्यूनतम अनुपालन आवश्यकताएं
स्वतः नवीकरण और योजना को छोड़ना भी सरल
माल एवं सेवाओं की आपूर्तिकर्ताओं के लिए उपलब्ध
कम बही खातों की आवश्यकता

| * आपूर्तिकर्ताओं के प्रकार | | # वित्त वर्ष 2024-25 में सकल वार्षिक टर्नओवर |
|---|---|---|
| माल के आपूर्तिकर्ता | 08 विनिर्दिष्ट राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु. 75 लाख तक |
| | अन्य राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु. 150 लाख तक |
| सेवाओं के आपूर्तिकर्ता | | रु. 50 लाख तक |

अधिक जानकारी के लिए कृपया जीएसटी अधिनियम की धारा 10, सीजीएसटी नियम 3 से 7 और अधिसूचना सं. 14/2019-केन्द्रीय कर दिनांक 07.03.2019, को देखें।

कृपया स्कैन करें

जीएसटी कंपोजिशन योजना: छोटे करदाताओं के लिए बड़े लाभ

CBC 15502/13/0010/2425

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड
@cbicindia @cbic_india @cbicindia @cbicindia @CBIC india

## खबर संक्षेप

### एचआईएल अब होगी बिरला न्यू

**नई दिल्ली।** तीन अरब डॉलर मूल्य के सीके बिरला ग्रुप की कंपनी एचआईएल लिमिटेड की नई ब्रैंडिंग के बाद अब इसे बिरला न्यू लिमिटेड के नाम से जाना जाएगा। यह बदलाव कंपनी की महत्वाकांक्षी विकास रणनीति और बिल्डिंग प्रोडक्ट्स के क्षेत्र में विश्वस्तरीय उत्पाद तथा सेवाएं मुहैया कराने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। कंपनी की 32 उत्पादन सुविधाएं भारत समेत यूरोप में कार्यरत हैं और दुनियाभर के 80 से अधिक देशों में इसके ग्राहक एवं साझेदार हैं।

### सीआईआई से केप्री लोन्स ने की साझेदारी

**मुंबई।** केप्री लोन्स कार प्लेटफॉर्म प्राइवेट लिमिटेड ने युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई ) के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी का उद्देश्य कामकाजी युवाओं को इंडस्ट्री के लिए जरूरी विशेषज्ञता प्रदान करना है, ताकि शिक्षा और जॉब मार्केट के बीच के अंतर को दूर किया जा सके। इस पहल के तहत, आईजीएनओयू के डिस्टेंस लर्निंग ग्रैजुएशन प्रोग्राम के ज़रिए पढ़ाई कर रहे छात्रों को व्यवस्थित तरीके से ट्रेनिंग, रीस्किलिंग तथा अप स्किलिंग का अवसर मिलेगा।

### टाटा सोलफुल ने 'नो मैदा रस्क' पेश किया

**नई दिल्ली।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रमुख ब्रांड टाटा सोलफुल ने मिलेट-बेस्ड स्नैक्स और पैकेज्ड फूड्स के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बनाई है। अब यह ब्रांड भारत की पारंपरिक चाय पीने की आदतों में बदलाव लाने के लिए टाटा सोलफुल नो मैदा रस्क लेकर आया है। टाटा सोलफुल ने मशहूर अभिनेता और ब्रांड एंबेसडर मनोज बाजपेयी को शामिल किया है। नया कैंपेन हर चाय को अपनी चाय बनाए टैगलाइन के साथ विशेष रूप से चाय पीने की ललक को एक प्रकार से बढ़ा बना दिया है।

### फूड डिलीवरी में स्विगी की बोल्ट सर्विस

**भोपाल।** ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी ने भोपाल में अपनी बोल्ट सर्विस के शानदार विकास के आंकड़े साझा किए। यह क्विक फूड डिलीवरी सर्विस शहर में लोगों के खाने के तरीके को बदल रही है। ऑडर्स में मासिक आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे रेस्टोरेंट्स को अपना कारोबार बढ़ाने में मदद मिल रही है। बोल्ट बाय स्विगी के माध्यम से 10 मिनट के अंदर फ्रेश फूड की डिलीवरी की जाती है। भोपाल के 30 प्रतिशत रेस्टोरेंट इस सर्विस से जुड़ चुके हैं।

### मणिपाल की केकेआर से हुई साझेदारी

**कोलकाता।** मणिपाल हॉस्पिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर ) के साथ आईपीएल 2025 के लिए आधिकारिक मेडिकल पार्टनर के रूप में साझेदारी की है। यह टूर्नामेंट 22 मार्च से 25 मई तक आयोजित हो रहा है। मणिपाल हॉस्पिटल्स की एक विशेष टीम, जिसमें डॉ. इंद्रनील दास हेड ऑफ इमरजेंसी, मेदिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, डॉ. सुजॉय दास ठाकुर और डॉ. किशेन गोयल शामिल हैं। मैचों के दौरान उच्च-स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

### इमेजिका वर्ल्ड करेगा एक्वा इमेजिका का विस्तार

**भोपाल।** इमेजिका वर्ल्ड एंटरटेनमेंट लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के इंदौर में एक्वा इमेजिका वॉटर पार्क के लांच की घोषणा की । ब्रांड ने मार्च 2023 में गुजरात के सूरत में एक्वा इमेजिका को लांच किया था, जिसकी कामयाबी को आगे बढ़ते हुए कंपनी ने ब्रांड के विस्तार की यह उपलब्धि हासिल की है। इंदौर शहर कंपनी की भौगोलिक विकास रणनीति को बढ़ावा देगा, जो सही मायने में बाजार के नेतृत्वकर्ता के रूप में कंपनी की स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है। इस सॉफ्ट लांच के साथ एक्वा इमेजिका देश भर में अपनी मौजूदगी को बढ़ा रहा है।

---

धन शोधन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उठाए गए कदमों से अति उत्साहित न हों : गवर्नर

# आरबीआई ने मनी लॉड्रिंग से निपटने एआई को अहम उपकरण माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि मनी लॉड्रिंग के उभरते परिदृश्य को देखते हुए नियामकों को उचित सिस्टम संवर्द्धन करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन



लर्निंग (एमएल) जोखिम आकलन ढांचे को लगातार बढ़ाने की जरूरत होगी। वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) निजी क्षेत्र सहयोग मंच 2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरबीआई गवर्नर ने बताया कि प्रौद्योगिकी ने व्यापार करने में अधिक आसानी प्रदान की है, लेकिन साथ ही, इसने मनी लॉड्रिंग और अवैध वित्तपोषण के नए और बहुत ही परिष्कृत साधनों को भी सुगम और बढ़ावा दिया है।

इससे जोखिम आकलन मॉडल को परिष्कृत और बेहतर बनाना अनिवार्य हो जाता है। उन्होंने केंद्रीय बैंकों से वित्तीय दुनिया में नवीनतम रुझानों और विकास को समझने का भी आग्रह किया, जिसका आपराधिक तत्वों द्वारा फायदा उठाया जा सकता है। इसे समझकर, केंद्रीय बैंकों को ऐसे नियम और ढांचे विकसित करने चाहिए जो संदिग्ध लेनदेन का जल्द पता लगा सकें और पहले से ही कार्रवाई कर सकें। साथ ही उन्होंने नीति निर्माताओं के लिए एक चेतावनी भी दी।

### वैध गतिविधियों और निवेशों को बाधित न करें

मल्होत्रा ने कहाकि जबकि हम अपनी वित्तीय प्रणालियों को मनी लॉड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण के विरुद्ध सुरक्षित बनाना जारी रखते हैं, हमें नीति निर्माताओं के रूप में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे उपाय अति उत्साही न हों और वैध गतिविधियों और निवेशों को बाधित न करें। इसलिए, हमें ऐसे कानून और विनियमन बनाने की आवश्यकता है, जो सर्जिकल सटीकता के साथ केवल अवैध और गैरकानूनी लोगों को लक्षित करें, न कि बहुत व्यापक और कुंद उपकरणों का उपयोग करें, जो अनजाने में ईमानदार लोगों को भी चोट पहुंचाते हैं। उन्होंने कहाकि उन्होंने प्राप्त होने वाले डेटा की गुणवत्ता में सुधार करने की आवश्यकता और आने वाली विकसित तकनीकों का उपयोग करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहाकि इससे हमें लेन-देन की स्क्रीनिंग और संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने में मदद मिलेगी, जिससे त्रुटियों, झूठी सकारात्मकता, झूठी नकारात्मकता को कम किया जा सकेगा। मल्होत्रा ने आगे कहा कि आरबीआई 2027 तक समावेशी सीमा-पार भुगतान की दिशा में जी-20 रोडमैप के अगले चरण को प्रभावी ढंग से लागू करने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में काम करना जारी रखेगा।

### बेवजह अवरोध नहीं पैदा नहीं करें

गवर्नर ने कहा प्रौद्योगिकी ने कारोबार को और अधिक आसान बना दिया है। इसने मनी लॉनड्रिंग और अवैध वित्तपोषण के नए और बहुत ही परिष्कृत तरीकों के इजाद को भी बढ़ावा दिया है। इसे ध्यान में रखते हुए जोखिम मूल्यांकन मॉडल को परिष्कृत और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। विनियमनों को वित्तीय समावेशन में अनपेक्षित अवरोध नहीं पैदा करना चाहिए।

---

कारोबारियों को स्टॉक की हर हफ्ते देनी होगी जानकारी

# गेहूं की कीमतों पर नियंत्रण करने 1 अप्रैल से लागू होगा नया नियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सट्टेबाजी को रोकने कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ये फैसला लिया

सरकार ने खाद्य सुरक्षा के प्रबंधन और बाजार में कालाबाजारी को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने एक व्यापक रणनीति के तहत एक अप्रैल से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं के स्टॉक की साप्ताहिक रिपोर्टिंग अनिवार्य कर दी है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सभी श्रेणियों की संस्थाओं के लिए गेहूं स्टॉक सीमा 31 मार्च को समाप्त हो रही है। इसके बाद संस्थाओं को पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक का खुलासा करना होगा।

कोई भी संस्था जो पोर्टल पर पंजीकृत नहीं है, वह स्वयं को पंजीकृत कर सकती है और प्रत्येक शुक्रवार को गेहूं के स्टॉक का खुलासा करना शुरू कर सकती है। सरकार के अनुसार सट्टेबाजी को रोकने, कीमतों को नियंत्रित करने और देश में आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ये फैसला लिया गया है। इससे गेहूं के स्टॉक की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा सकती है। इसके चलते जमाखोरी को सरकार असानी से रोक सकेगी। व्यापारियों ने कहा कि 2024-25 के दौरान सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में गेहूं की कम उपलब्धता के कारण आक्रामक खरीद की संभावना है। जानकारों के अनुसार मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में खरीदी अच्छी तरह से शुरू हो गई है, क्योंकि खरीद को सीजन की सामान्य शुरुआत की तारीख 1 अप्रैल से पहले शुरू करने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने कहा कि 15 मार्च से मध्य प्रदेश में 1 लाख टन से अधिक की खरीदी की गई है। पिछले साल किसानों को अच्छी कीमत मिली थी, क्योंकि मांग अधिक थी और उपलब्धता कम थी। इस साल, सभी वर्गों द्वारा अच्छी फसल की भविष्यवाणी के बावजूद अधिक मांग के कारण कीमतों में तेजी रह सकती है, स्टॉकिस्टों ने कहा कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में दिए जा रहे बोनस ने भी मई के बाद भी उच्च कीमत जारी रहने की भविष्यवाणी में मदद की है, जब खरीदी समाप्त हो जाती है।

---

टमाटर बे-भाव, किसानों को नहीं मिल रहा मेहनताना

# टमाटर की बंपर आवक से औंधे मुंह गिरे दाम,किसानों को हुआ आर्थिक नुकसान

वाणिज्य प्रतिनिध ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित मध्यप्रदेश की प्रमुख थोक मंडियों में टमाटर की भरपूर आवक के कारण टमाटर के दाम में ऐतिहासिक गिरावट देखी जा रही है। स्थानीय करोंद थोक सब्जी मंडी में टमाटर 40 से 60 रुपए कैरेट(22 से 24 किलो) के भाव बिक रहा है।

जिससे उनकी मेहनत का उचित मुनाफा नहीं मिल पा रहा है। किसानों के अनुसार इतने कम दामों में फसल तुड़वाने और परिवहन का खर्च निकालना भी मुश्किल हो रहा है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि किसानों को बिना बिके टमाटर मंडी में ही फेंककर जाना पड़ रहा है। इससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।



### *ऊंचे दामों की उम्मीद में हुई अधिक बुवाई अब घाटे में किसान*

*पिछले साल टमाटर की ऊंची कीमतों को देखते हुए इस बार किसानों ने इसकी बड़े पैमाने पर बुवाई की थी. लेकिन, भारी उत्पादन के चलते बाजार में टमाटर की अधिकता हो गई है, जिससे कीमतों में भारी गिरावट आई है। किसानों ने मध्यप्रदेश सरकार से मांग की है कि वह किसानों से उचित दर पर टमाटर की खरीद सुनिश्चित करे, ताकि उन्हें नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार को टमाटर जैसी फसलों के लिए भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करना चाहिए, जिससे किसानों को उचित लाभ मिल सके।*

---

## मेघा इंजीनिरिंग करेगी सांवेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

सांवेर माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट का ग्राम पिड़वाय,कम्पेल,पीपल्दा(इंदौर) में केबिनेट मंत्री तुलसी राम सिलावट (मध्यप्रदेश शासन)के द्वारा शुभारंभ किया गया। मेघा इंजीनिरिंग के प्रोजेक्ट मैनेजर बताया की सांवेर माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट के माध्यम से पानी को लिफ्ट कर खेती के लिए सिंचाई की व्यवस्था एवं पीने के लिए पानी की उत्तम व्यवस्था हो जाएगी। सांवेर माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट में 40 किलोमीटर की एमएस पाइप लाइन के माध्यम से पानी को लाया जाएगा। सांवेर माइक्रो लिफ्ट



इरीगेशन प्रोजेक्ट से तीन जिलों के 226 गांव लाभान्वित होंगे। सांवेर माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट से सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध होगा। जिससे खरगोन, इंदौर और उज्जैन जिलों के गांव की 80 हजार हेक्टर कृषि भूमि सिंचित होगी। सांवेर माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट पानी को ओम्कारेश्वर डेम कड़ियां कुंड बड़ेल गांव (खरगोन) से लिफ्ट करके तीन जिलों में खरगोन, इंदौर और उज्जैन में पानी को लाएंगे।

### टैरिफ की टेंशन से बिगड़ा शेयर बाजार का मूड निवेशकों के 3.55 लाख करोड़ रु. का नुकसान

**नई दिल्ली।** बीते सात दिनों की जोरदार तेजी के बाद शेयर बाजार एक बार फिर बिकवाली मोड में आ गया है। सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार में हाहाकार मच गया और निवेशक शेयर बेचकर निकलने लगे। बीएसई सेंसेक्स 729 अंक या 0.93 फीसदी गिरकर 77,288 पर आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 182 अंक या 0.77फीसदी गिरकर 23,486 पर बंद हुआ। इस बिकवाली की वजह से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3.55 लाख करोड़ रुपए घटकर 411.39 लाख करोड़ रुपये रह गया।

---

## बिजनेस न्यूज

### नई एमनेस्टी और इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर योजना की दी जानकारी





**भोपाल।** टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा सदस्यों के लिए एक स्टडी सर्किल बैठक का आयोजन किया गया। जिसे वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट नवनीत गर्ग ने संबोधित किया। उन्होंने जीएसटी में सरकार द्वारा लाई गई नई एमनेस्टी योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017- 18 से वर्ष 2020-21 तक की छूट गई कोई आगत कर का क्लेम 30 नंबवर 2021 तक कर लिया गया था, तो उस आगत कर की छूट व्यापारी ले सकता है जो कि उन्हें 7 अप्रैल 2025 तक आवेदन करना है। उन्होंने कहा कि इसमें अभी भी काफी व्यावसायी फायदा लेने से रह गए हैं सरकार को इसकी समय सीमा बढ़ाना चाहिए। उन्होंने जीएसटी की धारा 128 ए के तहत ब्याज एवं शासती से छूट की योजना के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017-18,18-19 एवं 19- 20 के लिए धारा 73 में पारित आदेशों में लगाई गई शास्ती और ब्याज की छूट इस योजना के अंतर्गत ली जा सकती है, केवल देय कर का भुगतान करना होगा। सरकार की इस योजना का उद्देश्य कर विवादों को कम करना है। इसमें आवेदन करने के लिए अगर कोई अपील प्रस्तुत की गई है तो उसको वापस लेना होगा इसके लिए 31 मार्च तक देय कर का भुगतान करना आवश्यक है एवं योजना में आवेदन 30 जून तक कर सकते हैं अधिकारी आवेदन सही पाए जाने पर प्रारूप 5 में प्रमाण पत्र जारी करेगा। साथ ही उन्होंने 1 अप्रैल 2025 से लागू होने वाली इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर योजना के विषय में भी उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी । इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, सह सचिव संदीप चौहान, प्रवक्ता विकास अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य नरेश बलानी, हेमंत जैन, हर्ष गुप्ता, प्रशांत सेवानी आदि उपस्थित थे।

### किसानों को मिलेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और ट्रैक्टर सर्विसिंग



**भोपाल।** किसानों और ग्रामीण समुदाय के हित में टीवीएस क्रेडिट द्वारा एक विशेष चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 27 मार्च 2025 को बारवई गांव में राघव इंटरप्राइजेज के सहयोग से आयोजित होगा। आयोजन का नेतृत्व गांव के सरपंच सोनू जैन के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य और कृषि से जुड़ी आवश्यक सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा और इसमें भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों के लिए मुफ्त आंखों की जांच की सुविधा दी जाएगी, जिससे वे अपनी दृष्टि संबंधी समस्याओं का समाधान कर सकें। इसके अलावा, निःशुल्क ट्रैक्टर सर्विसिंग की भी व्यवस्था की गई है, जिससे कृषि उपकरणों का रखरखाव सही ढंग से हो सके और उनकी कार्यक्षमता बनी रहे। साथ ही, पुराने ट्रैक्टर और कृषि उपकरण खरीदने के लिए आसान ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### सीपी गोयल के प्रधान मुख्य आयुक्त बनने पर की भेंट



**भोपाल।** सीजीएसटी के मुख्य आयुक्त सीपी गोयल की पदोन्नति होकर प्रधान मुख्य आयुक्त बनने पर आज उनसे भेंट कर उन्हे शुभकामनाएं दी गई। गोयल अगस्त 2023 में भोपाल मुख्य आयुक्त बनकर आए थे एवं पदोन्नति होकर प्रधान मुख्य आयुक्त सीजीएसटी हो गए हैं। इस अवसर पर टैक्स ला बार एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष मृदुल आर्य, सह सचिव संदीप चौहान एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य नवनीत गर्ग एवं मनोज अयाचित उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**

वैध कॉलोनी प्रकोष्ठ (कोलार)

क्रमांक 12416/कॉ.प्रको./2025 भोपाल, दिनांक 10/03/2025

॥ सार्वजनिक विज्ञप्ति ॥

मध्यप्रदेश नगर पालिक (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के नियम 13(2) के अन्तर्गत

सर्वसाधारण जनता की जानकारी के लिए इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि मेसर्स आर्यव्रत हाउसिंग कन्स्ट्रक्शन प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री आलोक अरोरा पिता श्री अजय कुमार अरोरा एवं श्री रमाकांत शर्मा पिता श्री रामस्वरूप शर्मा द्वारा ग्राम- छान स्थित भूमि खसरा क्र. 316, 317, 324, 325, 460, 461, 323, 326, 327, 328, 462, 463/2, 467, 19बी (पार्ट ऑफ खसरा क्मांक 466/1/1/1/1), 463/1, 288, 289/1, 289/2, 269/1,269/2, 270/2 इस प्रकार कुल रकबा 6.871 हेक्टेयर में से किल्यर एरिया 6.616 हेक्टेयर पर भोपाल नगर पालिक निगम क्षेत्र के अधीन भूखण्ड धारक होकर क्षेत्र में आवासीय कॉलोनी "BRITISH PARK PHASE-4" निर्मित करने जा रहे है नगर तथा ग्राम निवेश जिला भोपाल द्वारा जारी अनुमोदित मानचित्र क्रमांक- 59/एलपी-03/धारा16/नग्रानि/जिका/2024 भोपाल दिनांक 30.08.2024 में दर्शित भूखण्ड क्रं .- बीपी-48 क्षेत्रफल 109.43 व.मी., भूखण्ड क्रं.- दर्शित भूखण्ड क्रं .- बीपी-48 कोरनर क्षेत्रफल 109.43 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-49 क्षेत्रफल 135.31 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-50 क्षेत्रफल 193.9 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-51 क्षेत्रफल 152.05 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-52 क्षेत्रफल 121.2 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-53 कोरनर क्षेत्रफल 97.64 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-66 कोरनर क्षेत्रफल 104.75 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-67 क्षेत्रफल 108.93 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-68 क्षेत्रफल 119.55 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-69 क्षेत्रफल 127.58 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-70 क्षेत्रफल 134.11 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-71 क्षेत्रफल 130.76 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-72 क्षेत्रफल 114.89 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-73 क्षेत्रफल 112.78 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-74 क्षेत्रफल 111.71 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-75 क्षेत्रफल 106.19 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-76 क्षेत्रफल 112.47 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-77 क्षेत्रफल 128.92 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-78 क्षेत्रफल 152.51 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-79, 80 कोरनर प्रत्येक का क्षेत्रफल 127.5 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-81 कोरनर क्षेत्रफल 111.25 व.मी.भूखण्ड क्रं .- बीपी-94 कोरनरक्षेत्रफल 156.65 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-95 क्षेत्रफल 125.4 व.मी., भूखण्ड क्रं .-बीपी-96 क्षेत्रफल 127.32 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-97 क्षेत्रफल 127.41 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-98 क्षेत्रफल 127.51 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-99 क्षेत्रफल 127.55 व.मी.,भूखण्ड क्रं .- बीपी-100 क्षेत्रफल 127.54 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी 101 क्षेत्रफल 127.49 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-102 कोरनर क्षेत्रफल 149.6 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-103 क्षेत्रफल 123.09 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-104 क्षेत्रफल 111.72 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-105 क्षेत्रफल 116.75 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-106 क्षेत्रफल 121.8 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-107 क्षेत्रफल 136.3 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-108 क्षेत्रफल 146.08 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-109 क्षेत्रफल 137.00 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-110 क्षेत्रफल 127.7 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-111 क्षेत्रफल 116.9 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-112 कोरनर क्षेत्रफल 104.76 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-112A कोरनर क्षेत्रफल 110.58 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-114 क्षेत्रफल 114.54 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-115 क्षेत्रफल 118.59 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-116 क्षेत्रफल 124.57 व.मी.,भूखण्ड क्रं .- बीपी-117 क्षेत्रफल 133.45 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-118 कोरनर क्षेत्रफल 120.61 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-190 क्षेत्रफल 94.31 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-191 क्षेत्रफल 126.82व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-192 क्षेत्रफल 131.77 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-193 क्षेत्रफल 140.00 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-267 क्षेत्रफल 130.98 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-268 क्षेत्रफल 125.95 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-269 क्षेत्रफल 120.05 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-270 क्षेत्रफल 116.00 व.मी., भूखण्ड क्रं.- बीपी-271 क्षेत्रफल 113.88 व.मी., भूखण्ड क्रं .- बीपी-255, 256, 257 प्रत्येक का क्षेत्रफल 112.5 व.मी., इस प्रकार कुल 59 भूखण्डों जिनका कुल क्षेत्रफल 7339.1 व.मी. को नगर निगम भोपाल के अधीन बंधक रखे गये है। जिसका ई-पंजीयन संख्या क्र. MP059702025A1149883 दिनांक 07.03.2025 देकर किया गया है। जिसमें 01 से 28 पृष्ठ समाविष्ट है। ये भूखण्ड/प्रकोष्ठ इस क्षेत्र की कॉलोनी का आतंरिक विकास कार्य पूर्ण होने के पश्चात् नियमानुसार बंधक मुक्त किये जावेगे तथा इसी के पश्चात् इन भूखण्ड/प्रकोष्ठ का विक्रय किया जा सकेगा।

अतः सर्व साधारण इन भूखण्डों/प्रकोष्ठों के संबंध में न तो अनुबंध करें नही किसी भी प्रकार के क्रय/विक्रय, बंधक तथा अन्तरण की कोई कार्यवाही करें अन्यथा वह निरस्त मानी जावेगी अतः सूचित हो।

सक्षम प्राधिकारी एवं नगर निवेशक
नगर पालिक निगम, भोपाल

**कार्यालय संचालक**
**राज्य स्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केन्द्र**
**(पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण)**
**पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल**

// विज्ञप्ति //

आवेदन की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2025

प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के प्रतिभावान किन्तु आर्थिक रूप से कमजोर युवक-युवतियों को आगामी राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 अथवा अन्य समकक्ष परीक्षाओं का 06 माह की अवधि का निःशुल्क आवासीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु पात्र एवं योग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन हेतु विस्तृत विज्ञापन प्रवेश हेतु नियम, शर्तें एवं आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट www.bcwelfare.mp.nic.in पर उपलब्ध हैं।

संचालक,
राज्य स्तरीय रोज.एवं प्रशि. केंद्र,
(पिछड़ा वर्ग एवं अ.सं.क.), भोपाल
दूरभाष- (0755)2763284

G-24831/24 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

**कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला-रायसेन (म.प्र.)**

Teliphone No. 07482-222053 Email id: horti.raisen@mp.gov.in

क्रमांक/निविदा/उद्यान/भंडार/2024-25/2575-76 रायसेन, दिनांक. 23/3/2025

// अल्प कालीन विज्ञप्ति //

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है, कि शासकीय उद्यान रोपणी सांची विकासखंड सांची जिला रायसेन के आम कलमी फलबहार का विक्रय निविदा प्रक्रिया द्वारा किया जाना है, आम फलबहार के क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति / संस्था दिनांक 25.04.2025 दिन शुक्रवार को समय दोपहर 2:00 बजे से समय 04:00 बजे तक उद्यान अधीक्षक, शासकीय उद्यान रोपणी सांची विकासखंड सांची में उपस्थित होकर अपनी निविदा, निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा फार्म के साथ क्रेता को राशि रुपएं 10000/- (दस हजार रुपएं मात्र.) अग्रिम धरोहर नगद जमा करना होगा। निविदा उसी दिन समय 4:00 बजें निविदा कताओं के समक्ष खोली जावेगीं। निविदा डालने के पूर्व शासकीय उद्यान रोपणी सांची विकासखंड सांची में आम कलमी फलबहार का अवलोकन कर सकते है, एवं संतुष्टि के उपरांत ही निविदा, निविदा बाक्स में डालें। निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है। निविदा फार्म कार्यालयीन समय में उद्यान अधीक्षक, शासकीय उद्यान सांची विकासखंड सांची से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

आम कलमी शा.उ.रोपणी विकासखंड सांची के फलबहार का विवरण।

| क्रं. | नाम किस्म | पूर्ण फलन की स्थिति | अर्द्ध फलन की स्थिति | आंशिक फलन | कुल संख्या | औसत उत्पादन अनुमानित क्विंटल में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आम कलमी फलबहार | | | | | | |
| 1 | आम कलमी | 29 | 2 | 5 | 36 | 40 to 50 Quntal |
| | योग | 29 | 2 | 5 | 36 | 40 to 50 Quntal |

सहायक संचालक उद्यान
जिला-रायसेन (म.प्र.)

G-24812/24 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा**

क्रमांक/2211, 2262 to 2269/PWD/2025 विदिशा, दिनांक 21/03/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2211 | 2025_UAD_411697_1 | Preparation of DPR of drainage system for drainage of water in waterlogged areas Vidisha | I Call | 300000.00 | 3000.00 | 2000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 2 | 2262 | 2025_UAD_411739_1 | Construction Work of RCC Drain at Ward no 38 Near Laldhau tonwar from balveer yadav house to Sonu Raikwar Vidisha | III Call | 174321.00 | 3486.00 | 1000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 3 | 2263 | 2025_UAD_411744_1 | Construction Work of RCC drain at Ward no 34 from bablu ahirwar house to sultan ahirwar house vidisha | I Call | 359022.00 | 3590.00 | 2000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 4 | 2264 | 2025_UAD_411756_1 | Constrution Work of chabutra at ward no 01 Near Shani Mandir vidisha. | I Call | 152366.00 | 3047.00 | 1000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 5 | 2265 | 2025_UAD_411766_1 | Construction Work of Culvert located Near Ward no 08 Shyam tall Vidisha. | II Call | 7550325.00 | 56627.00 | 10000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 6 | 2266 | 2025_UAD_411779_1 | Construction Work of CC Road at Ward no 11 behind jagdish dixit house iqwal khan shop and gopal khatri house vidisha. | I Call | 231552.00 | 2316.00 | 2000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 7 | 2267 | 2025_UAD_411995_1 | Construction of ashphalt Work at Ward no 18 Ballavdas dharmshala to Rithaphatak road vidisha. | II Call | 882367.00 | 8824.00 | 2000.00 | 03 months | 14/04/2025 |
| 8 | 2268 | 2025_UAD_412004_1 | Construction Work of CC Renewal Coat at Ward no 30 banti nagar Neem bali gali and other streets. | I Call | 2172428.00 | 16293.00 | 5000.00 | 03 months | 28/04/2025 |
| 9 | 2269 | 2025_UAD_412008_1 | Construction Work of CC Road at Ward no 39 Teelakhedi New basti Vidisha. | I Call | 547580.00 | 5476.00 | 2000.00 | 03 months | 14/04/2025 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, विदिशा

## चिंतन

# दुष्कर्म पर असंवेदनशील टिप्पणी पर रोक उचित

इन दिनों जजों की साख कटघरे में है। एक तरफ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक जज के आवास परिसर में मिले अधजले नकदी मामले के चलते न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों पर बात हो रही है, तो दूसरी तरफ इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक जज की दुष्कर्म पर असंवेदनशील टिप्पणी के चलते कानून व उसकी व्याख्या को लेकर समझ पर प्रश्न उठना लाजिमी है और ऐसी अमानवीय टिप्पणी के पीछे भ्रष्ट आचरण की आशंका भी जायज है। सर्वोच्च अदालत ने दोनों ही मामले में सक्रियता दिखा कर न्याय के प्रति जनमानस के विश्वास को कायम रखने की कोशिश की है। दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आवास परिसर में मिले अधजले नोट की जांच तेजी से चल रही है, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज की टिप्पणी पर संज्ञान लिया है। उच्चतम न्यायालय ने दुष्कर्म पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की टिप्पणियों को असंवेदनशील और अमानवीय कहा और बलात्कार संबंधी हालिया दृष्टिकोण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए रोक लगा दी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के गत 17 मार्च के एक आदेश में कहा गया था कि महज ...पकड़ना और 'पायजामे' का नाड़ा ...बलात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता। सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इसे 'बेहद गंभीर मामला' करार दिया। दुष्कर्म को लेकर हमारे अनेक नेताओं की ओर से अनर्गल, असंवेदनशील और अमान्य टिप्पणियां कई बार आई हैं, लेकिन न्यायालय से हमेशा कानून सम्मत टिप्पणी की अपेक्षा की जाती है। जिस देश में महिलाओं के खिलाफ यौन अपराध के आंकड़े डराने वाले हों, उस देश की किसी हाई कोर्ट से ऐसी अमानवीय टिप्पणी की उम्मीद कैसे की जा सकती है? सुप्रीम कोर्ट को कोई ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिसमें निचली अदालत से लेकर उच्च अदालत तक के जजों की कानून को लेकर समझ व व्याख्या की नियमित स्क्रूटनी की जा सके। सर्वोच्च नयायालय ने कहा, 'चूंकि पैराग्राफ 21, 24 और 26 में की गई टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग हैं और असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण वाली हैं, इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं। दरअसल 'वी द वूमेन ऑफ इंडिया' नामक संगठन ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के संज्ञान में लाया, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। उच्च न्यायालय की विवादास्पद टिप्पणियों पर रोक लगाने का लीगल तात्पर्य यह है कि किसी तरह की विधिक प्रक्रिया में इनका आगे इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को कानून सम्मत उचित कदम उठाना चाहिए। अभी सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश से संबंधित मामले में संज्ञान लेते हुए शुरू की गई कार्यवाही में केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया है। न्याय के मंदिर में असंवेदनशील टिप्पणियों के प्रति सख्त रुख जरूरी है। न्याय प्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता और योग्यता की स्थापना और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस के लिए व्यापक स्तर पर न्यायिक सुधार को लागू किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति अधिनियम को लागू करने पर यथाघीघ्र विचार किया जाना चाहिए। देश के जज अपनी संवैधानिक व न्यायिक जिम्मेदारी को समझें और आम मानस के अदालत के प्रति विश्वास को खंडित नहीं होने दें।



जलवायु परिवर्तन
विकेश कुमार बडोला

# प्रकृति संरक्षण के प्रति गंभीर हों हम

> होली दिवस के अपराह्न काल से आरंभ हुआ ऐसा अप्रत्याशित जलवायु परिवर्तन पहले कभी यदा-कदा ही घटित हुआ होगा। ऐसा परिवर्तन वायुमंडल की वातानुकूलन स्थिति को ध्वस्त कर रहा है। यह दुष्चक्र विगत दस-पंद्रह वर्षों से तीव्रतापूर्वक अप्रकट रूप में घूम रहा है। इस पर आधुनिक विज्ञान और वैज्ञानिकों का कोई नियंत्रण नहीं है। यह मनुष्य के अल्पावधि के जीवन को भी कठिनाइयों, समस्याओं व पीड़ाओं से घेर रहा है। इसी समयावधि में अमेरिका के मध्य-पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्र के मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास, ओक्लाहोमा, कंसास और मिसिसिपी में भी आंधी-तूफान, वर्षा-हवाओं के कारण 34 लोग मारे गए और 29 घायल हो गए।

आधुनिक प्रगति की असंख्य उलझी हुई समस्याओं के साथ निरंतर उत्पन्न होती मौसम संबंधी अस्थिरताएं भी मनुष्य को हतप्रभ कर रही हैं। इस बार होली दिवस के संध्याकाल से ही भारत सहित विभिन्न देशों में जलवायु प्रतिकूल होनी आरंभ हो गई। परिणाम में जम्मू कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड की संपूर्ण पर्वतमाला के ऊंचे शिखरों पर हुए हिमपात, वर्षा, आंधी-तूफान द्वारा जलवायु पुनः अस्थिर हो उठी है। होली दिवस के अपराह्न काल से आरंभ हुआ ऐसा अप्रत्याशित जलवायु परिवर्तन पहले कभी यदा-कदा ही घटित हुआ होगा। ऐसा परिवर्तन वायुमंडल की वातानुकूलन स्थिति को ध्वस्त कर रहा है। यह दुष्चक्र विगत दस-पंद्रह वर्षों से तीव्रतापूर्वक अप्रकट रूप में घूम रहा है। इस पर आधुनिक विज्ञान और वैज्ञानिकों का कोई नियंत्रण नहीं है। यह मनुष्य के अल्पावधि के जीवन को भी केवल कठिनाइयों, समस्याओं व पीड़ाओं से घेर रहा है।

इस लेखक ने स्वयं पहाड़ी क्षेत्र में रहते हुए 14 मार्च को रात 12 बजे के बाद से लेकर 15 मार्च प्रातः 9 बजे तक भयंकर तेज हवाओं, अंधड़, तूफान और घन गर्जनाओं का सामना किया। वायु की गति इतनी तीव्र थी कि विशाल आकार के बीस-पच्चीस फुट लंबे-चौड़े वृक्ष जड़मूल धराशायी हो गये। घन गर्जनाएं ऐसी प्रतीत हुईं कि घर को नींव से भी नीचे गहरे जाकर उखाड़ रही हों। घरों में बनाये हुये अपने घोंसलों में रहनेवाले गौरैया पक्षी इस विध्वंशकारी वातावरण में बाहर निकलने का साहस नहीं कर सके। विशाल वृक्षों को तोड़-मरोड़ कर रख देने वाली तेज हवाओं के सम्मुख नन्हे पक्षियों का क्या अस्तित्व! प्रायः ब्रह्म मुहूर्त में अपनी चहचहाहटों के साथ फुदकने वाले गौरैया सहित अनेक अन्य पक्षी इस जलवायुगत विपत्ति में निःश्वास एवं अस्तित्वहीन होकर दुबके हुए थे। ऐसे में क्या मनुष्य का घर और क्या पक्षी का घोंसला, सभी आश्रयस्थल असुरक्षित थे। इस प्रतिकूल परिस्थिति में पूरा जीवन ही असुरक्षित हो उठा था। यह सभी कुछ होने की समयावधि में जो जन गहरी नींद में थे, उनके निद्रास्वास्थ्य का अभिनंदन है। किंतु यह लेखक तो पूरे छह-सात घंटे तक प्रकृति के विनाशक तांडव के थमने, रुकने की ही प्रतीक्षा करता रहा।

यह पारिस्थितिकी असंतुलन भारत के वायुमंडल तक ही सीमित नहीं था। इसी समयावधि में अमेरिका के मध्य-पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्र के मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास, ओक्लाहोमा, कंसास और मिसिसिपी में भी आंधी-तूफान, वर्षा-हवाओं के कारण 34 लोग मारे गए और 29 घायल हो गए। अमेरिका के इन क्षेत्रों में भी वैसी ही अग्नि भड़की हुई है। जैसी जनवरी में कैलिफोर्निया के जंगलों में थी। हवाओं से अग्नि का तीव्र प्रसार हो रहा है। परिणामतः मिसिसिपी, अलबामा और टेनेसी सहित अनेक क्षेत्रों के लगभग नब्बे लाख लोग तेज हवाओं से प्रज्ज्वलित अग्नि बवंडर से प्रभावित हो सकते हैं। वहां आठ करोड़ अट्ठाईस लाख की जनसंख्या को हवा के अलर्ट के बारे में सूचित किया गया है। मौसम का विनाशक घूर्णनकारी चक्र अमेरिका के मध्य क्षेत्र से होकर के पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इस कारण जॉर्जिया में अत्यधिक वर्षा, बाढ़ आने, विनाशकारी हवा के झोंकों के चलने और तीव्रतापूर्वक फैल रहे बवंडर का संकट व्याप्त है। भारत और अमेरिका ही नहीं दुनिया के अनेक



देशों, भूभागों और इनमें रह रहे लोगों पर 14-15 मार्च का जलवायु उत्पात गहन संकट बनकर छाया। ऐसा गत पंद्रह वर्षों में कम प्रभाव के साथ, गत दस वर्षों में अधिक प्रभाव के साथ और अब विगत एक-दो वर्षों में अत्यधिक प्रभाव के साथ निरंतर कुछ-कुछ दिनों के अंतराल पर हो ही रहा है। जब मौसम मानव जाति के सिर पर विनाश की छतरी बनकर तन चुका है, तो क्या मानवों को अभिशप्त वैज्ञानिक प्रतिस्पर्द्धा और परिणामकारी जैविक व जीवन संबंधी गतिविधियों पर नियंत्रण का कार्य अभ्यास आरंभ नहीं कर देना चाहिए? मौसम के अप्रत्याशित संकटों के सम्मुख मानव का विज्ञान-लालच कोई महत्व नहीं रखता है। अतः विज्ञान के आत्मघाती प्रयोगों को रोककर मानवीय जीवन को पुनः आत्मनिर्भर ग्रामीण व्यवस्था की ओर अग्रसर करने का समय आ चुका है। कोरोना महामारी के बाद तो ऐसा हो भी जाना चाहिए था, किंतु विश्व के कर्ताधर्ता ऐसा नहीं चाहते हैं। वे महामारीजन्य अनेक असुरक्षाओं के बाद भी मनुष्य को प्रगति का दास बनाये रखने की प्रेरणा दे रहे हैं। वे मनुष्य को प्राकृतिक जीवन, स्वास्थ्य, खाद्यान्न, आनंद देने की स्थिति में तो नहीं हैं किंतु वैज्ञानिक प्रगति के मंत्र से मुग्ध करके उसे अप्राकृतिक रूप में मरने-खपने और मरने-खपने की इस प्रतियोगिता से लगाव रखने की सीख देने में अवश्य सफल हैं। वैज्ञानिकों, पूंजीधारकों, उद्योगकारों और इनके अनुसार शासन हांकने वाले शासकों को अंततः कितना अधिक साधन-संसाधन संपन्न होना है! ऐसी संपन्नता की कोई सीमा भी तो होगी। यदि ऐसे लोग प्रकृति के प्रकट व गुप्त तत्त्वों का राक्षसी दोहन करते हुए अपने संबंधियों और समर्थकों के लिए भी साधनों-संसाधनों की विशाल मात्रा एकत्र कर देना चाहते हैं, तो करें। इस हेतु वे अपने व अपने संबंधियों के लिए साधनों-संसाधनों के मूल्य प्रतीक और अर्थव्यवस्था के शक्ति संकेत के स्वरूप में विद्यमान मुद्रा को वास्तविक अथवा आभासी रूप में मनचाही मात्रा में एकत्र कर लें। वे ऐसा कर भी रहे हैं। किंतु गहन आश्चर्य है कि ऐसा करने के बाद भी उनका लालच रुक नहीं रहा। उन्हें स्वयं और अपनी पीढ़ियों के लिए मनचाही मात्रा में एकत्र की हुई मुद्रा भी कम ही लग रही है। यदि मनुष्यगण ऐसी ही प्रवृत्ति से ग्रस्त रहेंगे तो इसका अंतिम दुष्परिणाम प्रकृति की विनाश-लीला के रूप में ही सामने होगा। साधन-संसाधन संपन्न मनुष्यों को बारंबार यह सूत्र स्मरण करने की आवश्यकता है कि वे उपलब्ध पंचतत्त्वों का आसुरी दोहन करके वैज्ञानिक-आधुनिक प्रगति तो कर सकते हैं, परंतु पंचतत्त्वों की विकारग्रस्तता के कारण उत्पन्न होने वाली अप्रत्याशित पर्यावरणीय प्रतिक्रियाएं नहीं थाम सकते। आज के प्रगतिवादी, आधुनिक और तर्कशील व्यक्ति अपनी कपोल कल्पना के वशीभूत होकर प्राचीन लोगों को मूर्ख समझते हैं, किंतु उन्हें जलवायु की दुर्दशा देखकर अपने बारे में भी यह सत्य जानने-समझने की अति आवश्यकता है कि अपने जीवन के आधार पंचतत्त्वों को पराकाष्ठा तक विकृत करने में वे सर्वाधिक दोषी हैं। पहले के मनुष्य जीवन की प्रत्येक गतिविधि को दूरदर्शी नीतियों के अनुसार निर्धारित करते थे। अपने जीवन को जीते हुए, उसे संभालते हुए, उसका चहुँदिश आनंद लेते हुए और उसका सम्मान करते हुए वे हमारी अर्थात् अपनी भावी पीढ़ी की पर्यावरणीय सुरक्षा के बारे में भी विचार किया करते थे। यदि वे हमारी चिंता न करते और हमारी ही तरह पंचतत्त्वों का कठोरतापूर्वक दोहन करते तो क्या वर्तमान धरती, आकाश और अन्य जीवन-तत्त्व हमारे लिए उपलब्ध रह भी पाते। आज के वैज्ञानिकों से लेकर साधारण जन को इस बिंदु पर अवश्य विचार करना चाहिए। संभवतः तब हमारे भीतर प्रकृति के प्रति सम्मान उत्पन्न हो सके और तत्पश्चात हम उसका क्रूर दोहन न कर अपनी भावी पीढ़ी हेतु उसे संरक्षित करने के कृतसंकल्प लें।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्व रंगमंच दिवस
ऋतुपर्ण दवे



# कला व अभिव्यक्ति से विश्व को अनूठा संदेश


आज विश्व रंगमंच दिवस है। रंगमंच शब्द ग्रीक शब्द 'थिएट्रॉन' से लिया गया है जिसका अर्थ है 'देखने की जगह'। भारत में रंगमंच का इतिहास बहुत पुराना है। भरत मुनि को नाट्यशास्त्र के लिए जाना जाता है। शुरू से यही वो माध्यम है जिसे समझकर उसके सौंदर्य और महत्व के साथ मनोरंजन के माध्यम से दैनिक जीवन में जश्न यानी खुशी प्रदर्शित की जाती है। विश्व रंगमंच दिवस इसी का प्रतीक है। रंगमंच वह विधा भी है जिससे दुनिया भर की सरकारों, राजनेताओं, संस्थानों और हितधारकों को भी मंच के जरिए सूचित व सचेत किया जाता है कि समाज की ऐसी संस्थाओं और लोगों के प्रति कैसी जनधारणा है। वास्तव में यह अभिव्यक्ति की वह कला है जिसमें कलाकार वास्तविक जीवन या घटनाओं का एक तरह से नाट्य रूपांतरण यानी रिक्रिएशन करते हैं, दोहराते और याद दिलाते हैं। इसे मनाने की शुरुआत 1961 से हुई थी। 27 मार्च, 1962 को विश्व रंगमंच दिवस अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान केंद्रों, उसके सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया। अब,यह दिन विश्व के 90 से अधिक देशों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय, अकादमियां, स्कूल और रंगमंच प्रेमी शामिल होते हैं।

संस्कृति, शिक्षा, शांति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस दिन एक विशेष संदेश जारी किया जाता है, जो किसी प्रमुख रंगमंच हस्ती द्वारा लिखा जाता है। यह संदेश रंगमंच की भूमिका और इसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डालता है। हर वर्ष इसकी एक अलग थीम होती है। इस बार की थीम 'रंगमंच और शांति की संस्कृति' है। जैसा कि नाम से ही साफ है, इस झुलसती और तृतीय विश्व युद्ध की आहट के बीच बढ़ रही दुनिया को बड़ा संदेश देना उद्देश्य है। साफ है कि रंगमंच या थिएटर प्रदर्शन वास्तव में कला के जरिए जीवंत प्रस्तुति, अभिव्यक्ति, स्वीकरण या अस्वीकरण का वह तरीका है जिसमें कलाकार किसी वास्तविक या काल्पनिक घटना के अनुभव को किसी विशिष्ट स्थान पर आकर सामने नाट्या प्रदर्शन करते हैं। निश्चित रूप से यह न केवल कठिन कार्य है बल्कि अभिनय की वह चुनौती है जिसे सामने बैठे दर्शकों के समक्ष मंच पर कलाकार करते हैं। एक तरह आज की भाषा में यह लाइव प्रदर्शन ही है। अपने संवाद, हाव-भाव, भाषण, गीत, संगीत और नृत्य के संयोजन से की जा रही जीवंत प्रस्तुतियों का दर्शकों पर एक अलग छाप व प्रभाव पड़ता है। ऐसे मंचन समाज के लिए न केवल बड़े संदेश देते हैं बल्कि कला के तत्व और कृत्रिम संसाधनों जैसे चित्रित दृश्य और स्टेज क्राफ्ट व प्रकाश व्यवस्था का उपयोग कर वो अनुभव की भौतिकता, उपस्थिति और तात्कालिकता भी बढ़ाते हैं। आधुनिक रंगमंच में नाटकों और संगीत थिएटर का प्रदर्शन भी शामिल होने से यह और भी आकर्षक और लोकप्रिय होते जा रहे हैं। बैले और ओपेरा थिएटर की वो प्रस्तुतियां बन गईं हैं जिसमें पारंपरिक रूप से किए जाने अभिनय, वेशभूषाओं का उपयोग किया जाता है। समय के साथ इस कला का भी विकास आधुनिक होते हुए भी काफी हद तक पारंपरिक भी है। यह दिन थिएटर कला के महत्व और मनोरंजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बात पर प्रकाश डालने के लिए भी मनाया जाता है ताकि उनका उपयोग शांति और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है। वास्तव में एक खास दिन इसको समूचे विश्व में एक साथ मनाने के पीछे भी बहुत बड़ी और व्यापक सोच है। रंगमंच के मूल्य के बारे में जागरूक करना, रंगमंच समुदायों को अपने काम को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने में सक्षम बनाना, दुनिया भर के रंगमंच कर्मियों और संगठनों को आपस में जोड़ना और एक-दूसरे परिचित कराना।

विश्व में अलग-अलग रूपों में प्रचलित रंगमंच विधाओं का न केवल आनंद लेना बल्कि दूसरों के साथ आनंद साझा करना है। वास्तव में विश्व रंगमंच दिवस हमें रंगमंच के विभिन्न रूपों का जश्न मनाने और हमारे समाज में उनके महत्व की सराहना करने का मौका भी देता है। निश्चित रूप से रंगमंच समाज में जागरूकता और चेतना का बड़ा जरिया है। आज नुक्कड़ नाटकों के जरिए दिए जाने वाले संदेश काफी प्रभाव छोड़ते हैं। यह समाज के लिए सचेतक जैसे होते हैं। विश्व रंगमंच दिवस का उद्देश्य इसे जीवित रख और उन्नत बनाना है ताकि यह अपनी-अपनी भाषाओं, लोकगाथाओं, लोक कलाओं के जरिए वो संदेश दे सके जो मानवता के लिए अपरिहार्य, हितकारक और शांति-सद्भाव को बनाए रखने में सहायक हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# उपकार के ऋण से मुक्त होना असंभव



संकलित
**दर्शन**

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया। इसलिए आनंद देने वाली उन सब वस्तुओं से भय, क्रोध, लालच, पीड़ा,ईर्ष्या, द्वेष एवं पीड़ा टपकने लगी।

# गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मांगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## सटाका




## आज की पाती

### ओपीएस का बेहतर विकल्प क्या हो?

भारत में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक मुद्दा बन चुका है। यह केवल सरकारी कर्मचारियों का ही नहीं, बल्कि देश की वित्तीय नीति और सामाजिक सुरक्षा का भी विषय है। 2004 में पुरानी पेंशन योजना को समाप्त कर नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की गई, लेकिन बीते कुछ वर्षों में ओपीएस की बहाली को लेकर कर्मचारियों में व्यापक आंदोलन और राजनीतिक बहस छिड़ी हुई है। कई प्रदेशों में ओपीएस बहाल कर दी गई है, लेकिन इससे राजकोष पर पड़ते भारी बोझ के कारण दबाव यह भी है कि ओपीएस का कोई बेहतर विकल्प ढूंढना होगा। इसीलिए केंद्र सरकार यूपीएस यानी यूनिफाइड पेंशन स्कीम लेकर आई है। अब बहस यह है कि क्या यह ओपीएस का बेहतर विकल्प है?

*– प्रदीप यदु, बिलासपुर*

## करंट अफेयर


# सीरिया दोराहे पर खड़ा है : संयुक्त राष्ट्र दूत



सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष दूत ने कहा है कि राष्ट्रपति बशर अल-असद को अपदस्थ किए जाने के तीन महीने बाद सीरिया दोराहे पर खड़ा है जहां से वह फिर से हिंसा की ओर लौट सकता है या शांति की ओर बढ़कर दशकों के संघर्ष को समाप्त कर सकता है। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष दूत गीर पेडरसन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि सीरिया में हिंसा की स्थिति लौट सकती है। उन्होंने कहा कि बाहरी शक्तियों को सीरियाई संप्रभुता के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। पेडरसन ने कहा कि दूसरा रास्ता जो सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय सुरक्षा को बहाल करेगा वह 'व्यवहार्य' है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि 'सीरिया के लोग सही निर्णय लें' और उन्हें अंतरराष्ट्रीय सहयोग मिले। सीरिया में 13 वर्षों से गृह युद्ध जारी है। पिछले वर्ष दिसंबर में इस्लामी समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने बशर अल असद की सत्ता को पलट दिया था और इसी के साथ देश में उनके परिवार का 50 वर्षों से अधिक पुराना शासन समाप्त हो गया।

## ऑफ बीट

# क्या कॉफी नींद की कमी की भरपाई कर सकती है



नींद की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। रातभर गहरी नींद लेने के बाद हरेक को अच्छा महसूस होता है और नहीं सोने से शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तो नींद की कमी की भरपाई के लिए क्या किया जा सकता है? या यूं कहें कि आप कम सोकर भी कैसे अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं? पर्याप्त नींद नहीं लेने से दिमाग के काम करने की क्षमता पर असर पड़ता है। वैज्ञानिक कई वर्षों से यह बात जानते हैं कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम होती है। हमने कुछ प्रतिभागियों को घर जाकर सोने और कुछ प्रतिभागियों को प्रयोगशाला में पूरी रात जागने को कहा। हमने पाया कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से न केवल ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत हुई, बल्कि इससे एक निश्चित क्रम में किए जाने वाले कार्यों को करने में (प्लेसकीपिंग) भी अधिक गलतियां हुईं। क्या कॉफी हो सकती है नींद का विकल्प? इसके बाद, हमने नींद की कमी की भरपाई के विभिन्न तरीकों को लेकर परीक्षण किया। यदि आपने पिछली रात पर्याप्त नींद नहीं ली, तो आप क्या करेंगे? कई लोग कॉफी या कोई 'एनर्जी ड्रिंक' (ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थ) पीना चाहेंगे।

## ट्रेंड

### रेगु टीम ने इतिहास रचा



सेपक टकराव विश्व कप 2025 में शानदार खेल प्रदर्शन के लिए हमारे दल को बधाई! दल ने 7 पदक जीते। पुरुषों की रेगु टीम ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गंभीर चिंताएं जताईं



आज संपादकों, शोधकर्ताओं और डोमेन विशेषज्ञों के एक विविध समूह से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, विशेष रूप से आरटीआई अधिनियम के दायरे पर इसके प्रभाव के बारे में गंभीर चिंताएँ व्यक्त कीं।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### आर्थिक असमानता



पिछले 78 वर्षों से किसी सरकार ने आम जनता को आर्थिक रूप से इतना कमज़ोर नहीं किया, जितना मोदी सरकार ने किया है। आर्थिक असमानता भयावह स्तर पर है। अरबपति, खरबपति बन चुके हैं और गरीब, कंगाल हो रहे हैं।
**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### लोकतांत्रिक व्यवस्था



समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना में विश्वास करती है। इतिहास की घटनाओं पर आज की लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं चल सकती। भाजपा सरकार को जनता के रोज़ी-रोज़गार, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने कहा 'यू आर द एवरेज ऑफ 5 पीपल अराउंड यू'

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

प्रत्येक व्यक्ति पर उसके आसपास के पांच लोगों का प्रभाव होता है। जैसे वे होते हैं वैसा ही वह बनता है। अगर संगत या दोस्ती बहुत अच्छे लोगों में है तो आप तरक्की करते जाते हैं। अच्छे लोगों से तात्पर्य इलीट या बड़े लोगों से नहीं, अपितु ऐसे लोगों से है जिनके अंदर सीखने और कुछ करने का जुनून हो, जो अनुशासित हों और समय का मूल्य समझते हों। ऐसे लोग स्वयं भी आगे बढ़ते और अपने आसपास के लोगों को भी ज्ञान, अनुभव और प्रभाव से आगे बढ़ाते हैं। 'यू आर द एवरेज ऑफ 5 पीपल अराउंड यू'... यह कहना है स्विगी के सीईओ रोहित कपूर का। जो स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित नवोन्मेष 2025 के समापन समारोह में बोल रहे थे।

### रोहित ने स्टूडेंट्स से इन पांच बातों को हमेशा ध्यान रखने की बात कही

- नो बडी इज बेटर दैन यू
- अपने पांच दोस्त स्वयं से चुनो
- देश, समाज, फैमिली, काम और सेल्फ, सभी को ध्यान में रखकर काम करें।
- किसी एक चीज में बेस्ट बनने का प्रयास करें
- नथिंग इज इम्पॉसिबल

## सबसे बड़े इनोवेशन कार्निवल नवोन्मेष 2025 का हुआ समापन




### कोई काम बुरा नहीं, नहीं करना बुरा है

उन्होंने कहा कि कोई काम अच्छा है कोई काम बुरा इस माइंडसेट से बाहर आना चाहिए। भारत में लोग अपने बच्चे को होटल में काम करते नहीं देखना चाहते परंतु जब बच्चा विदेश में पढ़ने जाता है और खर्चे के लिए मैक डोनाल्ड्स में काम करता है तो पैरेंट्स को कोई समस्या नहीं होती, जबकि मैक डी वहां का एक छोटा सा होटल ही है। इसलिए कोई काम बुरा नहीं, नहीं करना बुरा है।

### 6 इंच के स्क्रीन में न फंसें

रोहित कपूर ने कहा कि इस 6 इंच की स्क्रीन में मत फंसो और मेहनत करो। उन्होंने कहा कि अपनी ट्रेडिशनल एजुकेशन के साथ एआई और अन्य स्किल्स का टॉप अप करें। आज तकनीक की दुनिया में तेजी से चीजें बदल रही हैं। हमेशा नई स्किल्स को सीखते रहें, यह सफलता के लिए आवश्यक है।

## यूनिवर्सिटी में प्रोडक्शन सेंटर और उद्यमिता का सेंटर होने चाहिए




इस अवसर पर आरएनटीयू के कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि नई शिक्षा नीति यह बात कहती है कि यूनिवर्सिटी में प्रोडक्शन सेंटर और उद्यमिता का सेंटर होने चाहिए जहां से प्रदेश की इकॉनमी को ताकत मिलती रहे। इसे लेकर हमने पांच साल पहले ही कार्य करना शुरू कर दिया था।

**शहर में मंचित कई नाटकों में नजर आई कला प्रेमियों की उमड़ती भीड़**

### विश्व रंगमंच दिवस

### हाउसफुल के बावजूद स्टेज से सटकर बैठे दर्शक

# लाइट्स, कैमरा, एक्शन के जमाने में भी नाटकों के प्रति दर्शकों का प्यार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

लाइट्स, कैमरा, एक्शन के जमाने में जहां लोगों के पास मनोरंजन के एक से बढ़कर एक अवसर हैं, फिर वो सिनेमा हॉल में मूवी देखने का विकल्प हो या ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक से बढ़कर एक वेब सीरीज और मूवी का ट्रेंड। बावजूद इसके दर्शकों में रंगमंच पर अभिनय देखने की ललक आज भी है, जिसमें कई बार यह दर्शक टिकट लेकर शो देखते हैं तो कई बार निशुल्क किए गए शो में मंच से सटकर बैठते दर्शकों की संख्या यह उदाहरण प्रस्तुत करती है कि आज भी लोगों में स्क्रीन से अलग हटकर लाइव शो देखने का क्रेज है।

### टिकट लेकर देखे नाटक, शो रहा हाउसफुल

पिछले साल रवींद्र भवन में 'अंधा युग' का मंचन किया। टिकट की कीमत 100 रुपए थी और शो एक बड़ी सफलता थी। इससे उत्साहित होकर उन्होंने पॉपकॉर्न और आगरा बाजार के दो-दो शो आयोजित किए। 'पॉपकॉर्न' के लिए टिकट की कीमत 200 रुपए और आगरा बाजार के लिए 500 रुपए थी, बावजूद इसके दर्शकों की प्रतिक्रिया शानदार रही।


नाटक 'अंधा युग' को देखने पहुंचे सैकड़ों लोग।



### ऐसा दौर जब मुख्यमंत्री भी कतार में लगकर लेते थे टिकट



हम थियेटर के संस्थापक बालेंद्र सिंह बताते हैं कि थियेटर के गढ़ भोपाल में एक दौर था जब लोग टिकट खरीदकर नाटक देखा करते थे। भारत भवन की रेपेटरी 1981 में शुरू हुई। वहां नाटकों का प्रोडक्शन होता था। यहां के लोग हबीब तनवीर, बंशी कौल, बी.वी. कारंत आदि के नाटक टिकट लेकर देखते। भोपाल में आखिरी बार शहर में दर्शकों ने नाटक देखने के लिए भुगतान 1997 में किया था। तब भारत भवन की रेपेटरी रंगमंडल दो से 20 रुपए तक के टिकट पेश करता था। उस समय मुख्यमंत्री को भी नाटक देखने के लिए टिकट खरीदना पड़ता था और वह भी कतार में लगकर। इससे नाटक के प्रति लोगों के प्रेम का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### भारत रंग महोत्सव में मंचित नाटक 'पुरुष' को देखने उमड़ी भीड़


वहीं, इसी साल फरवरी में भारत भवन में भारत रंग महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें आदर्श शर्मा के निर्देशन में नाटक 'पुरुष' का मंचन किया गया। इस नाटक को देखने बड़ी संख्या में कला प्रेमी आए। वहीं, पिछले वर्ष मंचित नाटक अंजी को देखने 350 से अधिक दर्शक उपस्थित थे, जबकि हॉल की क्षमता 220 ही थी।




नाटक अंजी के दौरान खचाखच भरा हॉल।

### 1300 रुपए का टिकट लेकर दिग्गज सितारों को देखने आए दर्शक

इसी साल मार्च के पहले सप्ताह में रंग थियेटर समूह ने इंडीमूंस आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया। पहले दिन नितीश भारद्वाज अभिनीत 'चक्रव्यूह', दूसरे दिन मकरंद देशपांडे का नाटक 'सर सर सरला', तीसरे दिन शरमन जोशी अभिनीत 'राजू राजा राम और मैं' व अंतिम दिन पंकज के कपूर के नाटक 'दोपहरी' का मंचन हुआ। दिग्गज सितारों वाले इस आर्ट फेस्ट में दर्शकों ने 300 से 1300 रुपए तक के टिकट खरीदे और नाटक देखा, जिसमें दर्शकों की भीड़ देखी गई।




'राजू राजा राम और मैं' का एक दृश्य।

### रंग श्री लिटिल बैले में मृत्युंजय कर्ण का मंचन



## जीवन संघर्ष की वह गाथा, जिसका अंत कुरुक्षेत्र युद्ध में कर्ण की मृत्यु से हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

कर्ण के जन्म से प्रारंभ हुए जीवन संघर्ष की वह गाथा है, जिसका अंत अंततः कुरुक्षेत्र के कुरुक्षेत्र के युद्ध में कर्ण की मृत्यु के साथ ही होता है। अविवाहित कुंती, अपने और सूर्य के नियोग से जन्मे कवच-कुंडल धारण किए हुए पुत्र कर्ण की इसी गाथा को रंग श्री लिटिल बैले में मंचित नृत्य नाटिका मृत्युंजय कर्ण के मंचन में देखने को मिला। रामधारी सिंह दिनकर रचित खंडकाव्य रश्मिरथी पर आधारित इस नृत्य नाटक में कोरियोग्राफी व निर्देशन चन्द्र माधव बारीक का रहा।



### नाटक की कहानी

अत्यंत ओजस्वी, अत्यंत वीर और उदार कर्ण दृढ़ प्रतिज्ञाा और दानवीरता के लिए प्रसिद्ध हैं। वर्ण से क्षत्रिय होने के कारण बचपन से ही कर्ण अस्त्र-शस्त्र के प्रति रुचि रखाता है, परंतु उसकी पहचान सूत पुत्र के रूप में होने से द्रोणाचार्य शिक्षा देने से मना कर देते हैं। आहत कर्ण ब्राह्मण बनकर परशुराम से शिक्षा प्राप्त करता है, किंतु यहां भी उनका भेद खुल जाता है। श्रीकृष्ण भी कर्ण को पांडवों की ओर से युद्ध करने आमंत्रित करते हैं, लेकिन कर्ण द्रौपदी को वैश्या कहने का क्षोभ उनके हृदय को दग्ध कर देता है.. और वह दुर्योधन की ओर से ही युद्ध करने का निर्णय करता है।

### खबर संक्षेप

#### पुस्तक बरोह का विमोचन और परिचर्चा आज

**भोपाल।** शिवाजी नगर स्थित विश्व संवाद केन्द्र में 27 मार्च, गुरुवार को शाम 6.30 बजे से पुस्तक बरोह का विमोचन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया है। यह पुस्तक पुणे के प्रसिद्ध चिंतक, विचारक एवं लेखक प्रा.प्र.ग. सहस्त्रबुद्धे द्वारा जीवन की चुनौतियों का समाधान सरल एवं रुचिकर प्रसंगों पर आधारित मराठी पुस्तक पारंब्या का हिन्दी अनुवाद है। पुस्तक बरोह का हिन्दी अनुवाद संस्कृति अध्येता, अकादमिक प्रशासक गिरीश जोशी ने किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ डॉ. मनमोहन वैद्य बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन पुस्तक प्रकाशित करने वाली संस्था भारती प्रकाशन, नागपुर द्वारा किया गया है।

#### स्व. गुलबर्द्धन राष्ट्रीय नृत्य, नाट्य, बैले कल से 31 मार्च तक

**भोपाल।** चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसायटी 28 से 31 मार्च तक चार दिवसीय स्व. गुल बर्द्धन राष्ट्रीय नृत्य, नाट्य, बैले समारोह स्वयं सिद्धा - 2 रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप में किया जा रहा है। शाम 7 बजे से मंचित इस समारोह में निम्न नाटकों को प्रस्तुत किया जाएगा।

*28 मार्च*
*नाटक - बस इतना सा ख्वाब है*
*निर्देशक - स्व. के.जी. त्रिवेदी*
*प्रस्तुति - त्रिकर्षि नाट्य संस्था*
*29 मार्च*
*लघु नृत्य रचना - आदियोगी शिव परिकल्पना, निर्देशन - डॉ. श्रुति कीर्ति बारिक*
*कोरियोग्राफी - सुमन कोठारी*
*प्रस्तुति - चैतन्य सोश्यो सोसायटी*
*29 मार्च*
*बैले नाट्य - कृष्णा का मित्र*
*कोरियोग्राफी - वैशाली गुप्ता*
*प्रस्तुति - अर्घ्य कला समिति*
*30 मार्च*
*एकल कत्थक नृत्य*
*प्रस्तुति - वी. अनुराधा सिंह*
*31 मार्च*
*कत्थक समूह नृत्य*
*संकल्पना , निर्देशन-सुचित्रा हरमलकर*
*प्रस्तुति-कार्तिक कला अकादमी , इंदौर*

## दुष्यंत संग्रहालय में तीन दिवसीय नाट्य समारोह का शुभारंभ आज, पहले दिन 'जादू मंतर' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 27 मार्च से शुरू हो रहे समारोह में प्रतिदिन एक नाट्य प्रस्तुति होगी। समारोह का आयोजन कबीला सोसायटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स की ओर से किया जा रहा है। समारोह के निदेशक अनिमेष श्रीवास्तव और निर्देशक उज्ज्वल सिंह ने बताया कि समारोह के पहले दिन गुरुवार को अभिषेक गर्ग के निर्देशन में नाटक जादू मंतर का मंचन होगा। इससे पहले वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद् अनुपम चौकसे को समर सम्मान से विभूषित किया जायेगा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मप्र वित्त विभाग के अतिरिक्त सचिव अदिति त्रिपाठी होंगी। समारोह में सभी प्रस्तुतियां शाम 6.30 बजे शुरू होंगी।

### साहित्य अकादमी का सिंधी साहित्य मंच का आयोजन आज संत नगर में

भोपाल। वीना कला एवं सेवा समिति भारत सरकार की साहित्य अकादमी द्वारा गुरुवार 27 मार्च को संत हिरदाराम नगर के सुशीला भवन में साहित्य मंच का आयोजन शाम 5:30 बजे से होगा। इसमें सिंधी रचनाकार नारी लछवाणी, कन्हैयो मोटवाणी, बल्लू चोईथाणी, द्रोपदी चंदनाणी, राकेश शेवाणी, द्वारा रचनाएं पढ़ी जाएगी। स्वागत वक्तव्य साहित्य अकादमी परामर्श मंडल के सिंधी भाषा परामर्श मंडल के सदस्य अशोक मनवानी द्वारा दिया जाएगा। वीना कला एवं सेवा समिति का साहित्य अकादमी के साथ दूसरा कार्यक्रम है। साहित्य अकादमी के सिंधी भाषा संयोजक मोहन हिमथानी एवं वीना कला एवं सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश शेवानी नें साहित्य प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### मायाराम सुरजन भवन में नाटक 'हवालात' का मंचन

## पुलिस में खोती मानवीयता और संवेदनशीलता पर कटाक्ष करता नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी की वजह से लोग दाने-दाने को मोहताज हैं। साथ ही आम आदमी के प्रति पुलिस वालों के भीतर खोती मानवीयता और संवेदनशीलता भी एक प्रश्न चिन्ह लगाती है। ऐसी ही स्थिति को उजागर करता नाटक 'हवालात' का मंचन बुधवार शाम शहीद भवन सभागार में किया गया। नाटक में लेखन सर्वदयाल सक्सेना का और निर्देशन रविंद्र मोरे का रहा।

#### नाटक के बारे में

नाटक में दिखाया कि कहानी तीन लड़कों की है, जो बेगुनाह होते हुए भी पुलिस के सामने स्वयं को गुनाहकार साबित करके हवालात में रहना चाहते हैं, क्योंकि तीनों पात्र बर्फीली रात की सर्द हवाओं में ठिठुरते रहते हैं। जिन्दगी और हालातों से मजबूर इनके पास न तो ढंग के कपड़े हैं और न ही रहने के लिये घर। अपने तन पर फटे, मैले कपड़े पहने हुए वे तीनों एक पेड़ से चिपककर ठंड से बचने की कोशिश करते हैं, तभी पुलिस का एक सिपाही गश्त लगाता हुआ, उस स्थान पर आता है उसकी सीटी की आवाज सुनते ही तीनों डर कर भागने की कोशिश करते हैं, लेकिन तीनों पकड़े जाते हैं और वह तीनों स्वयं को चोर, हत्यारा, और नक्सलवादी बताकर अपराधी साबित होने में पुलिस की मदद करते हैं। लेकिन उनकी यह कोशिश तब नाकाम हो जाती है जब सिपाही उन्हें हवालात न ले जाकर उनकी आंखों में पट्टी बांधकर उसी पेड़ के इर्द गिर्द घुमाता रहता है।

### संस्कार भारती में एकल रंगमंच समारोह सोलो सागा 3.0 का समापन

## एक स्त्री के रिश्तों के जाल से निकलने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

एक स्त्री जो अपने आस-पास रिश्तों का एक जाल बुन लेती है और जिंदगी भर उस जाल से निकलने की उधेड़बुन में लगी रहती है।

जब भी वह इस जाल से निकलने की कोशिश करती है कोई न कोई रिश्ता वापिस उसे वहीं खींच लेता है। स्त्री की इसी मनोदशा का ऐसा ही प्रभावपूर्ण प्रदर्शन करता नाटक 'जाल' का मंचन बुधवार को संस्कार भारती में किया गया। कमलेश दुबे द्वारा निर्देशित इस एकल नाट्य प्रस्तुति में आरती विश्वकर्मा का अभिनय खास रहा।



#### नाटक जाल की कहानी



एक औरत जो मकड़ी के जाल की तरह गृहस्थी का जाल अपने आस-पास बुनती है, उसे कभी तोड़ नहीं पाती, मकड़ी तो उसे तोड़कर बाहर निकल जाती है पर औरत पत्नी, मां, बहु, चाची न जाने कितने किरदारों को निभाती है। हर बार कोई न कोई किरदार उसे इस जाल को तोड़ने से रोक ही लेता है, नाटक में एक बेटी अपनी मां के जीवन की व्यथा कथा को अभिव्यक्त करती है जिसमें वह पूरे परिवार को गुनहगार पाती है खुद को भी।

### दो दिवसीय विभा एवं सुनील मिश्र स्मृति नाट्य एवं सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

त्रिकर्षि नाट्य संस्था द्वारा आगामी 29 एवं 30 मार्च को 2 दिवसीय विभा मिश्र एवं सुनील मिश्र स्मृति नाट्य एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। सम्मान समारोह में सरोज शर्मा को विभा मिश्र स्मृति सम्मान से तथा दक्षा वैदकर को सुनील मिश्र स्मृति कला पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। नाट्य समारोह का आयोजन शहीद भवन में शाम 6.45 बजे से किया जाएगा। इसमें मंचित होने वाले नाटक इस प्रकार रहेंगे -

*29 मार्च, शनिवार*
*नाटक - लछिया*
*लेखक - जैकी भावसार, वसीम अली*
*निर्देशन - वसीम अली*
*प्रस्तुति - स्ट्रीट फैक्ट ड्रामा ग्रुप*

*30 मार्च, रविवार*
*कृष्ण चन्दर की दो कहानियों का मंचन*
*1- पूरे चांद की रात,*
*निर्देशन - आयुषी गारवे*
*सह निर्देशन - अंशिका कसाना*
*प्रस्तुति - रंग माध्यम नाट्य संस्था*
*2- शहजादा*
*निर्देशन - अनुराग मिश्र*
*सह निर्देशन - कशक सैनी*
*प्रस्तुति - रंग माध्यम नाट्य संस्था*

### आकाशवाणी में युवा भारत कार्यक्रम

## लगातार विकसित होती प्रौद्योगिकी में सतर्क रहना बहुत आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

आकाशवाणी में बुधवार को केंद्र सरकार की युवाओं पर केंद्रित योजनाओं पर आधारित युवा भारत कार्यक्रम का समापन समारोह एवं स्किल डेवलपमेंट व साइबर कानून पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग थे। कार्यक्रम में श्रद्धा जोशी ने साइबर क्राइम जागरुकता पर बात करते हुए कहा कि लगातार विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच आज के समय में सतर्क रहना बहुत आवश्यक है।

आकाशवाणी भोपाल के कार्यक्रम



प्रमुख राजेश भट्ट ने युवा भारत कार्यक्रम का परिचय देते हुए कहा कि आकाशवाणी भोपाल विभिन्न आयोजनों के माध्यम से अपने स्टूडियो परिसर के बाहर भी युवाओं से जुड़ रहा है और कंटेंट जेनरेशन कर रहा है।

**वूमंस पॉलिटेक्निक कॉलेज के वार्षिक उत्सव 'वाणी-2025' का तीसरा दिन**

## संगीत के सुर गूंजे और फेस पेंटिंग में चमके हैलोवीन के चेहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

एस वी पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित वूमंस पॉलिटेक्निक के वार्षिक उत्सव 'वाणी-2025' के तीसरे दिन गायन और फेस पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एकल गायन प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने मनपसंद गीतों को आवाज दी वहीं छात्राओं के साथ-साथ फैकल्टी ने भी सुर छेड़े। गायन प्रतियोगिता में विनर बनीं कंप्यूटर साइंस की छात्रा श्रद्धा, जिसने लता मंगेशकर का गाया गीत ये दिल तुम बिन कहीं... प्रस्तुत किया। वहीं, फैशन टेक्नॉलजी की छात्रा सोहा ने तेरी गलियां....गाना गाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



### चेहरे पर डरावने मुखौटों ने किया हतप्रभ

इसके बाद हैलोवीन थीम पर फेस पेंटिंग कॉम्पिटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें 10 छात्राओं ने क्रिएटिविटी का नायाब नमूना प्रस्तुत किया। जिसमें छात्राओं ने अपने पार्टनर के चेहरे पर डरावने मुखौटे पेंट किए और दर्शकों की खूब वाह-वाही लूटी। इसमें प्रथम स्थान मुस्कान को मिला, वहीं द्वितीय स्थान पर संगीता रहीं।







# जहां राम के चरण पड़े, रामसेतु बना वहीं देंगे पंबन ब्रिज की सौगात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान राम से जुड़े तीर्थों को नया स्वरूप देने में जुटे हैं। इसी कड़ी में पीएम मोदी अयोध्या के बाद तमिलनाडु में उस जगह से देशवासियों को एक खूबसूरत ब्रिज की सौगात देंगे,जहां कभी प्रभुराम के चरण पड़े थे। रामेश्वरम का पंबन ब्रिज जिस समुद्री क्षेत्र (मन्नार की खाड़ी) के ऊपर बना है, वह वही स्थान माना जाता है जहां से भगवान राम ने लंका जाने के लिए रामसेतु का निर्माण करवाया था। रामनवमी के दिन पीएम मोदी यह ब्रिज देशवासियों को समर्पित करेंगे। इसका लुक गजब का बनाया गया है।

**12.5** मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया

**415** टन है प्रत्येक पत्ते का वजन

**143** खंभे लगे हैं इस पुल में

रामनवमी के दिन पीएम मोदी यह ब्रिज देशवासियों को करेंगे समर्पित

### ब्रिज की खासियत

पंबन ब्रिज न केवल एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, बल्कि यह कई कहानियों और संघर्षों का साक्षी भी रहा है। पंबन ब्रिज एक कैंटिलीवर ब्रिज है, जो समुद्र तल से 12.5 मीटर की ऊंचाई पर बना हुआ है। इस पुल का डिजाइन इतना अनूठा है कि यह बीच से खुल सकता है, जिससे समुद्री जहाज आसानी से गुजर सकते हैं। इसे 'डबल-लीफ बेसक्यूल ब्रिज' कहा जाता है। इन पत्तों को मैन्युअल रूप से लीवर की मदद से उठाया और नीचे किया जाता था। प्रत्येक पत्ते का वजन लगभग 415 टन है। पुल में 143 खंभे लगे हैं, जो चक्रवात के वक्त भी इसे मजबूती से खड़ा रखेंगे।

**पीएम मोदी तीर्थों को नया स्वरूप देने में जुटे**



**1914** में यातायात के लिए खुला

**रामेश्वरम से मंडपम को जोड़ेगा**

पंबन ब्रिज समुद्र पर बना हुआ है और यह रामेश्वरम को भारत की मुख्य भूमि (मंडपम) से जोड़ेगा। वैज्ञानिक अध्ययनों और नासा की तस्वीरों से साफ हो चुका है कि पंबन के पास ही समुद्र में एक प्राचीन चट्टानी श्रृंखला पाई गई है, जो रामसेतु की तरह नजर आती है। माना जाता है कि यह सेतु पंबन से श्रीलंका तक फैला हुआ था। यही वजह है कि सरकार ने इस जगह पर जो पुल बनाया है, उसका नाम पंबन ब्रिज रखा गया है।

**113 साल पहले हुई शुरुआत**

सबसे पहले पंबन ब्रिज का निर्माण 1911 में शुरू हुआ और 1914 में इसे यातायात के लिए खोल दिया गया। यह भारत का पहला समुद्री पुल था। यह पुल मन्नार की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है और रामेश्वरम द्वीप को तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। 1954 में एक बड़ा हादसा हुआ, जब तूफान के कारण एक ट्रेन पुल से नीचे समुद्र में गिर गई। इसमें कई पैसेंजर्स की मौत हो गई थी। 1964 में आए चक्रवात ने ब्रिज को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। 2019 में इंडियन रेलवे ने इसकी डिजाइन में बड़े बदलाव किए।

## खबर संक्षेप

### कैंची धाम में भक्तों के लिए अब शटल सेवा शुरू

**कुमाऊं।** कैंची धाम आने वाले भक्तों की भीड़ बढ़ने से उत्पन्न जाम की समस्या से निजात दिलाने



पुलिस ने यातायात प्लान तैयार किया है। बाबा के भक्त अब शटल सेवाओं से कैंची धाम पहुचेंगे। जाम से निजात दिलाने, सुगम आवागमन हेतु आईजी कुमाऊं रिधिम अग्रवाल व एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### छात्र ने लोहे की रॉड पर फंदा डाल किया सुसाइड

**कोटा।** राजस्थान के कोटा से फिर छात्र द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जवाहर



नगर इलाके में मंगलवार को 17 वर्षीय मेडिकल छात्र ने हॉस्टल के कमरे में लोहे की रॉड से कथित तौर पर फांसी लगा ली। जनवरी से आत्महत्या करने का ये नौवां मामला आया है। नालंदा निवासी हर्षराज मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

### हिरासत में रहकर सांसद राशिद संसद में लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकी फंडिंग मामले में गिरफ्तार जम्मू-कश्मीर के सांसद अब्दुल



राशिद शेख को हिरासत में संसद सत्र में भाग लेने की अनुमति दे दी है। जस्टिस चंद्र धारी सिंह और अनूप जयराम भंभानी की पीठ ने कहा कि पुलिस राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद को 26 मार्च से चार अप्रैल के बीच सभी दिनों में संसद तक ले जाएगी और वापस जेल ले आएगी।

### योगी के प्लेन में खराबी आगरा में आपात लैंडिंग

**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्लेन में वहां से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही



खराबी आ गई। इससे पायलट ने प्लेन को खैरिया एयरपोर्ट की तरफ मोड़ लिया और सुरक्षित इमरजेंसी लैंड कराई। इससे अफसरों में हड़कंप मच गया। योगी को विदा कर लौट चुके अफसर दोबारा भागते हुए पहुंचे। प्लेन को ठीक करने के लिए इंजीनियरों को भी बुलाया गया।

### मुंबई में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

**मुंबई।** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चेंबूर इलाके में देह व्यापार के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया। इस



दौरान एक नाबालिग लड़की सहित 5 महिलाओं को बचाया गया और 2 दलालों को गिरफ्तार किया। 2 व्यक्ति अवैध गतिविधि के तहत महिलाओं को एक रेस्टोरेंट में लाने वाले हैं। इसकी पुष्टि के लिए पुलिस ने एक एनजीओ की मदद से नकली ग्राहक भेजा।

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने विपक्ष के नेता राहुल को दी सख्त हिदायत

# सदन की गरिमा व उच्च मानकों के लिए विपक्ष के नेता नियमों का पालन करें

स्पीकर बिरला की नसीहत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सख्त हिदायत दी। उन्होंने कांग्रेस नेता से सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए नियमों का पालन करने को कहा। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि अध्यक्ष ने यह टिप्पणी क्यों की? स्पीकर ने कहा कि सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे सदन के उच्च मानकों और गरिमा को बनाए रखने के लिए ऐसा आचरण करें। अध्यक्ष ने कहा कि मेरे संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं, जहां सदस्यों का आचरण मानकों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सदन में पिता और पुत्री, माता और पुत्री, पति और पत्नी सदस्य रहे हैं। इस संदर्भ में मैं विपक्ष के नेता से अपेक्षा करता हूं कि वे नियम 349 के अनुसार आचरण करें, जो सदन में सदस्यों द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों से संबंधित है। इस पर राहुल ने कहा कि मैंने तो कुछ भी नहीं बोला, मैं तो चुपचाप बैठा था। विपक्ष को बोलने ही कहा दिया जाता था।

> अध्यक्ष ने कहा कि मेरे संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं, जहां सदस्यों का आचरण मानकों के अनुरूप नहीं है। सभी को शांतिके साथ मुद्दे रखने चाहिए

**सभी सदस्यों को नियम 349 के अनुसार आचरण करना चाहिए**

### सदन की मर्यादा और शालीनता बनाए रखें



स्पीकर बिरला ने कहा कि आपसे सदन की मर्यादा और शालीनता के उच्च मानदंडों को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। मेरी जानकारी में ऐसे कई मामले हैं, जब सांसदों का आचरण सदन की मर्यादा और परंपराओं के उच्च मानदंडों को बनाए रखने के अनुरूप नहीं था। विपक्ष के नेता से विशेष रूप से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपना आचरण बनाए रखें।

**70 सांसदों ने स्पीकर से मुलाकात की**

इस बीच पार्टी सूत्रों ने बताया कि लोकसभा के उपनेता गौरव गोगोई, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और लोकसभा में पार्टी के सचेतक मणिकम टैगोर सहित कांग्रेस के करीब 70 लोकसभा सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की और राहुल को सदन में बोलने का मौका न दिए जाने का मुद्दा उठाया।

राहुल का आरोप

### मुझे सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा, क्या चल रहा?

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मुझे नहीं पता कि क्या चल रहा है? मेरी अपील है कि मुझे बोलने



दिया जाए, लेकिन जब भी मैं खड़ा होता हूं, मुझे बोलने नहीं दिया जाता। ये सदन चलाने का तरीका नहीं है। बिरला ने नेता प्रतिपक्ष को सदन में नियमों के तहत आचरण करने की सलाह दी थी। राहुल ने कहा कि एक कन्वेंशन है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने दिया जाता है। सदन किस प्रकार चल रहा है?

#### अलोकतांत्रिक ढंग से चल रहा सदन

राहुल ने दावा किया कि उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है और सदन को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने उनके बारे में टिप्पणी की और फिर उन्हें बोलने का मौका दिए बिना सदन को स्थगित कर दिया। पिछले सप्ताह उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई थी।

### शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस दिया

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का



नोटिस पेश किया। इसमें उन पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी पर आक्षेप लगाने का आरोप लगाया। राज्यसभा के सभापति को दिए नोटिस में कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष के खिलाफ उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के पूर्व नियोजित मकसद से निराधार आरोप लगाए हैं।

गृहमंत्री शाह का कांग्रेस पर वार



### विचारों की गरीबी खत्म करने का उपाय हमारे पास नहीं

लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में बहुत से लोगों के पास भौतिक संपदा तो है, लेकिन देश में विचारों की गरीबी अभी भी खत्म नहीं हुई है और मैं इसे अपने सामने देख सकता हूं। विचारों की गरीबी को खत्म करने का उपाय पीएम मोदी के पास नहीं है। हम इसे कैसे दूर कर सकते हैं? यह पार्टी पदानुक्रम में ऊपर से नीचे तक आता है। वैचारिक समस्या का कोई इलाज नहीं है। पूंजी के बिना किसी व्यक्ति को उद्यमिता से जोड़ने का एकमात्र तरीका सहकारी क्षेत्र है, जिसके माध्यम से करोड़ों लोग 100की पूंजी के साथ एक साथ आ रहे हैं और अपना उद्यम शुरू कर रहे हैं, समान रूप से रह रहे हैं, नौकरी पा रहे हैं और स्वरोजगार के माध्यम से देश के विकास में योगदान दे रहे हैं।

### बंगाल में खिलेगा कमल तो आयुष्मान भारत होगा लागू

शाह मुफ्त राशन, आवास और दवा उपलब्ध करानेसरकार के प्रयासों का ब्योरा दे रहे थे, तो विपक्षी सदस्यों की ओर से जोरदार असहमति को देखते हुए उन्होंने कहा कि राजधानी में कमल खिलने के बाद आयुष्मान भारत दिल्ली में भी आया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजना चुनावों के बाद पश्चिम बंगाल में भी आएगी।

केंद्रीय मंत्री और द्रमुक सांसद के बीच नोकझोंक

## लोकसभा में अश्विनी वैष्णव ने द्रमुक को पढ़ाया संघीय ढांचे के सम्मान का पाठ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के सांसदों को संविधान में शामिल देश के संघीय ढांचे के सम्मान की याद दिलाई। दरअसल यह पूरा मामला द्रमुक सांसद दयानिधि मारन द्वारा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से ऑनलाइन गेमिंग के मामले पर पूछे गए एक प्रश्न से जुड़ा हुआ है। जिसमें



उन्होंने सरकार पर ऑनलाइन गेमिंग के खिलाफ अपनी नैतिक जिम्मेदारी उठाने से बचने का आरोप लगाते हुए तमिलनाडु सरकार की पीठ थपथपाते हुए कहा कि राज्य ने ऑनलाइन गेमिंग पर रोक लगा दी है। ऐसे में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा मामले से जुड़ी हुई सभी वेबसाइटों पर कब तक रोक लगाई जाएगी?

### कानून बनाना राज्यों की जिम्मेदारी

प्रश्न के जवाब में बेहद तीखी प्रतिक्रिया देते हुए वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग (जुआ) संविधान प्रदत्त संविधान ढांचे के तहत राज्य का विषय है। जिसका उल्लेख लिस्ट-2 एंटी-34 में किया गया है। इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि इस मामले पर कानून बनाने का अधिकार राज्यों का ही है। ऐसे में द्रमुक सांसद दयानिधि मारन को केंद्र सरकार की नैतिक जिम्मेदारी पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। यह देश संविधान में बताए गए संघीय ढांचे से चलता है। जिसमें ऑनलाइन गेमिंग पर कानून बनाने का अधिकार और उसका नैतिक दायित्व पूरी तरह से राज्य सरकारों को प्रदान किया गया है। उन्होंने मारन से अनुरोध करते हुए कहा कि उन्हें संघीय ढांचे का अध्ययन करना चाहिए।

### बैन की गई 1, 410 वेबसाइट

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार के पास विभिन्न माध्यमों से आई शिकायतों के आधार पर अब तक ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी हुई कुल 1 हजार 410 वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगाया गया है। वैष्णव ने कहा कि कुछ राज्यों ने मामले पर कानून बनाया है। लेकिन केंद्र की तरफ से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परामर्श जारी किया है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने विज्ञापन के जरिए हर खासोआम को जागरूक करने की कोशिश की है।*

तीन महीने बाद खुला हत्या का राज

## योग शिक्षक को 7 फीट गहरे गड्ढे में जिंदा गाड़ा

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

रोहतक के बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में योग शिक्षक जगदीप (45) तीन महीने से लापता थे। मंगलवार को उनका शव चरखी दादरी के पैंतावास कलां गांव में 7 फुट गहरे गड्ढे से बरामद हुआ।

पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या के पीछे मुख्य आरोपी राजकरण (40) था, जिसे शक था कि उसकी पत्नी के जगदीप से अवैध संबंध थे। जब राजकरण को जगदीप के फोन में अपनी पत्नी की तस्वीर मिली, तो उसने उसे मारने



की साजिश रच डाली। जगदीप तीन साल से जनता कॉलोनी में किराए पर रह रहे थे। 24 दिसंबर, 2024 को वे अचानक लापता हो गए। उनके चाचा ईश्वर, जो झज्जर के मंडोठी गांव के निवासी हैं, ने 3 फरवरी को शिवाजी कॉलोनी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

कर्नाटक हनी-ट्रैप मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच मांग की याचिका की खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक राज्य में एक



▪ नेताओं के आरोपों से मचा हड़कंप

मंत्री और अन्य राजनेताओं से जुड़े कथित हनी-ट्रैप प्रयास की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया। यह याचिका सामाजिक कार्यकर्ता बिनय कुमार सिंह ने दायर की थी, जिसमें जांच की निगरानी शीर्ष अदालत या फिर सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता वाली एक समिति से करने की मांग की गई थी। मामले में याचिकाकर्ता के वकील बरुण कुमार सिन्हा ने अदालत में कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में जो आरोप लगाए गए हैं, इस पर गहन जांच की आवश्यकता है। यह भी कहा गया कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा न्यायाधीशों को हनी ट्रैप में फंसाना न्यायपालिका की स्वतंत्रता गंभीर खतरा है।

टेक्नालॉजी को लैब टू लैंड पहुंचाने पर फोकस

## खेती को फायदे का सौदा बनाने के लिए हमारी 6 सूत्रीय रणनीतिः शिवराज सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने माही नेशनल को-आपरेटिव फेडरेशन ऑफ एफपीओएस के कार्यक्रम का एपी शिंदे सभागृह,नई दिल्ली में शुभारंभ किया। चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा।

चौहान ने कहा कि हमारे यहां छोटी जोत के आकर होते हैं। दुनियाभर में अगर देखें तो 5 से 10



हजार एकड़ के फार्म एक किसान के पास हैं ।यहां 86 प्रतिशत से ज्यादा छोटे व सीमांत किसान हैं। इनके लिए खेती को फायदे का सौदा बनाने की हमारी 6 सूत्री रणनीति है, प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन लागत घटाना, उचित मूल्य देना, नुकसान की भरपाई करना भूमि का ख्याल रखना आदि हैं।

### पिछले वर्ष 109 बीजों की किस्मे जारी की


चौहान ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष बीजों की 109 नई किस्में जारी की हैं। हमारा फोकस है कि टेक्नालॉजी को लैब टू लैंड तक पहुंचाएं लेकिन हमारी सीमाएं भी हैं। दूसरे देश जीएम सीड से बंपर उत्पादन करते हैं लेकिन हम अनुमति नहीं देते। दूसरे देशों में उत्पादन बहुत होता है लेकिन हमारे यहां कम है, क्योंकि हमें प्रकृति के साथ खिलवाड़ नहीं करना है। अच्छे बीज, मेकेनाइजेशन, किसान के पास लगाने के लिए पूंजी भी हो।

गर्मी शुरू होने से एयरलाइन कंपनियां फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाएंगी

# 25,610 फ्लाइट्स प्रति सप्ताह ऑपरेट करेंगी एयरलाइंस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गर्मी का सीजन शुरू होने के साथ ही एयरलाइन कंपनियों ने फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। भारत की कमर्शियल एयरलाइन गर्मी के सीजन में 25,610 फ्लाइट्स प्रति सप्ताह ऑपरेट करेंगी। इसमें पिछले साल के मुकाबले 5.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने यह जानकारी दी। गर्मी का सीजन 30 मार्च से 25 अक्टूबर तक होगा। इस सीजन में फ्लाइट्स की संख्या सर्दियों के सीजन के मुकाबले 2.5 प्रतिशत अधिक है।




### नागर विमानन महानिदेशालय ने दी मंजूरी




**इंडिगो सर्वाधिक साप्ताहिक घरेलू फ्लाइट्स उड़ाएगी**

इंडिगो सबसे अधिक साप्ताहिक घरेलू फ्लाइट्स संचालित करेगी। इस दौरान देश की सबसे बड़ी एयरलाइन प्रति सप्ताह 14,158 प्रस्थान करेगी। एयर इंडिया (4,310) और एयर इंडिया एक्सप्रेस (3,375) का स्थान है। स्पाइसजेट के स्लॉट्स में 25 प्रतिशत की गिरावट हुई है और प्रस्थान की संख्या पिछले साल के 1,657 के मुकाबले इस साल 1,240 रह गई है।

**एविएशन सेक्टर मजबूत हो**

भारत का एविएशन सेक्टर मजबूत बना हुआ है। फरवरी में घरेलू यात्रियों की संख्या में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 11.04 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। आईसीआरए की ओर से कहा गया कि चालू वित्त वर्ष के 11 महीनों में घरेलू स्तर पर 15.51 करोड़ यात्रियों ने हवाई यात्रा की है। इसमें पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 7.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

### एयरलाइनों के प्रस्तावित नए हवाई अड्डे

डीजीसीए ने यह भी बताया कि एलायंस एयर और फ्लाईबिग जैसी क्षेत्रीय एयरलाइनों की उड़ानों की संख्या में क्रमशः 41.96 प्रतिशत और 30.98 प्रतिशत की कमी आई है। नए शेड्यूल के अनुसार 129 हवाई अड्डों में से अंबिकापुर, दतिया, बीदर, पोरबंदर, पकयांग, रीवा और सोलापुर एयरलाइनों द्वारा प्रस्तावित नए हवाई अड्डे हैं, जबकि आजमगढ़ और रूपसी हवाई अड्डों से परिचालन 2025 में निलंबित कर दिया गया है। नवी मुंबई हवाई अड्डे और नोएडा हवाई अड्डे को इस शेड्यूल में शामिल नहीं किया।

पलायन रोको पदयात्रा में बनगांव गए थे

## कांग्रेस नेता कन्हैया के लौटने पर दुर्गा मंदिर को गंगाजल से धोया

एजेंसी ▶▶ सहरसा

पलायन रोको पदयात्रा के तहत मंगलवार की देर रात बनगांव पहुंचे थे। बनगांव स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया था। बुधवार को गांव के कुछ युवकों ने उसे गंगाजल से धोया। नगर पंचायत बनगांव वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित चौधरी के अगुआई में विष्णु, माखन,आनंद, सुरज,सरोज व बादल ने कहा कि रात में कन्हैया जो देश में विवादित बयान दिया था जो सब को याद होगा। इसी कारण उस पर देशद्रोह का भी आरोप लगा था। उन लोगों ने



कहा कि बनगांव के भगवती स्थान में जिस जगह कन्हैया ने भाषण दिया था, उसे गंगाजल से शुद्ध कर दिया। अब यह स्थान पवित्र हो गया है। जिस जगह को गंगाजल से धोया गया, वहीं पर लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक पाग, चादर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया था।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ने इलेक्शन सिस्टम को बताया आदर्श, अपने देश की चुनाव प्रणाली में की सुधार की बात, जारी कर दिया नया आदेश

भारतीय चुनाव व्यवस्था के कायल हुए डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप ने कहा कि धोखाधड़ी, त्रुटियों या संदेह से अछूते स्वतंत्र, निष्पक्ष और ईमानदार चुनाव हमारे संवैधानिक गणराज्य को बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। अमेरिकी नागरिकों का यह अधिकार है कि उनके मतों की सही तरीके से गणना की जाए और उन्हें बिना किसी अवैध छेड़छाड़ के सारणीबद्ध किया जाए

## अमेरिकी चुनावों के लिए सुरक्षित और समान मतदान प्रणाली की आवश्यकता

## गैर-अमेरिकी नागरिकों को कुछ चुनावों में दान करने से भी रोकने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी चुनाव प्रणाली में बदलाव लाने की बात कही है। इसके लिए उन्होंने एक आदेश जारी किया है। इसमें चुनाव संचालन के तरीके में बदलाव की बात कही गई है। इस आदेश में मतदाताओं से उनकी अमेरिकी नागरिकता को साबित करने और यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि चुनाव के दिन तक केवल मेल-इन या पोस्टल बैलेट मतपत्र ही गिने जाएं। इसके अलावा, गैर-अमेरिकी नागरिकों को कुछ चुनावों में दान करने से भी रोकने का प्रस्ताव है। ट्रंप ने भारत और ब्राजील जैसे देशों के चुनाव प्रथाओं का उदाहरण दिया और तर्क



दिया कि अमेरिका "बुनियादी और आवश्यक चुनाव सुरक्षा" को लागू करने में विफल रहा है, जो पहले से ही कई विकसित और विकासशील देशों में मानक बन चुके हैं। उन्होंने जोर दिया कि धोखाधड़ी, त्रुटियों या संदेह से अछूते स्वतंत्र, निष्पक्ष और ईमानदार चुनाव हमारे संवैधानिक गणराज्य को बनाए रखने के लिए जरूरी हैं।

### भारत मतदाता पहचान को बायोमेट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहा

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और ब्राजील मतदाता पहचान को बायोमेट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहे हैं, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका नागरिकता के लिए काफी हद तक स्व-सत्यापन पर निर्भर है। उन्होंने अमेरिका में मतपत्र प्रसंस्करण के असंगत दृष्टिकोण की आलोचना की। उन्होंने जर्मनी और कनाडा जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि जर्मनी और कनाडा में मतों की गणना करते समय कागज के मतपत्रों की आवश्यकता होती है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में कई तरीके हैं, जिनमें अक्सर बुनियादी सुरक्षा का अभाव होता है।

### 66 अरब डॉलर का निर्यात बचाने की कवायद में जुटा भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत समेत कई देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। यह तारीख धीरे-धीरे करीब आ रही है। भारत अमेरिका से आने वाले 23 अरब डॉलर के सामान पर टैरिफ कम करने पर विचार कर रहा है। इसका मकसद 66 अरब डॉलर के निर्यात को बचाना है। चीन के बाद अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है और भारत उसे किसी भी हाल में खोना नहीं चाहता है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत इस समझौते के पहले चरण में अमेरिका से आने वाले आधे से ज्यादा सामान पर टैरिफ घटाने को तैयार है। यह कटौती कई साल में सबसे बड़ी होगी।

### मतों की सही तरह से गणना अमेरिकी नागरिकों का अधिकार

अमेरिकी नागरिकों का यह अधिकार है कि उनके मतों की सही तरीके से गणना की जाए और उन्हें बिना किसी अवैध छेड़छाड़ के सारणीबद्ध किया जाए, चुनाव के वास्तविक विजेता का निर्धारण करने के लिए महत्वपूर्ण है।

### 55 प्रतिशत सामान पर घटेगा टैरिफ


समझौते के तहत, भारत अमेरिका से आने वाले 55% सामान पर टैरिफ कम करने को तैयार है। इन सामान पर अभी 5% से 30% तक टैरिफ लगता है। सूत्रों ने बताया कि भारत 23 अरब डॉलर से ज्यादा के अमेरिकी सामान पर टैरिफ को काफी हद तक कम करने या पूरी तरह से हटाने को भी तैयार है। अमेरिका का ट्रेड-वेटेड एवरेज टैरिफ लगभग 2.2% है जबकि भारत का 12% है। अमेरिका को भारत के साथ व्यापार में 45.6 अरब डॉलर का घाटा है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि मांस, मक्का, गेहूं और डेयरी उत्पादों पर टैरिफ 30% से 60% तक है। उन पर कोई बात नहीं होगी। लेकिन बादाम, पिस्ता, ओटमील और क्विनोआ पर टैरिफ कम किया जा सकता है।

---

## खबर संक्षेप

### जाफर एक्सप्रेस हमले में चार मददगार गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले मामले में



बलूचिस्तान पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। उन पर 11 मार्च को बोलन जिले में जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने और 400 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाने में शामिल बलोच लड़ाकों की कथित तौर पर मदद करने का आरोप है। हमलावरों की पहचान के प्रयास भी जारी हैं। हमले में मारे गए लड़ाकों के अवशेष फॉरेंसिक साइंस एजेंसी को भेजे गए हैं।

### लुकाशेंको ने सातवीं बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**मिन्स्क।** बेलारूस के अधिनायकवादी नेता अलेक्जेंडर



लुकाशेंको ने मंगलवार को सातवीं बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली। उन्होंने अपने उन आलोचकों का मजाक उड़ाया जिन्होंने 'यूरोप का अंतिम तानाशाह' कहा था। लुकाशेंको ने कहा कि उनके देश में उन देशों से अधिक लोकतांत्रिक है, जो खुद को इसका आदर्श मानते हैं। आधी दुनिया हमारे तानाशाही के मॉडल के सपने देख रही है, जिसमें वास्तविक असली व्यापार और हमारे लोगों के हित प्राथमिकता में हैं।

---

विदेश मंत्रालय ने खारिज की अमेरिकी पैनल की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट, कहा

# यूएससीआईआरएफ खुद चिंता का विषय ये रिपोर्ट पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित

रणधीर जायसवाल ने कहा, इसमें धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दे पर हकीकत में चिंता करने की जगह पर जानबूझकर एक एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने बीते मंगलवार को जारी की गई अमेरिका के धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) की 2025 की वार्षिक रिपोर्ट पर बुधवार को बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारत, अमेरिकी आयोग की इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज करता है।

क्योंकि इसमें आयोग द्वारा भारत के खिलाफ लगातार किया जाने वाला पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित आकलन करने का पुराना चलन ही साफ तौर पर दिखाई पड़ता है। भारत की नजर में वर्तमान समय में इस अमेरिकी आयोग को ही 'चिंता की इकाई' मनाने की आवश्यकता है। यहां बता दें कि वर्ष 2023 में भी अमेरिका की तरफ से भारत पर उक्त रिपोर्ट जैसा ही आरोप लगाया जा चुका है। जिसमें अमेरिका ने सिख आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के पीछे भारत के पूर्व अधिकारी विकास यादव पर आरोप मढ़ा गया था। अमेरिका की तर्ज पर कनाडा भी भारत पर ऐसे ही आरोप लगाता रहा है। जिसे भारत द्वारा हर बार पूरी तरह से खारिज किया जाता है।

» 2023 में भी अमेरिका की तरफ से भारत पर उक्त रिपोर्ट जैसा ही आरोप

» बहु-सांस्कृतिक समाज पर यूएस की संदेह करने की लगातार कोशिशें जारी



### रॉ पर प्रतिबंध लगाया जाएः रिपोर्ट

यूएससीआईआरएफ ने अपनी रिपोर्ट में भारत पर गंभीर आरोप लगाते हुए अमेरिका की सरकार से कुछ सिफारिशें की हैं। जिसमें उसने भारत को अल्पसंख्यकों के लिए असुरक्षित देश करार देते हुए कहा है कि वहां पर उनके साथ बुरा व्यवहार किया जा रहा है, उनके खिलाफ हमले और भेदभाव बढ़ा है। साथ ही सिख अलगाववादियों की हत्या की साजिश में रॉ के शामिल होने का आरोप लगाते हुए भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश भी अमेरिकी आयोग ने डोनाल्ड ट्रंप की सरकार से की है। रिपोर्ट ये भी कहती है कि पिछले साल 2024 में भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति और अधिक खराब हो गई है।

### सिफारिशें मानने की बाध्यता नहीं

उधर, जानकार मानते हैं कि अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट में की गई सिफारिशों को मानने के लिए ट्रंप सरकार बाध्य नहीं है। रिपोर्ट में भारत को विशेष चिंता वाला देश घोषित करने की बात भी कही गई है। इसके अलावा इसमें चीन के खतरे का उल्लेख करते हुए कहा गया कि उससे मुकाबला करने के लिए ही अमेरिका ने भारत से संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की कोशिश की थी। जिसके चलते भारत में मानवाधिकार के मामलों की अनदेखी की गई। अमेरिका द्वारा भारत को की गई एमक्यू-9 बी ड्रोन जैसे रक्षा हथियारों की बिक्री जैसे मामलों की समीक्षा की सिफारिश भी आयोग ने अपनी रिपोर्ट में है।

### एक खास किस्म के एजेंडे पर केंद्रित रिपोर्ट

*विदेश मंत्रालय ने प्रवक्ता ने कहा कि हमने हाल ही में अमेरिका के आयोग की इस रिपोर्ट पर नजर डाली है। जिसमें अलग-अलग घटनाओं को गलत तरीके से प्रस्तुत करने और देश के बहु-सांस्कृतिक समाज पर संदेह करने की लगातार कोशिशों की झलक देखने को मिलती है। जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि रिपोर्ट में धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दे पर हकीकत में चिंता करने की जगह पर जानबूझकर एक एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।*

### लोकतंत्र, सह-सहिष्णुता का प्रतीक भारत

*उन्होंने कहा कि भारत कुल 140 करोड़ देशवासियों का निवास स्थान है। यहां मानव जाति के सभी ज्ञात अनुयायी रहते हैं। लेकिन हमें यूएससीआईआरएफ से यह उम्मीद कतई नहीं है कि वो भारत के बहुलवादी ढांचे की हकीकत से जुड़ेगा और इसके अलग-अलग समुदायों के सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को स्वीकार करेगा। लोकतंत्र और सह-सहिष्णुता के प्रतीक के रूप में भारत की स्थिति को कमजोर करने के लिए किए जा रहे तमाम प्रयास कभी सफल नहीं होंगे।*

---

भारत-चीन के विदेश मंत्रालयों के बीच बैठक

# कैलाश मानसरोवर सहित अन्य मुद्दों पर हुई विस्तार से चर्चा

भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान सेवा की फिर से शुरुआत पर भी विचार-विमर्श हुआ



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन के विदेश मंत्रालयों के बीच बुधवार को बीजिंग में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े तमाम जरूरी मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि बैठक में भारत का नेतृत्व मंत्रालय में संयुक्त सचिव जी. दास (पूर्व एशिया) ने किया। जबकि चीन की तरफ से बैठक में लियू जिनसांग (महानिदेशक, एशियाई मामले) शामिल हुए। दोनों पक्षों की चर्चा में पिछले साल 2024 में भारत और चीन के शीर्ष नेताओं की मुलाकात में संबंधों के विकास के लिए मार्गदर्शन के साथ दिए गए सुझावों और मसलों को परखा गया। इस अवधि के बाद दोनों देशों के बीच कई बार उच्च स्तरीय वार्ताएं हुई हैं। जिसमें विदेश मंत्री, विदेश सचिव स्तर से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार स्तर की बातचीत शामिल है।

### सहमति से जुड़े कदमों की समीक्षा की गई

मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा बैठक में जनवरी 2025 में विदेश सचिव स्तर की बैठक में बनी सहमति से जुड़े कदमों की समीक्षा की गई। दोनों देशों के आम लोगों के बीच संबंधों को और अधिक बढ़ावा देने के लिए सहमति जताई गई। इसमें भारत, चीन के बीच सीधी उड़ान सेवा की फिर से शुरुआत से लेकर मीडिया और थिंक टैंक के बीच संपर्क सहित इस साल के मध्य से की जानी वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा की पुनः शुरुआत करने से जुड़े हुए कदमों पर भी चर्चा की गई। 2025 की योजनागत गतिविधियों पर भी दोनों पक्षों ने विचार साझा किए। साथ ही कदम दर कदम संवाद तंत्र के आगाज का विषय भी बैठक का हिस्सा बना। जिसमें मुख्य रूप से इस बात पर ध्यान दिया गया कि दोनों देशों के हितों व चिंताओं से संबंधित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा। जिससे संबंधों को और अधिक स्थिरता के साथ आगे बढ़ाने की दिशा की तरफ बढ़ने में मदद मिलेगी।


---

सऊदी अरब में यूक्रेन और अमेरिका के बीच वार्ता खत्म

# काला सागर में सैन्य कार्रवाई समाप्त करने पर दोनों सहमत

एजेंसी ▶▶ रियाद

रूस और यूक्रेन ने अमेरिका की मध्यस्थता में हुई वार्ता के दौरान काला सागर और ऊर्जा स्थलों पर सैन्य हमलों को रोकने पर सहमति व्यक्त की है। वार्ता सोमवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच 12 घंटे से ज्यादा समय तक चली बैठक के बाद हुई। वहीं, मंगलवार को व्हाइट हाउस ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान प्रकाशित किया, जिसमें रविवार और मंगलवार के बीच यूक्रेन के साथ हुई



दो दौर की वार्ता के परिणामों की सूची दी गई। बयान के अनुसार,अमेरिका और यूक्रेन ने काला सागर में सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने, बल का उपयोग खत्म करने और सैन्य उद्देश्यों के लिए वाणिज्यिक जहाजों के इस्तेमाल को रोकने पर सहमति जताई है।

### युद्धबंदियों की करेंगे रिहाई

इसके अलावा, अमेरिका ने युद्धबंदियों की अदला-बदली, नागरिक बंदियों की रिहाई और जबरन स्थानांतरित किए गए यूक्रेनी बच्चों की वापसी में मदद करने का वादा किया। दोनों पक्षों ने रूस और यूक्रेन की ऊर्जा केंद्रों पर हमलों पर रोक लगाने के लिए दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच हुए समझौते को लागू करने के उपायों पर सहमति जताई। वे स्थायी शांति हासिल करने के लिए काम जारी रखने पर भी सहमत हुए।

---

जयशंकर की विशेष यूएन दूत से मुलाकात

# म्यांमार सीमा स्थिरता और शरणार्थी मुद्दे पर हुई चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष दूत जूली बिशप से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने म्यांमार की सीमा स्थिरता, शरणार्थी स्थिति, म्यांमार से जुड़े अंतरराष्ट्रीय अपराध और आर्थिक सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली में म्यांमार पर यूएन महासचिव की विशेष दूत जूली बिशप से मिलकर खुशी हुई। हमने म्यांमार सीमा स्थिरता, शरणार्थी स्थिति, अंतरराष्ट्रीय अपराध और आर्थिक सहयोग पर विचार-विमर्श किया। साथ ही राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा की। बता दें, बिशप को अप्रैल 2024 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने म्यांमार के लिए विशेष दूत नियुक्त किया था।

---

सेना के लिए हाई मोबिलिटी वाहन की होगी खरीद

# भारतीय सेना की बढ़ेगी युद्धक क्षमता, रक्षा मंत्रालय ने किया 6,900 करोड़ का समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की घरेलू सीमाओं से बढ़ते सुरक्षा खतरे के बीच रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय सेना के युद्धक बेड़े को मजबूती प्रदान करने के लिए भारत फोर्ज लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड के साथ कुल 6 हजार 900 करोड़ रुपए के एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसके तहत बल के लिए 155 एमएम/52 कैलिबर एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) और हाई मोबिलिटी व्हीकल 6 गुणा 6 गन टोइंग व्हीकल की खरीद की जाएगी। सेना से जुड़े रक्षा उत्पाद




के लिए निजी क्षेत्र से की गई यह पहली बड़ी खरीद है। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि 155 एमएम/52 कैलिबर एटीएजीएस पुरानी और छोटी कैलिबर वाली तोपों की जगह लेगी। इससे सेना की तोपखाना क्षमता को काफी मजबूती मिलेगी। साथ ही इसकी खरीद से तोपखाना रेजिमेंट के आधुनिकीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### तोप की असाधारण मारक क्षमता

यह तोप अपनी असाधारण मारक क्षमता के लिए प्रसिद्ध है। सेना इसकी मदद से अपने सटीक और लंबी दूरी के हमलों में महारत हासिल कर अपनी रणनीतिक और परिचालन क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी कर सकती है। इस दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

---

समुद्र में 4,000 मीटर अंदर जाकर तबाही मचाएगी चीन की मशीन

# इंटरनेट केबल को काट ठप कर देगी दुनिया का कामकाज


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीनी वैज्ञानिकों ने एक ऐसी मशीन विकसित कर ली है जो पूरी दुनिया का इंटरनेट एक झटके में ठप कर सकता है। चीन के हाथ एक ऐसी टेक्नोलॉजी लग गई है जिसकी मदद से वह समुद्र के नीचे बिछे इंटरनेट केबल को काट सकता है। ऐसा हुआ तो पूरी दुनिया का इंटरनेट बाधित हो जाएगा। चीन में इस मशीन के बनने से वैश्विक इंटरनेट और डाटा सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है।

यह उपकरण चीन के शिप साइंटिफिक रिसर्च सेंटर और उसकी स्टेट की लेबोरेटरी ऑफ डीप-सी मैनड व्हीकल्स द्वारा बनाया गया है। हालांकि, इस मशीन का डुअल पर्पस यूज चिंता का विषय बन गया है। असल में इस केबल कटर को खास तौर पर समुद्र तल खनन के लिए डिजाइन किया गया था, लेकिन अब चीन इसे समुद्र के तलहटी में बिछे इंटरनेट केबल काटने के लिए भी इस्तेमाल कर सकता है।

◆ मशीन में एक डायमंड-कोटेड ग्राइंडिंग व्हील लगाया गया है

◆ पानी में बिछी स्टील-रेनफोर्ड केबल्स आसानी से कट जाएंगी



### सैन्य कार्य प्रणाली होगी बाधित

जानकारों का मानना है कि चीन इस मशीन का इस्तेमाल ताइवान पर हमला करने के लिए कर सकता है। अगर युद्ध जैसी स्थिती उत्पन्न होती है तो चीन इस मशीन की मदद से ताइवान के नजदीक समुद्र के भीतर इंटरनेट केबल काट सकता है जिससे ताइवान का संचार दुनियाभर से तो कट ही जाएगा साथ ही देश के भीतर भी अफरातफरी मच जाएगी। इसके अलावा, अमेरिकी सैन्य ठिकाने और एयरबेस के पास वाले इलाकों में भी चीन इस मशीन का इस्तेमाल कर सकता है।

### 1600 आरपीएम की गति से घूमता है ग्राइंडिंग व्हील

ये मशीन समुद्र के अंदर 4,000 मीटर की गहराई में जा सकता है। इस मशीन में रोबोटिक आर्म लगे हैं जो गहरे पानी में काम कर सकते हैं। चीन इस मशीन से पानी में बिछी स्टील-रेनफोर्ड केबल्स को भी आसानी से काट सकता है। इन केबल्स के कटने से दुनिया का 95% इंटरनेट और डेटा ट्रांसमिशन ठप पड़ जाएगा। दरअसल, इस मशीन को समुद्री जहाज में माउंट किया गया है। इस मशीन में एक डायमंड-कोटेड ग्राइंडिंग व्हील लगाया गया है, जो 1600 आरपीएम की गति से घूमता है और स्टील के केबल्स को काटने के लिए पर्याप्त फोर्स उत्पन्न करता है।

---

राजनाथ ने दी डीआरडीओ को बधाई

# भारत ने किया नौसेना के लिए स्वदेशी एंटी शिप मिसाइल का सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने बुधवार को ओडिशा स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से स्वदेशी रूप से विकसित की गई वर्टिकली लांच शॉर्ट रेंज सर्फेस टू एयर मिसाइल का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), नौसेना और उद्योग जगत को बधाई दी। उन्होंने कहा कि परीक्षण की इस सफलता से भारतीय नौसेना की रणनीतिक क्षमता में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। साथ ही यह बल के लिए एक फोर्स मल्टीप्लायर भी साबित होगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बारह बजे किया गया यह परीक्षण



संगठन ने भारतीय नौसेना के लिए किया। जिसमें मिसाइल ने भूमि आधारित एक वर्टिकल लांचर से एक अत्यधिक उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाते हुए उसे नेस्तनाबूद कर दिया। परीक्षण सभी तय मानकों पर पूरी तरह से खरा उतरा है। मिसाइल ने परीक्षण के दौरान बहुत करीब से लक्ष्य को हवा में कम ऊंचाई पर नष्ट किया।



## पब्लिक प्लेस पर जब फील हो एलर्जी

**डॉक्टर्स सजेशन**



**डॉ. आर. पी. सिंह**
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। जब भी मैं किसी भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाता हूं, मुझे लगातार छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जाए?**

**-रितेश, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है, आपको धूल से एलर्जी है, क्योंकि आप जब घर से बाहर भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जाते हैं तो वहां जो धूल उड़ती है, उससे आपको छींकें आना शुरू हो जाती हैं। यह समस्या तमाम लोगों में देखी जाती है। इससे बचाव के लिए बेहतर होगा कि आप जब ऐसे स्थान पर जाएं तो मास्क लगाकर ही जाएं। इस उपाय को अपनाने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी गर्दन से लेकर कंधे तक अकड़न बनी रहती है, साथ ही हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आर्यन, बिलासपुर**

यह समस्या उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनकी लंबी सिटिंग होती है यानी, ऑफिस में एक ही पोश्चर में लंबे समय तक बैठे रहते हैं। इसके स्थाई समाधान के लिए आपको रेग्युलर एक्सरसाइज करना पड़ेगा। सर्वाइकल की एक्सरसाइज कौन-कौन सी होती है यह जानने के लिए बेहतर होगा कि आप किसी फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लें। वे आपको बताएंगे, उसके बाद नियमित रूप से सुबह-शाम एक्सरसाइज करें। साथ ही ऑफिस में लंबे समय तक एक ही पोश्चर में ना बैठें। बीच-बीच में मूवमेंट करते रहें। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। दो-तीन महीने से बहुत स्ट्रेस फील कर रहा हूं। न अच्छी भूख लगती है, न ठीक से सो पाता हूं। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कामेश्वर, भोपाल**

आप अपनी परेशानी का कारण खुद ही बता रहे हैं। आप यह जानने की कोशिश करें कि जब से यह समस्या शुरू हुई है, उसके आस-पास जीवन में क्या ऐसा घटित हुआ है, जिससे स्ट्रेस हो रहा है। इसकी वजह क्या है? अगर जरूरत पड़े तो आप मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। इसे तरह स्ट्रेस से मुक्ति मिलेगी और आपको नींद भी आने लगेगी।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं हेयर ट्रांसप्लांट करवाना चाहता हूं। क्या यह सेफ है? इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? कृपया सजेस्ट करें।**

**-विभूति, रोहतक**

आजकल हेयर ट्रांसप्लांट करने का चलन बढ़ा हुआ है, लेकिन आपके लिए कितना सेफ रहेगा, यह तो जांच करने के बाद ही पता चलेगा। आपकी स्किन कैसी है, आपको किसी चीज से एलर्जी तो नहीं है, जांच के बाद तय किया जा सकता है। बेहतर होगा कि आप किसी स्किन स्पेशलिस्ट डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे आपको जांच के बाद बताएंगे कि आपके लिए ट्रांसप्लांट करवाना कितना उचित रहेगा।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे भूख बिल्कुल नहीं लगती है। पेट हमेशा भरा-भरा सा लगता है। कभी-कभी खट्टी डकारें भी आती हैं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सखाराम, जींद**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो रही है। जिस वजह से आपको खट्टी डकार आती है और भूख कम लगती है। इसके लिए आप दोपहर के खाने में दही और सलाद जरूर शामिल करें। साथ ही तली-भुनी और ऑयली चीजें खाने से बचें। रात में हल्का खाना जैसे दलिया या खिचड़ी खाएं। साथ ही सुबह-शाम सैर जरूर करें। इससे आपको आराम मिलेगा। *


**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

स्पेशल: वर्ल्ड बाइपोलर-डे, 30 मार्च

## बाइपोलर डिसऑर्डर हेल्दी लाइफस्टाइल सही मेडिकल ट्रीटमेंट से मिलती है राहत

बाइपोलर डिसऑर्डर एक जटिल मेंटल डिजीज है। इसके होने की कई वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर इसके लक्षणों को ध्यान में रखते हुए सही लाइफस्टाइल को फॉलो किया जाए और जरूरत पड़ने पर मेडिकल ट्रीटमेंट करवाया जाए, साथ ही फैमिली सपोर्ट मिले तो इसे कंट्रोल किया जा सकता है। इस रोग के बारे में आप भी विस्तार से जानिए।





**डॉक्टर्स एडवाइस**



**डॉ. गौरव गुप्ता**
डायरेक्टर-तुलसी हेल्थ केयर
नई दिल्ली-गुरुग्राम

अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार द्विध्रुवीय विकार (बाइपोलर डिसऑर्डर) एक मनोरोग है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति के मूड, ऊर्जा और उसकी कार्यक्षमता में बदलाव आता है। दूसरे शब्दों में कहें तो बाइपोलर डिसऑर्डर एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें मूड में अत्यधिक उतार-चढ़ाव होते हैं। इस मनोरोग में उन्माद (मेनिया) और अवसाद (डिप्रेशन) सरीखी स्थितियां (मूड एपिसोड्स) भी शामिल हैं। ऐसे मूड एपिसोड कई दिनों से लेकर हफ्तों तक रह सकते हैं।

### क्या हैं कारण

बाइपोलर डिसऑर्डर के कई संभावित कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं।

**न्यूरोकेमिकल में असंतुलन:** मस्तिष्क रसायनों (न्यूरोकेमिकल्स) जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन आदि में असंतुलन बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या उत्पन्न कर सकते हैं।

**आनुवांशिक कारक:** अगर परिवार के किसी सदस्य को बाइपोलर डिसऑर्डर रहा है, तो परिवार के अन्य सदस्य में इसके होने का जोखिम बढ़ जाता है। एक अध्ययन के अनुसार बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लगभग 60% मरीज ऐसे हैं, जिन्हें डिप्रेशन या बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या जेनेटिक कारणों से मिली है।

**तनावपूर्ण घटनाएं:** इसके अंतर्गत जीवन की गंभीर तनावपूर्ण घटनाएं जैसे किसी रिश्ते का टूटना, गंभीर बीमारी या कोई भावनात्मक समस्या आदि शामिल की जाती हैं, जो बाइपोलर डिसऑर्डर का कारण बन सकती हैं। भावनात्मक समस्या में आपसी संबंधों का बिगड़ना, पति-पत्नी के बीच तलाक होना, परिवार में किसी प्रियजन की मृत्यु होना आदि को शामिल किया जा सकता है।

**मस्तिष्क की संरचना में बदलाव:** ब्रेन इमेजिंग अध्ययनों से पता चला है कि बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त लोगों के मस्तिष्क में संरचनात्मक परिवर्तन हो सकते हैं।

### बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षण

पीड़ित व्यक्ति कभी-कभी बहुत ज्यादा निराश, उदास और दुखी महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग अवसाद (डिप्रेशन) से मिलते-जुलते होते हैं। कभी-कभी वह बहुत ज्यादा प्रफुल्लित और स्वयं को असाधारण रूप से ऊर्जावान महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग उन्माद (मेनिया) सरीखे होते हैं। उन्माद और अवसाद की स्थितियों (एपिसोड्स) के बीच मूड में अचानक और तीव्र बदलाव होना। इस स्थिति को मनोचिकित्सकीय भाषा में 'मूड स्विंग्स' कहते हैं। इनके अलावा अपनी क्षमताओं के बारे में गलतफहमी रखना, तेज गति से सोचना और बोलना, गलत फैसले लेना, नींद बहुत कम आना, चिड़चिड़ापन महसूस करना, स्वयं को बहुत ज्यादा महत्व देना या फिर अपने को श्रेष्ठ समझना भी इसके लक्षणों में शामिल हो सकता है।

### ऐसे करते हैं डायग्नोसिस

बाइपोलर डिसऑर्डर का पता लगाने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर सबसे पहले मरीज से बात करते हैं, उसके बाद उसके परिजनों से भी। इसके अलावा डॉक्टर मरीज की अन्य बीमारियों का पता लगाने के लिए कंप्लीट फिजिकल टेस्ट भी करवा सकते हैं ताकि उसके लक्षणों का पता लगाया जा सके। साथ ही, मरीज की मेडिकल हिस्ट्री और फैमिली हिस्ट्री आदि के जरिए भी डॉक्टर मर्ज का पता लगाते हैं।

### ट्रीटमेंट के तरीके

यह सच है कि फिलहाल बाइपोलर डिसऑर्डर का कोई स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सुझाई गई दवाएं लेने और उनके परामर्श पर अमल करने से बाइपोलर डिसऑर्डर का प्रबंधन और नियंत्रण जरूर किया जा सकता है, जिससे मरीज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। विशेषज्ञ डॉक्टर विशेषकर मनोचिकित्सक कुछ दवाओं के सेवन का सुझाव दे सकते हैं, जिन्हें 'मूड स्टेबलाइजर्स' के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा चिकित्सक के परामर्श से एंटीडिप्रेसेंट दवाएं भी मूड स्विंग को नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं।



**मनोचिकित्सा (साइकोथेरेपी):** मनोचिकित्सक मरीज की स्थिति के अनुसार साइकोथेरेपी का सहारा लेते हैं। मरीज के अलावा वे परिवार के सदस्यों की भी काउंसलिंग करते हैं। इसके अलावा कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी) बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षणों को प्रबंधित करने में सहायक है।

**जीवनशैली में बदलाव:** यूरोपियन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के मुताबिक बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों को जहां तक संभव हो सके, स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें अपनी समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यही नहीं, जो लोग बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त नहीं हैं, वे भी अगर स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें तो इससे उनमें भी इस समस्या के भविष्य में होने का जोखिम काफी हद तक कम हो सकता है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली के अंतर्गत संतुलित पौष्टिक खान-पान, नियमित रूप से व्यायाम, 6 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेना और तनाव का समुचित प्रबंधन आदि बातें शामिल हैं।

**नियमित व्यायाम करें:** नियमित व्यायाम, बाइपोलर डिसऑर्डर पेशेंट्स के मूड को स्थिर करने में मदद कर सकता है। किस व्यक्ति को कितने समय तक और किस-किस प्रकार के व्यायाम करना चाहिए, इस संदर्भ में पीड़ित व्यक्ति को डॉक्टर और फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लेना चाहिए। इसके अलावा मेडिटेशन भी फायदेमंद हो सकता है।

**पर्याप्त नींद जरूरी:** बाइपोलर डिसऑर्डर किसी व्यक्ति की नींद उड़ा सकता है। ऐसा व्यक्ति बहुत कम सोता है। नींद पूरी न होने से मूड में बदलाव ज्यादा आता है। इसलिए मूड को प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त नींद लेना आवश्यक है। इसके लिए नियमित समय पर बिस्तर पर जाने और सुबह एक निश्चित समय पर उठने की आदत डालें। सोने से पहले स्क्रीन टाइम यानी टेलीविजन देखने, स्मार्टफोन और कंप्यूटर के इस्तेमाल से दूर रहें। जिन लोगों को सोने में कठिनाई होती है, उन्हें डॉक्टर से बात करनी चाहिए। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**



### इन बातों का रखें ध्यान

- परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं और उनसे मदद लें।
- सकारात्मक सोच रखें।
- तनाव और चिंता को नियंत्रित करने के लिए योग और ध्यान का सहारा लें।
- शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करें, क्योंकि वे आपकी समस्या को बढ़ा सकते हैं।



**अवेयरनेस**
**शिखर चंद जैन**

स्पेशल: वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे, 2 अप्रैल

ऑटिज्म एक विकास संबंधी एब्नॉर्मलिटी है, जिससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने, पढ़ने-लिखने और दूसरों से घुलने-मिलने में परेशानी होती है। ऐसे बच्चों की केयर पैरेंट्स को बहुत सावधानी से करने की जरूरत होती है। इस बारे में बहुत जरूरी सजेशंस।

## ऑटिज्म पेशेंट के लिए जरूरी सही ट्रीटमेंट-इमोशनल सपोर्ट



ऑटिज्म को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर भी कहते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जिससे पीड़ित व्यक्ति का दिमाग अन्य लोगों के दिमाग की तुलना में अलग तरीके से काम करता है। इस बीमारी के बारे में अभी तक बहुत ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है और न ही वर्तमान में इसका कोई परफेक्ट ट्रीटमेंट उपलब्ध है। हालांकि इस बीमारी से पीड़ित लोग नौकरी करने, परिवार और दोस्तों के साथ मेल-मिलाप करने में सक्षम होते हैं, लेकिन कई बार उन्हें दूसरों की मदद लेनी पड़ती है। फैमिली मेंबर्स, टीचर्स या दोस्तों के सहयोग से ये लोग भी नई स्किल्स सीख लेते हैं और बिना किसी सपोर्ट के अपने काम भी कर लेते हैं। सही डायग्नोसिस और इंटरवेंशन ट्रीटमेंट की मदद से ऑटिस्टिक लोगों को सामाजिक व्यवहार और नई स्किल्स सीखने में मदद मिलती है, जिससे वे अपना जीवन बेहतर तरीके से जी पाते हैं।

ऑटिज्म की वजह से बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर आ जाता है, जो यह तय करता है कि वह अपने आस-पास की दुनिया के साथ कैसे रिस्पॉन्स करता है। यह अंतर कुछ ऐसा है जिसके साथ वे पैदा होते हैं-इसका उनके पालन-पोषण के तरीके, भोजन, टीके या जन्म के बाद बच्चे के साथ हुई किसी भी अन्य एक्टिविटी से कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**क्या है ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर:** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, एक न्यूरोलॉजिकल और डेवेलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो लोगों के दूसरों के साथ बातचीत करने, संवाद करने, सीखने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। इसके लक्षण आमतौर पर जीवन के पहले दो वर्षों यानी बचपन में दिखाई देते हैं। ऑटिज्म बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर लाता है, जो उन्हें सामाजिक रूप से घुलने-मिलने और अनोखे तरीके से व्यवहार करने के लिए प्रेरित करता है।

**प्रमुख लक्षण:** इसके प्रमुख लक्षणों में लिमिटेड आइज कॉन्टेक्ट, एब्नॉर्मल बॉडी लैंग्वेज और रिपीटेटिव बिहेवियर या बातें शामिल होते हैं। इसके अलावा अकेले रहना, दूसरे बच्चों के साथ ना खेलना, बोलने के बजाय इशारों से ज्यादा रिस्पॉन्स करना। खुद को चोट लगाना या नुकसान पहुंचाने के प्रयास करना। इस स्थिति के शुरुआती लक्षण माता-पिता या बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा बच्चे के एक वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले ही देखे जा सकते हैं। कुछ मामलों में, ऑटिज्म से संबंधित समस्याएं हल्की हो सकती हैं और तब तक स्पष्ट नहीं होती हैं जब तक कि बच्चा स्कूल जाना शुरू नहीं करता।

**इससे बढ़ता है रिस्क:** नई मेडिकल स्टडीज के अनुसार कई आनुवंशिक कारक ऑटिज्म के जोखिम को जटिल तरीके से बढ़ा सकते हैं। फ्रैजाइल एक्स सिंड्रोम और ट्यूबरस स्क्लेरोसिस जैसी कुछ विशिष्ट आनुवंशिक स्थितियों वाले लोगों में ऑटिज्म के निदान के लिए जोखिम अधिक होता है। ये दो स्थितियां ऑटिज्म के सैकड़ों अलग-अलग दुर्लभ आनुवंशिक कारणों के साथ मिलकर 30% से अधिक मामलों की व्याख्या करती हैं। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान मां द्वारा ली जाने वाली कुछ दवाइयां जैसे कि वैल्प्रोइक एसिड और थैलिडोमाइड, ऑटिज्म के हाई रिस्क से भी जुड़ी हुई हैं। गर्भावस्था के समय माता-पिता का अधिक उम्र का होना भी ऑटिज्म के अधिक जोखिम से जुड़ा हुआ है।

**इलाज के तरीके:** ऐसे कई प्रभावी तरीके हैं, जो ऑटिस्टिक बच्चे को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद कर सकते हैं।

**अप्लाइड बिहेवियर एनालिसिस:** इसमें बच्चे की कार्यात्मक चुनौतियों का व्यवस्थित अध्ययन शामिल है, जिसका उपयोग उनके स्किल में सुधार और मिसबिहेव को कम करने के लिए एक बिहेवियरल प्लानिंग बनाने के लिए किया जाता है।

**सोशल स्किल ट्रेनिंग:** ग्रुप या पर्सनल सेटिंग में किया गया यह प्रयास ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को सामाजिक स्थितियों में नेविगेट करने की उनकी क्षमता में सुधार करने में मदद करता है।

**वर्बल-लैंग्वेज ट्रीटमेंट:** बच्चे के बोलने के तरीके और उसकी भाषा की समझ में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है।

**पैरेंटल मैनेजमेंट ट्रेनिंग:** इसमें पैरेंट्स को अपने ऑटिस्टिक बच्चे के एब्नॉर्मल बिहेव पर सही प्रतिक्रिया करने और अपने बच्चे में उचित व्यवहार को प्रोत्साहित करने के प्रभावी तरीके सिखाए जाते हैं। पैरेंटल हेल्प ग्रुप्स, पैरेंट्स को ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे की परवरिश के तनाव से निपटने में मदद करते हैं। *

**(मनोचिकित्सक डॉ.संजय गर्ग और मनोविज्ञानी डॉ.रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

### पैरेंट्स रखें ध्यान

- ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिजीज के बारे में जितना संभव हो उतना जानें।
- ऑटिज्म से पीड़ित अपने बच्चे को अच्छी और बैलेंस्ड डेली रूटीन फॉलो करने के लिए इंस्पायर करें।
- ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के अन्य पैरेंट्स और अपने समुदाय के रिर्सोसेस से जुड़ें।
- जरूरत पड़ने पर मेडिकल एक्सपर्ट से कंसल्ट करें।
- बच्चे के साथ बिताने के लिए पर्याप्त समय निकालें।
- अपने बच्चे की शिक्षा और उपचार से संबंधित अवेयरनेस को बढ़ाएं।



**डाइट**
**राजकुमार 'दिनकर'**

जब भी सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स की बात आती है तो सबसे पहले बादाम का नाम लिया जाता है। वजह है इसमें मौजूद बेशुमार स्वास्थ्यवर्धक गुण। यह किस तरह से हमारे लिए फायदेमंद है, आपको जरूर जानना चाहिए।

## हेल्थ के लिए भरपूर फायदेमंद नट है बादाम

बादाम के पोषण के स्तर को देखते हुए पाक कला में सदियों से इसका इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसके सेवन का इतिहास हजारों साल पुराना है। बादाम मीठे और कड़वे दो तरह के होते हैं। कड़वे बादाम की कड़वाहट निकालने के बाद उसके तेल का इस्तेमाल खाने में किया जाता है। कड़वे बादाम के फूल सफेद होते हैं और मीठे बादाम के फूल गुलाबी होते हैं। कड़वे बादाम और मीठे बादाम की रासायनिक संरचना समान होती है। बादाम का फल जब पकता है तो यह खुद ही खुल जाता है और उससे यह नट बाहर आ जाता है। बादाम के बीज कठोर छिलकों के अंदर होते हैं।

**होते हैं कई पोषक तत्व:** पोषक तत्वों से भरपूर बादाम में विटामिन बी1, फोलेट, विटामिन बी3, नियासिन, बी कॉम्प्लेक्स और मैग्नीज भरपूर मात्रा में होता है। 28 ग्राम यानी एक औंस बादाम में 183 कैलोरी, 5.82 ग्राम प्रोटीन, 2.94 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 16.4 ग्राम फैट, 3.4 ग्राम फाइबर, 7.3 मिलीग्राम विटामिन ई पाया जाता है।

**कई तरह से लाभकारी:** बादाम हमारी मस्तिष्क और तंत्रिका प्रणाली को मजबूत बनाकर याद्दाश्त को अच्छा बनाता है। बादाम में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने का गुण होता है। यह एलडीएल और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के बीच संतुलन बनाकर रखता है। इसमें मौजूद फॉस्फोरस हमारी हृदय गति को सामान्य बनाए रखता है। इसका ग्लासेमिक इंडेक्स कम होता है। यह हमारी रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ने से रोकता है। मैग्नीशियम और मैग्नीज से भरपूर होने के कारण यह हड्डियों और दांतों को मजबूती देता है। यह हमारे शरीर के वजन को भी नियंत्रित करके मोटापे के जोखिम को कम करता है। इसमें मौजूद आर्जीनिन एक ऐसा अमीनो एसिड है, जो रक्तप्रवाह को नियमित करता है और इससे हमारी मांसपेशियों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं। विटामिन-ई से भरपूर बादाम त्वचा की नमी को लॉक करके हमें जवां और खूबसूरत बनाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की ग्रोथ को बढ़ाते हैं। फास्फोरस युक्त बादाम एसिडिटी को नियंत्रित करता है और शरीर में टीएच लेवल को बनाकर रखता है। आयरन से भरपूर बादाम हमारे शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं के विकास को बढ़ाता है और एनीमिया में बहुत फायदेमंद होता है।



**ऐसे करें सेवन:** बादाम दुनिया में सबसे पुराना और सबसे ज्यादा उगाया जाने वाला नट है। बादाम को साबुत भूनकर या तलकर खाया जाता है। बादाम का छिलका पचाना चूंकि मुश्किल होता है, इसलिए आयुर्वेद इन्हें उबालकर पकाने के बाद खाने की सलाह देता है। इनको अगर भिगोकर खाया जाए तो यह जल्दी पचते हैं। इन्हें बिना भिगोए कच्चा नहीं खाना चाहिए। रात भर भिगोकर, छिलका उताकर इन्हें खाना चाहिए। बादाम मिल्क शेक या बादाम को अन्य फ्रूट्स के साथ मिलाकर इनकी स्मूदी बनाई जा सकती है। अखरोट, सूरजमुखी के बीज, खजूर, मखाना, किशमिश के साथ मिलाकर अलग-अलग तरह के अनाजों के साथ खा सकते हैं। इसके अलावा बादाम का शीरा, बादाम का हलवा, बादाम की बर्फी, बादाम कतली, बादाम की चटनी, बादाम का दूध, बादाम-खजूर मिल्क शेक, बादाम केला स्मूदी का सेवन किया जा सकता है। *






# आईपीएल : कोलकाता ने राजस्थान को आसानी से रौंदा, डिकॉक शतक से चूके

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

क्विंटन डिकॉक ने मुश्किल विकेट पर नाबाद 97 रन की पारी खेलकर कोलकाता नाइट राइडर्स को बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच राजस्थान रॉयल्स पर आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई।

वरुण चक्रवर्ती (17 रन पर दो विकेट) और मोईन अली (23 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से केकेआर ने रॉयल्स को नौ विकेट पर 151 रन पर रोक दिया। डिकॉक ने इसके बाद 61 गेंदों पर आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से 97 रन की नाबाद पारी खेलकर केकेआर को 17.3 ओवर में आसानी से लक्ष्य पार पहुंचा दिया।



### 83 रन की अटूट साझेदारी

केकेआर ने मोईन अली (पांच) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (18) का विकेट जल्दी गंवा दिया लेकिन टीम जरूरी रन गति को ज्यादा बढ़ने नहीं दिया। डिकॉक ने एक छोर को मजबूती से संभाले रखा और उन्हें युवा अंगकृष रघुवंशी 22 (17 गेंद) के रूप में अच्छा साथी मिला। दोनों की 44 गेंद में 83 रन की अटूट साझेदारी से गत चैंपियन टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

### जुरेल ने बनाए 33 रन

राजस्थान रॉयल्स के लिए ध्रुव जुरेल ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 29 और कप्तान रियान पराग ने 25 रन का योगदान दिया। बारासपारा मैदान की पिच पर गेंद रुक कर आ रही थी और पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राजस्थान के बल्लेबाज अपने घरेलू मैदान पर सामंजस्य बैठाने के लिए संघर्ष करते दिखे।



### गेंदबाजों ने झटके दो-दो विकेट

चक्रवर्ती और अली ने पावरप्ले के तुरंत बाद लगातार ओवरों में दो-दो विकेट चटका कर रॉयल्स के मध्यक्रम को ध्वस्त कर दिया। तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा (दो विकेट) महंगे रहे लेकिन उन्होंने दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। रॉयल्स के नियमित कप्तान संजू सैमसन (11 गेंद पर 13 रन) को पावरप्ले में यॉर्कर से आउट किया और फिर इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर आये शुभम दुबे (नौ) को सस्ते में आउट किया। हर्षित राणा (दो विकेट) ने आखिरी ओवरों में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने ध्रुव जुरेल की 28 गेंद की पारी को खत्म करने के बाद खतरनाक शिमरोन हेटमायर को सिर्फ सात रन पर चलता किया। जोफ्रा आर्चर ने सात गेंदों पर 16 रन की तेज पारी खेली जिससे टीम 150 रन के आंकड़े तक पहुंचा सकी।

### डिकॉक 97 रन बनाकर बने प्लेयर ऑफ द मैच

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का हर्षित बो मोईन | 29 | 24 | 2 | 2 |
| संजू सैमसन बो वैभव | 13 | 11 | 2 | 0 |
| पराग का डिकॉक बो चक्रवर्ती | 25 | 15 | 0 | 3 |
| नीतीश राणा बो मोईन | 08 | 09 | 0 | 0 |
| हसरंगा का रहाणे बो चक्रवर्ती | 04 | 04 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल बो हर्षित | 33 | 28 | 5 | 0 |
| शुभम दुबे का रसेल बो वैभव | 09 | 12 | 1 | 0 |
| हेटमायर का रघुवंशी बो हर्षित | 07 | 08 | 1 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर बो जॉनसन | 16 | 07 | 0 | 2 |
| महीश तीक्षणा नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 02 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 151/9
गेंदबाजी : जॉनसन 4-0-42-1, अरोड़ा 4-0-33-2, हर्षित 4-0-36-2, मोईन 4-0-23-2, चक्रवर्ती 4-0-17-2.

| कोलकाता | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मोईन अली रन आउट | 05 | 12 | 0 | 0 |
| क्विंटन डिकॉक नाबाद | 97 | 61 | 8 | 6 |
| रहाणे का तुषार बो हसरंगा | 18 | 15 | 1 | 1 |
| अंगकृष रघुवंशी नाबाद | 22 | 17 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 17.3 ओवर में 153/2
गेंदबाजी : आर्चर 2.3-0-33-0, तीक्षणा 4-0-32-0, रियान 4-0-25-1, संदीप 2-0-11-0, हसरंगा 3-0-34-1, नीतीश राणा 1-0-9-0, देशपांडे 1-0-7-0.

खास खबर

## डब्लूपीएलः टीमें बढ़ाने की कोई योजना नहीं



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उसका महिला प्रीमियर लीग की मौजूदा पांच टीमों की संख्या में बढ़ोतरी करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी डब्लूपीएल समिति के भी प्रमुख हैं। आईपीएल के अध्यक्ष और डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य अरुण धूमल ने कहा, 'अभी फिलहाल हमारा ध्यान इस टूर्नामेंट को मजबूत करने पर है। इसमें कोई अतिरिक्त टीम जोड़ने से पहले हम इसे और अधिक मजबूत करना चाहते हैं। अभी इसमें कोई नई टीम जोड़ने की कोई तात्कालिक योजना नहीं है।'

## निशानेबाजों का जत्था विश्व कप के लिए रवाना



**नई दिल्ली।** भारत के 22 निशानेबाजों का पहला जत्था 13 सहयोगी कर्मचारियों के साथ बुधवार को ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना हुआ जो साल के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेंगे। यह विश्व कप तीन अप्रैल से अर्जेंटीना की राजधानी में शुरू होगा। यह संयुक्त विश्व कप होगा जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन निशानेबाजी के तीनों स्पर्धाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कुल 35 भारतीय निशानेबाज 15 पदक स्पर्धाओं में भाग लेंगे जिसमें 12 व्यक्तिगत और तीन मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल हैं। दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर एकमात्र निशानेबाज हैं, जिन्होंने दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में जगह बनाई है। टीम के बाकी सदस्य 29 मार्च को रवाना होंगे क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनकी प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। कुछ को छोड़कर सभी निशानेबाजों ने 14 मार्च से दिल्ली में डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया।

## सना पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार



**लाहौर।** ऑलराउंडर फातिमा सना को नौ से 19 अप्रैल तक लाहौर में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेने वाली पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार रखा गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ताओं ने युवा बल्लेबाज शवाल जुल्फिकार को कंधे की चोट से उबरने के बाद टीम में वापस बुलाया है। पाकिस्तान की अनुभवी ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान निदा डार को टीम में शामिल नहीं किया गया। डार और एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी आलिया रियाज को पिछले नवंबर में महिलाओं के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया था।

## अय्यर ने कहा था, मेरे शतक की चिंता मत करो



**अहमदाबाद।** शशांक सिंह की गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम ओवर में आक्रामक बल्लेबाजी के कारण श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग में अपने पहले शतक से चूक गए। लेकिन इस बल्लेबाज ने बाद में खुलासा किया कि पंजाब किंग्स के कप्तान ने ही उन्हें उनके शतक की परवाह के बिना बड़े शॉट खेलने की हिदायत दी थी। जब पंजाब की पारी का 20वां ओवर शुरू हुआ तब श्रेयस अय्यर 97 रन बनाकर नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े थे। शशांक ने मोहम्मद सिराज के इस ओवर में पांच चौके लगाए जिससे अय्यर को बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला।

## हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी से आज सतर्क रहेगा लखनऊ

**हैदराबाद।** पहले मैच में पराजय का सामना करने वाली लखनऊ सुपर जॉइंट्स को आईपीएल के अपने अगले मैच में गुरुवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स की टीम ने इस सत्र में भी अपने आक्रामक अंदाज बरकरार रखे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में उसकी टीम आईपीएल में अपने सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 44 रन से जीता था। पैट कमिंस की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम के पास कई विस्फोटक बल्लेबाज हैं और ऐसे में ऋषभ पंत के नेतृत्व वाली टीम के लिए अपने प्रमुख गेंदबाजों की अनुपस्थिति में उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा।



# टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले बल्लेबाजों में कोई भारतीय नहीं

### किरोन पोलार्ड (908)

वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर किरोन पोलार्ड इस सूची में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। उन्होंने अपने करियर में 695 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 617 पारियों में उन्होंने 31.33 की औसत और 150.19 की स्ट्राइक रेट से 13,537 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 1 शतक और 61 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 908 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा, उन्होंने 842 चौके भी जड़े हैं।



### आंद्रे रसेल (733)

वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल इस मामले में तीसरे पायदान पर हैं। उन्होंने अपने करियर में 539 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 466 पारियों में उन्होंने 26.58 की औसत और 168.89 की स्ट्राइक रेट से 9,012 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 31 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 733 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा, उन्होंने 594 चौके भी जड़े हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के चौथे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 1 विकेट से हराकर विजयी आगाज किया। इस मैच में एलएसजी के बल्लेबाज निकोलस पूरन (75) ने अहम उपलब्धि हासिल की। अपनी पारी का पहला छक्का लगाते ही उनके टी-20 क्रिकेट में 606 छक्के पूरे हो गए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले 5 बल्लेबाजों में एक भी भारतीय बल्लेबाज का नाम नहीं है।



### क्रिस गेल (1,056)

वेस्टइंडीज के पूर्व महान बल्लेबाज क्रिस गेल इस सूची के शीर्ष पर कायम हैं। उन्होंने अपने करियर में 463 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 455 पारियों में उन्होंने 36.22 की औसत और 144.75 की स्ट्राइक रेट से 14,562 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 22 शतक और 88 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175* रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 1,056 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा, उन्होंने 1,132 चौके भी जड़े हैं।

### निकोलस पूरन (606)

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन इस मामले में चौथे पायदान पर हैं। उन्होंने अपने करियर में 385 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 359 पारियों में उन्होंने 8,717 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 3 शतक और 52 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 102* रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 606 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा, उन्होंने 580 चौके भी जड़े हैं।



### एलेक्स हेल्स (552)



इंग्लिश बल्लेबाज एलेक्स हेल्स टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने के मामले में 5वें स्थान पर है। उन्होंने अपने करियर में 494 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 490 पारियों में उन्होंने 30.04 की औसत और 145.28 की स्ट्राइक रेट से 13,610 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 7 शतक और 85 अर्धशतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 119 रन का रहा है। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 552 छक्के जड़े हैं। इसके अलावा,

## खबर संक्षेप



### आज से दो दिनी 13वीं राज्य स्तरीय ड्रैगन बोट रेस प्रतियोगिता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कयाकिंग कैनोइंग संघ द्वारा 35वीं राज्य स्तरीय केनो स्प्रिंट जूनियर,सब जूनियर एवं 13वीं राज्य स्तरीय ड्रैगन बोट रेस प्रतियोगिता का आयोजन कल 27, 28 मार्च तक छोटे तालाब में आयोजित किया जा रहा है। उक्त दोनों प्रतियोगिताओं की ओपनिंग सेरिमनी गुरुवार शाम 5 बजे एमपीकेसीए बोट क्लब छोटे तालाब पर होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ विशेष अतिथियों एवं अध्यक्ष एम.पी.के.सी.ए पीएस बुंदेला के आतिथ्य में होगा।

### भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने स्थगित किए चुनाव

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने 28 मार्च को होने वाले अपने चुनाव बुधवार को स्थगित कर दिया। महासंघ ने कहा कि दिल्ली और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालयों द्वारा संस्था को निर्वाचक मंडल से हटाए गए नामों को बहाल करने का निर्देश दिए जाने के बाद 'मूल रूप से तय समय-सीमा के अंदर प्रक्रिया पूरी करना असंभव है'। बीएफआई ने अपने सदस्य इकाइयों को एक अधिसूचना में कहा, 'आपको सूचित किया जाता है कि बीएफआई की वार्षिक आम बैठक स्थगित कर दी गई है जो 28 मार्च 2025 को होने वाली थी।'



फुटबॉल

## अर्जेंटीना विश्व कप के लिए क्वालीफाई, ब्राजील को हराया




एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना के लिए मंगलवार का दिन विशेष रहा। उसकी टीम ने पहले अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया और फिर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी ब्राजील को 4-1 से करारी शिकस्त देकर जोरदार अंदाज में इसका जश्न मनाया।

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने ब्राजील के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर उतरने से पहले ही बोलीविया और उरुग्वे के मैच के ड्रॉ छूटने से विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित कर दी थी। बोलीविया के उरुग्वे को हराने में असफल रहने का मतलब था कि अर्जेंटीना 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली दक्षिण अमेरिका की पहली टीम बन गई। एल ऑल्टो में उरुग्वे और बोलीविया का मैच गोल रहित ड्रॉ छूटने के बाद अर्जेंटीना ने चोटिल लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति के बावजूद मंगलवार को मोनुमेंटल डी नुनेज़ स्टेडियम में 85,000 प्रशंसकों के सामने ब्राजील को 4-1 से पराजित करके विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का जश्न मनाया। दक्षिण अमेरिका क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली छह टीम विश्व कप के लिए सीधा क्वालीफाई करेंगी जबकि सातवें स्थान की टीम अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ में खेलेगी।

### मेसी सहित अर्जेंटीनी टीम अक्टूबर में प्रदर्शनी मैच खेलने आएगी भारत



**नई दिल्ली।** भारत में फुटबॉल प्रशंसकों को अक्टूबर में केरल में एक प्रदर्शनी मैच में लियोनेल मेसी और उनकी अर्जेंटीना टीम की एक और झलक देखने को मिलेगी। विश्व कप विजेता कप्तान मेसी का यह 14 साल बाद भारत का दूसरा दौरा होगा। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमन ने पिछले साल नवंबर में अर्जेंटीना की टीम का केरल का दौरा करने और कोच्चि में दो दोस्ताना मैच खेलने की घोषणा की थी। एचएसबीसी इंडिया बुधवार को भारत में फुटबॉल के सहयोग और प्रचार के लिए अर्जेंटीना की टीम का आधिकारिक साझेदार बन गया। उसने घोषणा की कि मैच अक्टूबर में आयोजित किए जाएंगे।

## वीएस अकादमी ने लेगसी को 6 विकेट से हराया



**भोपाल।** विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी में तत्वाधान में गौतम नगर में चल रहे तृतीय विधायक कप टूर्नामेंट में बुधवार को वीएस क्रिकेट अकादमी और लेगसी क्रिकेट अकादमी के बीच खेल गया। लेगसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 160 रन बनाए। इनमें ओजस राजपूत ने 42 रन बनाए। वहीं, अभिनव चांगरानी ने 3 विकेट लिए और कबीर वंश और गामिनी ने 1-1 विकेट लिए। विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने 4 विकेट खोकर बड़ी आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें क्षितिज उपासे ने 43, कबीर ने 38 और शौर्य राजपूत ने 34 रन बनाए। अभिनव चांगरानी को शानदार गेंदबाजी करने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## महिला अंडर 23 की मप्र की टीम बनी उप विजेता, मुंबई ने जीता फाइनल

सौम्या का अर्ध शतक हुआ बेकार, गिरते रहे दूसरे छोर पर विकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

शीर्ष वरीयता बीसीसीआई द्वारा आयोजित महिला अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मुकाबला आज एसीए क्रिकेट अकादमी ग्राउंड गुवाहाटी पर मध्य प्रदेश व मुंबई के मध्य खेला गया।

टॉस जीतकर मुंबई ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 46.1 ओवर में 219 रन बनाए। जिसमे इरा जाधव 33, मानसी 33, सिमरन शेख 32 और ययाति ने 25 रन बनाए। वहीं मध्य प्रदेश की गेंदबाज संस्कृति गुप्ता ने 3, सूची उपाध्याय, वैष्णवी शर्मा ने 2-2 और अनुष्का ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मप्र की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अनुष्का शर्मा के 6 रन पर जल्दी विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आई सौम्या तिवारी ने कप्तानी पारी खेली और 8 चौकों की मदद से नाबाद 59 बनाए। जबकि दूसरे छोर पर मप्र की टीम के लगातार विकेट गिरते चले गए। इनमें श्रेया दीक्षित ने 13, वैष्णवी शर्मा ने 9 और संस्कृति गुप्ता ने 7 रन बनाए। मध्य प्रदेश की ओर से बल्लेबाजी में सौम्या के साथ कोई भी खिलाड़ी अच्छी पार्टनरशिप नहीं कर सकी और लगातार अंतराल से विकेट गिरते चले गए। अंततः मुंबई ने यह मैच 113 रन से जीत लिया।



कीवियों ने आखिरी टी20 मैच में आठ विकेट से दर्ज की जीत

## न्यूजीलैंड ने 4-1 से जीती सीरीज, पाकिस्तान की घर में हुई किरकिरी

एजेंसी ▶▶| वेलिंग्टन

चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पाकिस्तान को एक बार फिर करारी हार का सामना करना पड़ा है। बुधवार को न्यूजीलैंड ने उन्हें आखिरी टी20 मैच में आठ विकेट से हराकर 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली।

वेलिंग्टन में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 128 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में दो विकेट गंवाकर 131 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।




### सेफर्ट ने दिलाई टीम को जीत

129 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत शानदार हुई थी। पहले विकेट के लिए टिम सेफर्ट और फिन एलन के बीच 93 रनों की साझेदारी हुई। सुफियान मुकीम ने दाएं हाथ के बल्लेबाज एलन को बोल्ड किया। वह 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, टिम सेफर्ट ने 38 गेंदों में 97 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। उनके अलावा मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल ने क्रमशः तीन और दो* रन बनाए। पाकिस्तान के लिए सुफियान ने दो विकेट लिए जबकि बाकी गेंदबाजों के हाथ खाली रहे।

### नीशम ने बरपाया कहर

इससे पहले पाकिस्तान की टीम एक बार फिर बल्ले से प्रभावित करने में नाकाम रही। उनकी तरफ से कप्तान सलमान आगा ने 39 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली जबकि शादाब खान ने 28 रन बनाए। वहीं, पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पाकिस्तान के हसन नवाज, सुफियान मुकीम और मोहम्मद अली खाता भी नहीं खोल सके। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस 11 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। कीवियों के लिए जेम्स नीशम ने सर्वाधिक पांच विकेट चटकाए जबकि जैकब डफी को दो सफलताएं मिलीं। वहीं, बेन सियर्स और ईश सोढी को एक-एक विकेट मिला।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, दो बाइक के आपस में टकराने की आशंका

- छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित रासलाखेड़ी पुलिया के पास हुआ हादसा
- सड़क पर बाइक से कुछ दूरी पर गड्ढे में पड़ा मिला घायल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित रासलाखेड़ी पुलिया के पास सड़क किनारे बाइक और बाइक से कुछ दूरी पर घायल युवक मिला। उसे एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से पुलिस ने दो बाइक बरामद की थी।

अनुमान है कि बाइक आपस में टकराई है। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों बाइक सवारों को कोई तीसरा वाहन टक्कर मारकर गया है। हालांकि दूसरे बाइक पर सवार घायल का कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सुंदर पात्रे पिता सितंबर पात्रे (21) आगरा, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। गांव इमलिया में उसके रिश्तेदारी में शादी थी और वह शादी में परिवार के साथ शामिल होने आया था। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे सुंदर को कुछ लोगों ने रासलाखेड़ी पुलिया के पास सड़क किनारे गड्ढे में पड़ा देखा था। पास ही एक बाइक पड़ी थी। बाइक से कुछ दूरी पर एक अन्य बाइक भी पड़ी हुई थी। घायल सुंदर को एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

### तबीयत बिगड़ने से युवक की मौत

इधर, कैंची छोला में रहने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। एकाएक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। एएसआई दीपक खंडेलवाल ने बताया कि चुन्नीलाल पिता मुन्नालाल (39) कैंची छोला में रहता था और मजदूरी करता था।

## पत्नी से कहासुनी के बाद पति ने जहरीला पदार्थ पीकर दी जान

- मृत्युपूर्व बयान में कहा, घर खर्च और कमाई को लेकर होता था विवाद

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित नवाब कॉलोनी में एक युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। बीती पांच मार्च को उसने जहरीला पदार्थ पीया था। इससे बाद से ही उनका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। मंगलवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृत्युपूर्व बयान में उसने पत्नी से कमाई को लेकर होने वाले विवाद के बाद जहर खाने की बात बताई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से ग्राम पडरिया जागीर थाना नटेरन जिला विदिशा निवासी अरमान पुत्र आकिब (32) सेंटिंग लगाने का काम करता था। वह यहां नवाब कॉलोनी में अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण अक्सर पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। विगत पांच मार्च को भी उनके बीच विवाद हुआ। पत्नी का कहना है कि घर खर्च के लिए पैसे कम पड़ते हैं। अपनी कमाई को बढ़ाओ, ताकि घर खर्च अच्छी तरह चल सके। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और कुछ देर बाद अरमान ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पत्नी ने पड़ोसियों की मदद से उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था। करीब 20 दिन चले इलाज के बाद मंगलवार को उसकी मौत हो गई।

## जय प्रकाश अस्पताल के कर्मचारी ने लगाई फांसी

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित शर्मा कॉलोनी में रहने वाले जय प्रकाश अस्पताल के कर्मचारी ने फांसी लगा ली। उनकी लाश फांसी के फंदे पर बेटे ने लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पिता की मौत से दुखी बेटा भी बयान नहीं दे सका। हालांकि यह बात जरूर सामने आई है कि उनकी पत्नी का एक साल पूर्व कैंसर से निधन हो गया था। इसके बाद से ही वह दुखी रहने लगे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 58 साल के राकेश खरे शर्मा कॉलोनी, निशातपुरा में अपने बेटे के साथ रहते थे। वे जय प्रकाश अस्पताल में पैथोलॉजी लैब में नौकरी करते थे। उनका बेटे ने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह वह पानी लेने गया था। पानी लेकर घर पहुंचा तो पिता की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी। उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद राकेश का शव पीएम के लिए भेज दिया।

### कैंसर के इलाज में हो गए थे 15 लाख खर्च

राकेश खरे के परिचितों ने बताया कि राकेश की पत्नी का एक साल पहले ही कैंसर से निधन हुआ है। वे प्राइवेट अस्पताल में पत्नी का इलाज करा चुके थे। एक ऑपरेशन भी करा चुके थे। पत्नी के इलाज में करीब पंद्रह लाख रुपए खर्च होने के बाद भी पत्नी की जान नहीं बची। पत्नी की मौत के बाद से वह तनाव में रहने लगे थे। अनुमान है कि पत्नी की मौत से दुखी होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

## घर के बाहर शराब पीने से रोकने पर बदमाशों ने मचाया उत्पात

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमराई में दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमराई में आधा दर्जन बदमाशों ने व्यापारी के घर में घुस कर कांच तोड़ दिए। इतना ही नहीं उन्होंने उनकी कार में भी तोड़फोड़ की है।

दरअसल, बदमाश उनके घर के बाहर खड़े होकर शराब पीते थे। व्यापारी ने इसका विरोध किया तो वह भड़क गए और हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार 31 साल के दीपक नायर, अमराई में रहते है और टैंट समेत केटरिंग का काम करते हैं। इसके अलावा भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक भी है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 24 और 25 मार्च की रात को करीब साढ़े 12 बजे इलाके में रहने वाले आधा दर्जन बदमाश डंडे लेकर पहुंचे। आरोपियों ने घर से कुछ दूरी पर खड़ी उनकी कार में तोड़फोड़ की और घर के लगे चैनल गेट से घर के कांच भी तोड़ दिए। घटना के बाद से ही उनका पूरा परिवार दहशत में है।

### आधा दर्जन बदमाशों ने मचाया उत्पात, चार बाइक व एक कार में तोड़फोड़

- रील बनाने टार्च मांगी, शराब के लिए की अड़ीबाजी ट्रैफिक बाउंसरों पर किया पथराव



निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पीपल चौराहा पर देर रात आधा दर्जन बदमाशों ने जमकर जमकर उत्पात किया। बदमाशों ने पहले मेट्रो निर्माण कार्य में लगे दो ट्रैफिक बाउंसर पर पत्थर से हमला कर दिया। इसके बाद घरों के बाहर खड़ी 4 बाइक, 1 कार में तोड़फोड़ कर दी। घरों पर भी पथराव किया। इससे मकानों की खिड़कियों के कांच टूटे हैं। इस पथराव में एक युवती भी घायल हुई है। पुलिस ने उतद्रव की सूचना मिलने पर रात ही घेराबंदी कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उनके साथियों की तलाश की जा रही है। उत्पात करते आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए है। जानकारी के अनुसार गोया कॉलोनी निवासी दीपक पाल मेट्रो निर्माण एजेंसी में ट्रैफिक बाउंसर हैं। उनकी ड्यूटी पीपल चौराहे के पास है। रात करीब ढाई बजे 6-7 बदमाशों का ग्रुप उनके पास पहुंचे। उनसे वीडियो बनाने के लिए टार्च मांगी। जिसे उन्होंने दे दिया। बदमाशों ने आपस में वीडियो बनाया। इसके बाद दीपक पाल से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। दीपक ने पैसा देने से इंकार कर दिया। तभी एक बदमाश ने उनके सिर पर टार्च मार दी। यह देख उनका सहयोगी अभिषेक बीच-बीच बचाव करने पहुंचा। वह बदमाशों से उन्हें छुड़ाने लगा। तभी एक बदमाश ने पास में ही पड़ा पत्थर उठाकर उसके सिर में मार दिया। अभिषेक को गंभीर चोट आई है। उनका इलाज चल रहा है।

### पथराव से युवती हुई घायल

बदमाश मेट्रो कर्मचारियों पर हमला करने के बाद पीपल चौराहा के पास घरों के बाहर खड़ी चार बाइक और कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। जो भी वाहन उन्हें दिखे सभी में पत्थर-डंडे से तोड़फोड़ करते रहे। तोड़फोड़ की शोर सुनकर रहवासियों ने पुलिस को सूचना दी। तब तक आरोपी भाग खड़े हुए। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कराई। देर रात ही पुलिस ने लक्की कुशवाह, गौरव सोनगरा, राज यादव को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उनके तीन-चार साथी फरार हैं।

## अभिजीत के लिए छोड़ा नोट, जैसा चाहते थे वैसा हो गया

## रिचा के मोबाइल से मिले सुसाइड नोट में पति अभिजीत को बताया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- रिचा सुसाइड केस में पति अभिजीत की रिमांड की मांग को खारिज करते हुए कोर्ट ने भेजा न्यायिक हिरासत में

शाहपुरा थाना क्षेत्र के डॉ. रिचा सुसाइड केस में पुलिस ने उसके पति अभिजीत पांडे को मंगलवार को कोर्ट में पेश कर दिया है। बुधवार को उसकी गिरफ्तार की गई, जिसके बाद उसे बुधवार को ही दिन में कोर्ट में पेश कर दिया गया। पुलिस ने मामले में पूछताछ के लिए कोर्ट से अभिजीत की दो दिन की रिमांड की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने रिमांड की मांग को खारिज करते हुए अभिजीत को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस को रिचा के मोबाइल फोन से सुसाइड नोट मिले है। जिसमें उसने अभिजीत को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। उसने अभिजीत के लिए सुसाइड नोट छोड़ा है] जिसमें उसने उसके दूसरे अफेयर होने की बात कही है और कहा कि जैसा आप चाहते थे वैसा हो रहा है। वहीं उसने अपने माता पिता के लिए भी सुसाइड नोट छोड़ा जिसमें उसने लिखा है कि लव यू मम्मी पापा अपना ध्यान रखना। इस मामले में पुलिस इन्हीं सबूतों के आधार पर अभिजीत के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के तहत मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार किया। इसके अलावा रिचा के मोबाइल फोन से एक चैट भी मिली है जिसमें अभिजीत और रचा दोनों की लड़ाई हो रही है।



### डॉक्टर के परिजनों ने लगाए थे आरोप

रिचा के फोन से मिले एक नोट को लेकर पुलिस का कहना है कि मौत से पहले उसने एक नोट कागज पर लिखा था जिसकी फोटो रिचा ने मोबाइल से खिंची और उसका पासवर्ड अपने भाई को भेज दिया। वो नोट पुलिस को मोबाइल में तो मिला, लेकिन जिस कागज पर वो नोट लिखा गया था, वो अब तक पुलिस को नहीं मिला है। जिन परिस्थितियों में रिचा की मौत हुई है उसे लेकर रिचा का परिवार इसे हत्या बता रहा था परिवार का अभी कहना है कि वो पीएम रिपोर्ट और बिसरा रिपोर्ट का इंतजार कर रहे है, क्योंकि अगर ऋचा ने इंजेक्शन से आत्महत्या की है तो शॉर्ट पीएम में सस्पेक्टेड पॉयजन कैसे आया।

## शालाओं में नामांकन दर को बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधियों की लें मदद

- स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) को सुदृढ़ करने की जरूरत है। इसके लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाए। शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से निरंतर अपडेट रखा जाए। एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की नामांकन दर को बढ़ाने के लिए जन-प्रतिनिधियों सहित समाज के सभी वर्गों का सहयोग लिया जाए। यह बात स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कही।

स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में नई शिक्षा नीति-2020 की टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। बैठक में टास्क फोर्स के सदस्यों ने विभिन्न विषयों से जुड़े सुझाव दिए। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक कार्य से लगे शिक्षकों पर प्रशासनिक कार्यों का भार कम किया जाए। शिक्षक शालाओं में उपलब्ध संसाधनों का शत-प्रतिशत उपयोग करें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूलों में विद्यार्थियों की नामांकन दर को बढ़ाने के लिए प्राध्यापकों को जिम्मेदारी दी गई है। वे उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) देने के बाद उनके पुनः प्रवेश की प्रक्रिया को भी सुनिश्चित करेंगे। शिक्षा विभाग का मैदानी अमला शालावार इसकी समीक्षा करना सुनिश्चित करे। बैठक में विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर योग की शिक्षा देने का भी सुझाव दिया गया। टास्क फोर्स समिति की बैठक में अध्यक्ष प्रदेश एवं शुल्क विनियामक समिति रवीन्द्र कान्हेरे, हिन्दी ग्रंथ अकादमी के निदेशक अशोक कड़ैल आदि मौजूद रहे।

## धान उपार्जन में घपले की जांच के लिए उच्च जांच दल होगा गठित

**भोपाल**। धान उपार्जन में करोड़ों रुपए के घपले के खुलासे के बाद राज्य सरकार ने शिकायतों की जांच के लिए जांच दल गठित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तथा अन्तर जिला, जिले में उपार्जन केन्द्रों से दी गई धान के सत्यापन एवं अन्य शिकायतों की जांच के लिए जांच दल गठित कर कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर्स को दिए गए हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि 7 दिन में जांच कराएं। जांच दल के अध्यक्ष कलेक्टर की ओर से नामांकित अपर, संयुक्त, डिप्टी कलेक्टर होंगे। जिला आपूर्ति नियंत्रक, खाद्य अधिकारी संयोजक होंगे। उप, सहायक आयुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक जिला प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन और जिला प्रबंधक मप्र वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन सदस्य होंगे।

## रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर वारदात

## डॉक्टर के गले से चेन झपटी ऑटो में बैठकर भागे बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने चाय पी रहे डॉक्टर के गले से बदमाश सोने की चेन झपट ली। डॉक्टर कुछ समझ पाते इससे पहले ही बदमाश पहले से स्टार्ट खड़े ऑटो में बैठकर भाग निकला। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ऑटो के नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। ऑटो नंबर से मालिक से संपर्क हो चुका है। अब पुलिस ऑटो ड्राइवर और लुटेरे तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

पुलिस के अनुसार डॉक्टर आदित्य चिरायु मेडिकल कालेज से एमबीबीएस करने के बाद वहीं नौकरी कर रहे हैं। वे कैंपस के ब्वायज होस्टल में रहते हैं। रात को वह अपने दोस्त के साथ किसी से मिलने के लिए मिसरोद पहुंचे थे। तड़के करीब पौने 3 बजे डॉक्टर आदित्य लौटते समय रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने रुके और एक दुकान पर नाश्ता करने लगे। नाश्ता करने के बाद वह अपनी गाड़ी के पास जाने लगे, तभी पीछे से आए बदमाश ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली। चेन झपटने के बाद कुछ दूरी पर खड़े ऑटो में बैठकर बदमाश फरार हो गया। डॉक्टर आदित्य ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि ऑटो में बैठकर भागते समय उन्होंने ऑटो का नंबर देख लिया था। पुलिस ऑटो नंबर के आधार पर चालक और बदमाश के खिलाफ लूटपाट का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने ऑटो नंबर के आधार पर उसके मालिक से संपर्क किया तो पता चला कि उसने पांच सौ रुपए प्रतिदिन के हिसाब से ऑटो किराए पर दे रखा है। पुलिस को ऑटो ड्राइवर की जानकारी मिल गई है।

## पातालकोट एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे युवक से मोबाइल झपटा, ट्रेन से गिरकर यात्री घायल

- यात्री ने एक लुटेरे को दबोचा हबीबगंज पुलिस के किया हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और मोबाइल झपटने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। पातालकोट एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक यात्री से मोबाइल झपटने का मामला सामने आया है। इस झपटमारी में यात्री चलती ट्रेन से कूद गया और घायल हो गया।

घायल होने के बाद भी यात्री ने एक बदमाश को दबोचकर हबीबगंज पुलिस के हवाले कर दिया। हबीबगंज पुलिस ने आरोपी को रानी कमलापति जीआरपी को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी दिव्य कौशल झा गत 25 मार्च को ट्रेन पातालकोट एक्सप्रेस के पीछे के जनरल कोच में रेलवे स्टेशन इटारसी से रानी कमलापति स्टेशन आ रहे थे। ट्रेन के रानी कमलापति स्टेशन आने से पहले वह कोच के गेट पर आकर खड़े हो गए। उनका मोबाइल हाथ में था। रेलवे स्टेशन रानी कमलापति आने से पहले गणेश मंदिर के सामने पटरी के पास दो लड़के खड़े थे। उनमें से एक लड़के ने दिव्य कौशल के हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल नीचे गिरा लिया। ट्रेन से नीचे गिरा मोबाइल उसके साथ वाले दूसरे लड़के ने उठा लिया और वहां से भाग निकला। जीआरपी ने बताया कि दिव्य कौशल भी चलती ट्रेन से कूद गए। जिससे उनकी नाक, दाहिने कंधे व दोनों पैरों के घुटनों में गंभीर चोट आई हैं। घायल हालत में ही फरियादी ने पीछा कर गणेश मंदिर के पीछे राहगीरों की मदद से एक लड़के को दबोच लिया। दूसरा लड़का भागने में कामयाब हो गया। फरियादी उस लड़के को पकड़कर हबीबगंज थाने पहुंचा, वहां से हबीबगंज पुलिस ने थाना जीआरपी रानी कमलापति भेज दिया। लुटेरे को जीआरपी रानी कमलापति के हवाले किया गया है।

## प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग रोकने मतपत्र से कराए जाएं चुनावः धनोपिया

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान हमेशा ईवीएम मशीनों के संबंध में तरह-तरह की भ्रान्तियां बनी रहती है। इसलिए आमलोगों की भावना का ध्यान रखते हुए आगामी चुनाव मतपत्र के जरिए कराए जाना चाहिए। धनोपिया चुनाव आयोग द्वारा बुलाई गई बैठक में कांग्रेस की ओर से सुझाव दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि एक-दो उपचुनाव होने पर भी ईवीएम के स्थान पर मतपत्र से कराया जाना चाहिए। धनोपिया ने कहा कि ईवीएम के साथ वीवीपेड मशीन द्वारा मतदान उपरांत निकलने वाली पर्ची की समय सीमा 7 सेकण्ड से बढ़ाकर 10 सेकण्ड की जाए। वीवीपेड की पर्ची को मतदाता की संतुष्टि के लिए मतपेटी रखी जाए, जिसमें मतपर्ची को डाला जाए तथा इवीएम मशीनों के मतों की गिनती उपरांत सभी वीवीपेड की पर्चियों की गिनती की जाए तथा मिलान उपरांत ही चुनाव परिणाम घोषित किए जाएं।

### राजनीतिक दलों की बैठक में चुनाव आयोग के समक्ष कांग्रेस ने रखा अपना पक्ष




आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की सामान्य बैठक बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन भोपाल में बुलाई थी। इसमें सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव संपन्न कराने की रणनीति पर चर्चा की गई। धनोपिया ने कहा कि मतदाता सूची को मतदाता के आधार कार्ड के साथ आवश्यक रूप से जोड़ा जाए तथा मतदान के समय मतदाता का थम्ब इम्प्रेशन लेकर ही उसको मतदान करने की परमीशन दी जाए। इससे फर्जी मतदान को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चुनाव ड्यूटी पर तैनात किया जाता है, जो स्थानीय निवासी होती हैं। ये मतदाताओं को व्यक्तिगत रूप से प्रभावित करती हैं। ये आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सत्ता पक्ष के नेता के पक्ष में कार्य करती हैं, इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चुनाव ड्यूटी में तैनात नहीं किया जाना चाहिए।

## औद्योगिक सुगमता पर बड़ा कदमः प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर हुई बैठक

## केंद्रीय सचिव ने उद्योग प्रतिनिधियों और अधिकारियों संग निवेश एवं नीतिगत सुधारों पर किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार निवेश और औद्योगिक विकास को तेज़ करने के लिए लगातार सुधारों को लागू कर रही है। सरकार ने स्पष्ट किया कि व्यवसायिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। राज्य सरकार डिजिटल समाधान, निवेश प्रोत्साहन और उद्योगों के लिए अनुकूल नीतियों के जरिए मप्र को भारत के अग्रणी औद्योगिक हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

भोपाल में बुधवार को व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल और तेज़ बनाने पर केंद्रित दो उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित हुई। बैठकों में सचिव केन्द्रीय टेक्सटाइल नीलम शमी राव, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह, एमपीआईडीसी के प्रबंध निदेशक चंद्रमौली शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठकों में व्यापारिक नियमों को उद्योग-अनुकूल बनाना, नीतियों को सरल करना और निवेश प्रक्रिया को तेज़ करने के लिए विचार-विमर्श हुआ। इस दिशा में सरकार द्वारा किए गए सुधारों पर विस्तृत चर्चा हुई और उद्योगों की जरूरतों के अनुसार नए उपायों पर सुझाव लिए गए। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए। बैठक के समापन पर एमपीआईडीसी के प्रबंध निदेशक शुक्ला ने उद्योगों से मिले सुझावों को सरकार की आगामी कार्य योजना में शामिल करने का आश्वासन दिया।



### वर्कशॉप की विस्तृत जानकारी दी

प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन सिंह ने वर्कशॉप की विस्तृत जानकारी दी। सचिव, केन्द्रीय टेक्सटाइल राव ने नीति सरलीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। टास्क फोर्स ने व्यापारिक प्रक्रियाओं को आसान बनाने और निवेशकों के लिए बाधाओं को कम करने पर प्रेजेन्टेशन दिए। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की ओर से मप्र में इस दिशा में हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बैठक में उद्योग जगत को हो रही व्यावसायिक दिक्कतों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसके समाधान के लिये सरल नीतियों, डिजिटल प्रक्रियाओं और सिंगल-विंडो सिस्टम को और प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

### उद्योग संघों के साथ खुला संवाद नए सुझावों पर चर्चा

बुधवार को आयोजित दूसरे सत्र में राज्य सरकार और उद्योग संघों के प्रतिनिधियों के बीच खुला संवाद हुआ। यह बैठक एमपीआईडीसी के कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें पीएचडीसीसीआई, फिक्की, लघु उद्योग भारती और सीआईआई सहित विभिन्न उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान टास्क फोर्स की ओर से उद्योगों की प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए पहचाने गए 23 प्रमुख बिंदुओं पर उद्योग प्रतिनिधियों से सुझाव मांगे गए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930